ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.com

04 सितंबर, 2022
भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, अष्टमी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
रविवार, वर्ष 07, अंक 315

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही


जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में मौलवी गिरफ्तार, पाक आंतकी संगठन को भेजता था खुफिया जानकारी






आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
187200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel | Subscribe NOW | 1st Channel



## मास्टर स्ट्रोक : एक-एक कर अपने चुनावी वायदों को पूरा कर लोकप्रिय हो रहे सीएम

# झारखंड की सियासी बिसात पर फिलहाल बढ़त हेमंत को

**झारखंड में राजनीतिक उथल-पुथल एक सप्ताह से अधिक समय से जारी है। इस दौरान कई घटनाएं हुईं और हरेक संभावना की डोर तलाशी गयी। लेकिन यदि यह पूछा जाये कि इस सियासी बिसात पर किसकी स्थिति मजबूत है, तो उसका एकमात्र जवाब होगा, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की। 31 जुलाई को हावड़ा में तीन विधायकों की गिरफ्तारी के बाद से उन्होंने एक सधे हुए राजनेता की तरह एक-एक कदम बढ़ाया है। एक-एक कर उन्होंने उन चुनावी वादों को पूरा करने की घोषणा की है, जिनके कारण उनकी पार्टी को 2019 में सत्ता हासिल हुई थी। इसी बीच अपनी विधानसभा सदस्यता पर मंडराते खतरे के बीच विधानसभा का विशेष सत्र आहूत करना उनकी ऐसी सधी हुई चाल बतायी जा रही है, जिससे भाजपा सकते हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि सदस्यता पर संकट के बीच विधानसभा सत्र बुला कर हेमंत सोरेन ने ऐसा दांव खेला है, जिससे भाजपा परेशानी बढ़ सकती है। इससे आनेवाले दिनों में सीधा फायदा सत्तारूढ़ गठबंधन को होगा। माना जा रहा है कि विशेष सत्र के दौरान सरकार 1932 का खतियान आधारित स्थानीय नीति लागू करने, ओबीसी आरक्षण का प्रतिशत बढ़ाने और स्थानीयता पर भी फैसले ले सकती है। पुरानी पेंशन योजना लागू करने और नेतरहाट फील्ड फायरिंग रेंज को रद्द करना और पुलिसकर्मियों का क्षतिपूर्ति अवकाश फिर से लागू करना भी हेमंत सोरेन के बड़े फैसलों में गिना जा रहा है। इसलिए भाजपा फिलहाल पसोपेश में है और हेमंत सोरेन की सदस्यता के मुद्दे पर अब कुछ भी कहने से बच रही है। सच तो यह है कि पहले बार-बार अगस्त पार नहीं होने का दावा करनेवाले नेता भी यह कहने की स्थिति में नहीं है कि राज्यपाल कब तक अपना निर्णय सुनायेंगे। इतना ही नहीं, भाजपा पर यह खतरा भी मंडरा रहा है कि झारखंड में राजनीतिक अस्थिरता पैदा करने की कोशिश का ठीकरा भी उसके माथे पर ही फूटेगा। इसलिए झारखंड की सियासी बिसात अब और अधिक रोमांचक और रोचक हो गयी है। इन तमाम परिस्थितियों का विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राहुल सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष


राहुल सिंह

भारतीय राजनीति की प्रयोगशाला के रूप में चर्चित झारखंड इन दिनों एक ऐसे कश्मकश से गुजर रहा है, जिसकी कल्पना तो की गयी थी, लेकिन किसी को उम्मीद नहीं थी कि यह इतना लंबा खिंचेगा। लेकिन चुनाव आयोग की तरफ से 25 अगस्त को सीएम हेमंत सोरेन की विधानसभा सदस्यता पर राज्यपाल को भेजे गये एक पत्र पर जारी सस्पेंस ने इस उथल-पुथल को रोमांचक दौर में पहुंचा दिया है। इस सियासी बिसात पर अब सबसे अधिक चर्चा भाजपा के उन नेताओं की हो रही है, जिन्होंने भविष्यवाणी की थी कि अगस्त पार नहीं होगा। इस बिसात की मौजूदा स्थिति के बारे में एक बात निश्चित तौर पर कही जा सकती है कि हेमंत सोरेन ने राजनीतिक रूप से फिलहाल भाजपा को मात दी है। उनका हर कदम भाजपा की रणनीति को कमजोर कर रहा है और अब तक भाजपा के नेता इस मामले पर अपनी ओर से टिप्पणी करने से भी बच रहे हैं।

सियासत के शह-मात के इस खेल में सीएम हेमंत सोरेन भी एक मंजे हुए राजनेता की तरह अपने कदम बढ़ा रहे हैं और उससे पहले भरपूर तैयारी करते हुए दिख रहे हैं। इसलिए कहा जा सकता है राज्य में फिलहाल भाजपा की रणनीति बिहार की तरह बिखरती हुई नजर आ रही है। इसका सबसे बड़ा कारण ये है कि हेमंत सोरेन ने जैसे को तैसा का रुख अख्तियार किया है। उन्होंने भाजपा को उसी की भाषा में जवाब दिया है। भाजपा ने महाराष्ट्र और कर्नाटक में जो किया, हेमंत सोरेन झारखंड में ठीक वही सब कर रहे हैं। इसलिए उनकी पार्टी कह रही है कि महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे भाजपा की चाल को भांप नहीं पाये, लेकिन हेमंत सोरेन ने समय रहते इसे पकड़ लिया। यही कारण है कि इन्होंने यूपीए के विधायकों को अपने राज्य से बाहर रिसॉर्ट में शिफ्ट कर दिया, जहां ये सीधे इनके नियंत्रण में हैं।

**5 सितंबर का विशेष सत्र हेमंत के लिए मील का पत्थर साबित होगा**



हेमंत की मजबूत स्थिति का दूसरा बड़ा कारण यह है कि दलीय अंकगणित पूरी तरह उनके पक्ष में है। भाजपा के शुरुआती झटके से हेमंत सोरेन थोड़े घबराये जरूर थे, लेकिन अब वह पूरी तरह आश्वस्त दिख रहे हैं। पिछले एक सप्ताह में उन्होंने जो निर्णय लिया है, इससे स्पष्ट है कि वह पूरी तरह आश्वस्त हैं कि उनके पास नंबर है और वह अपनी कुर्सी बचा लेंगे। यही नहीं एक-एक कर अपने चुनावी वायदों को पूरा कर वह अगले चुनाव की तैयारी भी कर रहे हैं।

दूसरी तरफ जहां तक भाजपा की बात है, तो फिलहाल उसके पास 'वेट एंड वाच' के अलावा कोई विकल्प नहीं बच गया है। सत्तारूढ़ गठबंधन को तोड़ने और सरकार बनाने की उसकी रणनीति अब पूरी तरह फेल होती नजर आ रही है। अब भाजपा यदि सत्तारूढ़ विधायकों को तोड़ती है, तो इसका खामियाजा पार्टी को 2024 के लोकसभा चुनाव में उठाना पड़ सकता है। अब उसके पास एक ही विकल्प बचता है और वह है धारा 356, यानी राष्ट्रपति शासन। लेकिन यह फैसला इतना आसान नहीं है। एक पूर्ण बहुमत की सरकार को बरखास्त कर देना भाजपा के माथे पर ऐसा कलंक लगायेगा कि वह कहीं मुंह दिखाने लायक नहीं बचेगी।

### हेमंत के फैसले बता रहे कि वह चुनाव के लिए भी तैयार हैं

इस बीच इस बात की भी चर्चा हो रही है कि झारखंड में राष्ट्रपति शासन लागू हो सकता है। हेमंत सोरेन यहां भी भाजपा को पटखनी देने की तैयारी कर रहे हैं। यही कारण है कि अपने चुनावी घोषणापत्र में किये गये लगभग सारे वादों को हेमंत सोरेन चुनाव से दो साल पहले लागू कर चुके हैं। इनमें तमाम अवरोधों के बावजूद राज्य में पुरानी पेंशन योजना को लागू करना, पंचायत सचिव की नयी बहाली को रद्द कर पुराने को जारी रखना, नेतरहाट फील्ड फायरिंग रेंज के विस्तारीकरण के प्रस्ताव को रद्द करना, पत्थलगड़ी समर्थकों के खिलाफ गुमला में दर्ज केस को वापस लेने का फैसला और चतुर्थवर्गीय कर्मचारी, सिपाही और पुलिसकर्मियों के क्षतिपूर्ति अवकाश को फिर से बहाल करना शामिल है। इसके अलावा पारा शिक्षकों और सहायक पुलिसकर्मियों के हित में भी हेमंत सरकार ने जो फैसले लिये हैं, वे चुनावी अखाड़े में उन्हें ताकत देंगे। इतना ही नहीं, 5 सितंबर के विशेष सत्र में यदि वह पिछड़ों के लिए आरक्षण, नियोजन नीति और सरना धर्मकोड जैसे संवेदनशील मुद्दों पर भी फैसला ले लेते हैं, तो यह उनकी स्थिति को और मजबूत कर देगा।

वैसे पिछले 33 महीने के शासनकाल में हेमंत ने कभी कोई ऐसा फैसला नहीं किया, जिससे उनकी स्थिति कमजोर हो। वह जानते हैं कि उनका एक गलत कदम उन्हें भाजपा के सामने कमजोर कर देगा। इसलिए वह अपना हर फैसला अच्छी तरह ठोक-बजा कर ले रहे हैं। अनावश्यक टीका-टिप्पणियों पर वह ध्यान भी नहीं देते और न राजनीतिक रूप से कोई कमजोर कदम ही उठाते हैं। हार्वर्ड से लेकर हाट गम्हरिया तक अपने संबोधनों में उन्होंने केवल झारखंड की बात की है। इसलिए फिलहाल वह आगे दिखाई दे रहे हैं।

---

# महादलितों के घर को उजाड़ने वालों पर हो मुकदमा, मिले कड़ी सजा : दीपक प्रकाश

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने राज्य सरकार से पलामू जिले के मुरूमातू गांव मामले में सख्ती दिखाने की मांग की है। पार्टी कार्यालय में आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने कहा कि पलामू के पांडू ब्लॉक के मुरुमातू में हुई घटना राज्य के माथे पर कलंक है। वहां 50 महादलित परिवारों को मुसलिम समुदाय के लोगों ने जबरन घर खाली करा दिया। 179 वर्षों से महादलितों के पूर्वज उस जमीन पर रहते आ रहे थे। उनके बच्चों को उठा कर छतरपुर के घने जंगलों में फेंक दिया गया। इसके बाद जब महादलित परिवारों के लोग बच्चों की खोज करने गये तो उनके घरों को रातों रात जेसीबी लगा कर ध्वस्त कर दिया गया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि स्थानीय कांग्रेसी नेता और मुखिया इबरार अहमद इस घटनाकांड का प्रमुख है। फिलहाल प्रभावित परिवार एक पुराने थाना भवन के एक छोटे से कमरे में किसी तरह रह रहे हैं। आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े इन परिवारों के लिए रोजगार की विशेष व्यवस्था भी की जाये। जिला प्रशासन महादलित परिवारों का नया आधार कार्ड पांडू की बजाय नये पते के साथ कर रहा है। यह फर्जीवाड़ा है। इसे सरकार रोके, उसकी मंशा ठीक नहीं। लोगों में कानून व्यवस्था को लेकर भय है। विधानसभा सत्र की तैयारियों पर दीपक ने कहा कि 5 सितंबर को होनेवाले विशेष सत्र के संबंध में 4 सितंबर को भाजपा विधायकों की बैठक पार्टी कार्यालय में होगी। राय मशविरा के बाद पार्टी किसी एक निर्णय पर पहुंचेगी। यह सरकार हड़बड़ी में है। सत्र के लिए नोटिफिकेशन में लिखा है कि विश्वास मत पर विशेष सत्र आयोजित है। राज्य में सुखाड़ पर किसान हलकान हैं, अकाल की परिस्थिति पैदा हो चुकी है। कानून व्यवस्था पस्त है। पर सरकार रायपुर में मौज मस्ती कर रही है। सेंट्रल एजेंसी जांच करे कि मौज मस्ती कराने वाला कोई कोयला माफिया, शराब माफिया तो नहीं है।

# देवघर डीसी के खिलाफ दिल्ली पुलिस ने किया मामला दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** देवघर डीसी मंजूनाथ भजंत्री के खिलाफ दिल्ली पुलिस ने मामला दर्ज किया है। इस बात की जानकारी गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने ट्वीट करके दी है। निशिकांत दुबे ने अपने ट्वीट में लिखा है कि यह देश कानून से चलता है। देवघर डीसी के खिलाफ दिल्ली पुलिस ने धारा 124, 353, 120बी, 441, 448, 201, 506 और ऑफिसियल सेक्रेटर एक्ट की धारा 2/2 के तहत एफआइआर दर्ज किया है।

### एटीसी बिल्डिंग में बिना अनुमति प्रवेश पर एफआइआर करने का पत्र भेजा है

इससे पहले सांसद निशिकांत दुबे ने ट्वीट करते हुए कहा है कि एसपी देवघर मैंने डीसी देवघर के खिलाफ देशद्रोह, आपराधिक, जान से मारने का कृत्य, चेयरमैन देवघर एयरपोर्ट के नाते मेरे काम में बाधा, एयरपोर्ट डायरेक्टर की अनुमति के बिना सिक्योरिटी एरिया में जाना, एटीसी बिल्डिंग में बिना अनुमति प्रवेश पर एफआइआर करने का पत्र भेजा है।

### निर्वाचन आयोग देवघर डीसी मंजूनाथ भजंत्री पर ले सकता है बड़ा फैसला

**रांची।** झारखंड में इडी, सीबीआई के साथ-साथ निर्वाचन आयोग की भी चर्चा जोरों पर है। सीएम हेमंत सोरेन के खनन मामले पर निर्वाचन आयोग ने सुनवाई पूरी कर ली है। सुनवाई के बाद अपना फैसला राज्यपाल को भी भेज दिया है। अब राज्यपाल को आगे की कार्रवाई करनी है। जो एक-दो दिनों में होने की संभावना है। इधर निर्वाचन आयोग देवघर डीसी मंजूनाथ भजंत्री पर भी कोई बड़ा फैसला ले सकता है। दरअसल छह दिसंबर 2021 को निर्वाचन आयोग की तरफ से राज्य के मुख्य सचिव को देवघर डीसी को उपायुक्त के पद से हटाने और दोबारा कभी भी निर्वाचन के काम में ड्यूटी ना देने का निर्देश दिया था।

## मुख्यमंत्री ने जेएसएससी को दिया निर्देश

# हाइस्कूल शिक्षक नियुक्ति परीक्षा 2016: बनेगी नयी मेरिट लिस्ट

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड में हाइस्कूल शिक्षक नियुक्ति परीक्षा 2016 को लेकर नयी मैरिट लिस्ट बनाने का निर्देश झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) को दिया है। इसे लेकर प्रोजेक्ट भवन में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के अध्यक्ष सुधीर त्रिपाठी और अन्य पदाधिकारियों के साथ बैठक की है। बैठक में बीते दिनों हुए उच्चतम न्यायालय के फैसले के अनुरूप राज्य स्तरीय मेरिट लिस्ट बना कर जल्द से जल्द रिक्तियों को भरने का निर्देश मुख्यमंत्री ने दिया है। सूत्रों के मुताबिक बैठक में सभी विषयों में करीब 9000 के करीब पदों को भरा जायेगा। मुख्यमंत्री ने जेएसएससी के अध्यक्ष को निर्देश दिया कि शीघ्र मेरिट लिस्ट प्रकाशित कर अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग प्रारंभ करें।

### उच्चतम न्यायालय ने झारखंड हाइकोर्ट के फैसले को सही ठहराया था

बता दें कि बीते 2 अगस्त को उच्चतम न्यायालय ने झारखंड हाइकोर्ट के उस फैसले को सही ठहराया था, जिसमें हाइकोर्ट ने राज्य सरकार की 2016 की नियोजन नीति को असंवैधानिक ठहराते हुए रद्द कर दिया था। शीर्ष अदालत ने राज्य स्तर पर कॉमन मेरिट लिस्ट बनाने का निर्देश दिया था। 2016 की नियोजन नीति के तहत झारखंड के 13 अनुसूचित जिलों के सभी तृतीय और चतुर्थवर्गीय पदों को उसी जिले के स्थानीय निवासियों के लिए आरक्षित किया गया था, वहीं गैर अनुसूचित जिले में बाहरी अभ्यर्थियों को भी आवेदन करने की छूट दी गयी थी। नीति के तहत 2016 में अनुसूचित जिलों में 8,423 और गैर अनुसूचित जिलों में 9149 पदों पर (कुल 17572 शिक्षक) नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू हुई थी। कई जिलों में नियुक्ति पूरी हो गयी थी। वही, कई विषयों में अभी नियुक्ति होनी बाकी थी। उच्चतम न्यायालय ने निर्देश दिया है, जिनकी नियुक्ति हो गयी है, उनके रिजल्ट के साथ कोई छेड़छाड़ नहीं की जायेगी, लेकिन जिन अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्रों की जांच हो चुकी है, लेकिन नियुक्ति नहीं हो पायी है, उनकी एक नयी मेरिट लिस्ट बनायी जायेगी।

---

## पांडू में पीड़ित मुशहर परिवार से मिलने आये एससी- एसटी आयोग के अरुण हलधर और पूर्व मंत्री अमर कुमार बाउरी

# कानून को हाथ में लेने का किसी को अधिकार नहीं : हलधर

**पुरानी जगह पर होंगे पुनर्स्थापित मुसहर परिवार : बाउरी**

**दस घर के 54 सदस्य रहते थे मुरुमातु में**

मनोज सिंह


पांडू के मुरुमातु में विवादित स्थल का निरीक्षण करते अरुण हलधर और अमर कुमार बाउरी।

**पांडू (आजाद सिपाही)।** पलामू के पांडू के मुरुमातु में शनिवार को एससी- एसटी आयोग के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अरुण हलधर एवं पूर्व मंत्री अमर कुमार बाउरी ने पहुंच कर विवादित स्थल का निरीक्षण किया। वहीं पुराने भवन में रह रहे पीड़ित मुसहर परिवार में मिल कर घटना की पूरी जानकारी ली। इस मौके पर अरुण हलधर ने कहा कि इस देश में कानून को हाथ में लेने का किसी को अधिकार नहीं। मुरुमातु में घटित घटना काफी शर्मनाक है। जिले के आला प्रशासनिक पदाधिकारियों को आरोपी ग्रामीणों ने कैसे भगाया, यह सोचनीय विषय है। एससी - एसटी कमीशन कभी भी गरीब परिवार का शोषण नहीं होने देगा। उन्होंने कहा कि किसी भी वर्ग या जाति के लोग हों उन्हें न्याय मिलना चाहिए।

### मुरुमातु में ही मुसहर परिवार को किया जायेगा स्थापित : बाउरी

झारखंड के पूर्व मंत्री अमर कुमार बाउरी ने कहा कि मुरुमातु में मुसहर परिवार के साथ घटित घटना शर्मशार करनेवाली है। यह घटना किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं है। उन्होंने घटना की जानकारी लेने के बाद कहा कि गरीब और असहाय होने के कारण दबंग समुदायों के लोगों ने इस कमजोर परिवार के घर को ध्वस्त कर बेघर कर दिया और यहां का प्रशासन मूकदर्शक बना रहा। उन्होंने कहा कि तत्काल विस्थापित मुसहर परिवार को पुरानी जगह मुरुमातु में स्थापित कराया जाये और उन्हें अंबेडकर आवास दिया जाये। उनकी सुरक्षा का पूरा ख्याल रखा जाये। उन्होंने कहा कि अगर प्रशासन की ओर से इस पीड़ित मुसहर परिवार को अंबेडकर आवास आवंटित नहीं किया गए, तो हम सभी समाज के लोग मिल कर मुरुमातु में आवास बनायेंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड में अपराध चरम सीमा पर है और झारखंड की सरकार वोट बैंक की राजनीत कर रही है। पूरे झारखंड में अत्याचार बढ़ा है और झारखंड की सरकार रायपुर और जैट बिमान से घूम रही। उन्होंने कहा कि सरकार के दबाव में यहां का जिला प्रशासन पीड़ित मुसहर परिवार को पुराने थाने में रख कर चैन की नींद सो रही है, लेकिन इससे इस मुसहर परिवार को न्याय नहीं मिलने वाला है। उन्होंने कहा कि प्रशासन के लोग मुसहर परिवार का आधार कार्ड बनवा रहे हैं, जिसमें मुरुमातु का स्थायी पता नहीं डाल कर पुराने थाने भवन पांडू का डाला जा रहा है, जो बिल्कुल गलत है।

# सहायक शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया रद्द, फिर से निकलेगा विज्ञापन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में सहायक शिक्षक की नियुक्ति प्रक्रिया को रद्द कर दिया गया। इसके लिए फिर से विज्ञापन जारी किया जायेगा। नये विज्ञापन के आधार पर ही नियुक्ति की जायेगी। इस संबंध में शिक्षा सचिव राजेश कुमार शर्मा ने आदेश जारी कर दिया है। इस आशय का पत्र सभी जिला शिक्षा अधीक्षक को भेज दिया गया है।

**क्या लिखा है आदेश में**

अपने आदेश में शिक्षा सचिव ने लिखा है कि राज्य के प्रारंभिक विद्यालयों में सहायक आचार्य के पद का सृजन संकल्प (संख्या-2102, दिनांक 30.08.2022) द्वारा किया गया है. इसका वेतनमान लेवल-4 (अपु. 5200-20200 ग्रेड पे 2400) है. राज्य के गैर सरकारी सहायता प्राप्त अल्पसंख्यक एवं सामान्य सहायता प्राप्त विद्यालयों में राजकीय प्रारंभिक विद्यालयों के समान वेतनमान लागू है।

**सहायक शिक्षक के पद का नाम सहायक आचार्य**

सचिव ने लिखा है कि राज्य के गैर-सरकारी सहायता प्राप्त अल्पसंख्यक एवं सामान्य सहायता प्राप्त विद्यालयों में, जिनमें नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण हो गयी हो यानी नियुक्ति पत्र निर्गत कर दिया गया हो, को छोड़ कर सभी विद्यालयों में अब सहायक शिक्षक के पद का नाम सहायक आचार्य किया जाता है। इसका वेतनमान लेवल-4 (अपु 5200-20200 ग्रेड पे 2400) होगा।

www.epaper.azadsipahi.com

04 सितंबर, 2022
भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, अष्टमी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
रविवार, वर्ष 07, अंक 315

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही



ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा टी-20 वर्ल्ड कप से भी हुए बाहर

SURJABASHA




## आदिवासी युवती के साथ रेप और हत्या, आरोपी अरमान गिरफ्तार

**दुमका (आजाद सिपाही)।** दुमका में बच्चियों पर अत्याचार की घटना थमने का नाम नहीं ले रही है। संथाल परगना का यह जिला इन दिनों अचानक चर्चा में है। अंकिता की जला कर मार डालने की घटना अभी थमी नहीं कि अरमान ने अपने विषैले इरादों की खातिर एक 15 वर्षीय युवती की हत्या कर दी और शव को पेड़ से लटका दिया। घटना शुक्रवार की है। आरोप है कि युवती के साथ दुष्कर्म हुआ है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही हो पायेगी। पुलिस ने आरोपी अरमान अंसारी को गिरफ्तार कर लिया है। यह घटना दुमका के विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र की है। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। इस घटना की जानकारी जब सार्वजनिक हुई तो भाजपा नेता कपिल मिश्रा ने ट्वीट किया कि झारखंड में एक और आदिवासी बेटी विषैले अरमानों की शिकार हो गयी है। वहीं झारखंड बीजेपी के विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने लिखा है, खबर खून खोला देनेवाली है। एक आदिवासी लड़की के साथ रेप हुआ, फिर हत्या कर दी गयी।

**स्वागत :** पेंशन विजय यात्रा-सह-अभिनंदन समारोह

# झारखंड को देश के अग्रणी राज्यों में खड़ा करेंगे : हेमंत



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि वह दिन दूर नहीं, जब हम सभी लोग मिल कर झारखंड को देश के अग्रणी राज्यों में लाकर खड़ा कर दिखायेंगे। आप सभी लोगों की ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा की बदौलत राज्य सरकार यहां संसाधनों की उपलब्धता बढ़ाने पर बल दे रही है। गुरुजी के आशीर्वाद से हमारी सरकार जनहित में मजबूती के साथ काम कर रही है। मुख्यमंत्री शनिवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय परिसर में नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्किम, झारखंड के बैनर तले सरकारी कर्मचारी संघ द्वारा आयोजित आभार एवं पेंशन विजय यात्रा-सह-अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

### यूनिवर्सल पेंशन लागू करनेवाला झारखंड पहला राज्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में सामाजिक सुरक्षा के तहत पेंशन योजना से जुड़नेवाले पात्र लोगों के लिए यूनिवर्सल पेंशन योजना लागू करने का काम हमारी सरकार ने किया है। झारखंड देश का पहला राज्य है, जहां सर्वजन पेंशन योजना लागू की गयी है। राज्य में कर्मचारी, आम जनता, किसान, मजदूर, चाहे व्यापारी सभी वर्ग के भविष्य की चिंता हमारी सरकार कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में सरकार गठन के बाद ही वैश्विक महामारी कोरोना संक्रमण ने सभी को काफी डराया। सीमित संसाधनों के बावजूद हमारी सरकार ने कोरोना काल में जो कार्य कर दिखाया वो पूरे देश के लिए मिसाल रहा। इसका श्रेय सिर्फ सरकार को ही नहीं बल्कि आप सभी कर्मियों को भी जाता है।

### नियुक्ति में आयी तेजी, प्रमोशन की रुकावटों को दूर किया

हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य में अब सरकारी नियुक्ति में तेजी आयी है। सभी प्रकार की नियुक्ति पारदर्शी तरीके से की जा रही है। नियुक्ति प्रक्रिया में किसी भी प्रकार से भ्रष्टाचार की कोई जगह नहीं है। कई प्रतियोगिता-परीक्षाओं में देखा जा रहा है कि राज्य के बीपीएल परिवार के बच्चों ने भी नियुक्ति पायी है और बड़े अफसर बनने के सपने को पूरा किया है। हमारी सरकार ने पारा शिक्षक, आंगनबाड़ी कर्मी सहित कई वर्गों की समस्याओं को सुलझाने का काम कर दिखाया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के सभी वर्ग-समुदाय के लोगों को हमारी सरकार से काफी अपेक्षाएं हैं। हरेक वर्ग-समुदाय की समस्याओं का निदान करने का कार्य हमारी सरकार कर रही है।

**मुख्यमंत्री का हुआ अभिनंदन :** मौके पर नेशनल मूवमेंट ऑफ पेंशन स्कीम, झारखंड के बैनर तले सरकारी कर्मचारी संघ के लोगों ने मुख्यमंत्री को माला पहनाकर उनका अभिनंदन किया तथा मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया। इसके पहले ये कर्मचारी संघ के लोग गाजे-बाजे के साथ सीएम आवास पहुंचे थे और उन्होंने मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया।

बाबूलाल ने रांची स्मार्ट सिटी का काम रुकवाया, कहा

# पहले पुनर्वास, फिर घरों पर बुलडोजर चलाये प्रशासन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने रांची स्मार्ट सिटी का काम रुकवा दिया है। शुक्रवार को दो आदिवासी परिवारों के घरों को तोड़े जाने के बाद शनिवार को बाबूलाल मरांडी धुर्वा पहुंचे। उन्होंने दोनों परिवार और स्थानीय लोगों से मामले की जानकारी ली। फिर रांची डीसी को फोन कर कहा कि स्मार्ट सिटी के निर्माण में वहां के 17 परिवार विस्थापित होंगे। सरकार पहले उन सभी परिवारों के पुनर्वास की व्यवस्था करे, उसके बाद ही घरों पर बुलडोजर चले। उन्होंने दो एकड़ जमीन में विस्थापित होनेवाले 17 परिवारों का पुनर्वास करने की मांग की।

**सरकार की मंशा बसाने की नहीं, सिर्फ उजाड़ने की :** बाबूलाल ने कहा कि अगर इन परिवारों के पुनर्वास की व्यवस्था नहीं की गयी, तो वह खुद उन परिवारों के साथ धरने पर बैठेंगे। कहा कि राज्य सरकार की मंशा लोगों को बसाने की नही, सिर्फ उजाड़ने की है। शुक्रवार को धुर्वा में आदिवासियों के घर को जिस हिसाब से बुलडोजर में माध्यम से गिराया गया, वह दुर्भाग्यपूर्ण है। बाबूलाल मरांडी के इस कदम की उस क्षेत्र में खूब सराहना हो रही है। उन्होंने कहा कि बरसात के समय में गरीब आदिवासी परिवार के घरों को उजाड़ कर प्रशासन और सरकार ने उन पर अत्याचार ढाया है। बरसात में चिड़िया का भी खोता नहीं उजाड़ा जाता, इंसान के बारे में तो सोचा भी नहीं जा सकता। लोगों का कहना था कि गरीबों का घर उजाड़ते समय प्रशासन का अमानवीय चेहरा सामने आया।

# जब तक पुनर्वास नहीं, तब तक घर ध्वस्त नहीं होगा : हेमंत सोरेन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शनिवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में रांची स्मार्ट सिटी क्षेत्र के मूसा टोली निवासी सुहानी सांगा एवं डेविड आइंद ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री को सुहानी सांगा एवं डेविड आइंद ने रांची प्रशासन द्वारा उनके मूसा टोली स्थित घर को ध्वस्त कर दिये जाने की पूरी जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने पीड़ित परिवार की समस्याओं को संज्ञान में लेते हुए उन्हें तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था उपलब्ध कराये जाने का भरोसा दिया। साथ ही मुख्यमंत्री ने कहा कि मूसा टोली में निवास करने वाले अन्य 25 घरों को फिलहाल ध्वस्त नहीं किया जायेगा, जब तक उन 25 परिवारों के पुनर्वास की व्यवस्था नहीं होती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार किसी भी परिवार के साथ अन्याय नहीं होने देगी।

इस मौके पर पीड़ित परिवार के अन्य सदस्य सहित झारखंड मुक्ति मोर्चा रांची जिला समिति के अध्यक्ष मुस्ताक आलम, सचिव डॉ हेमलाल कुमार मेहता, उपाध्यक्ष अश्विनी शर्मा, कलाम आजाद, सदस्य विनय लिंडा एवं दीपक मुंडा उपस्थित थे।

**नेत्रदान जागरूकता अभियान :** कश्यप मेमोरियल आई बैंक का 37वां राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा

# रन फॉर विजन में दौड़ी रांची

- 20 वर्षों से हो रहा है नेत्रदान जागरूकता अभियान रन फॉर विजन का आयोजन
- झारखंड विधानसभा अध्यक्ष ने नेत्रदान करनेवाले 13 परिवारों को किया सम्मानित





रन फॉर विजन को रवाना करते मुख्य अतिथि स्पीकर रबींद्रनाथ महतो और दौड़ लगाते बच्चे एवं स्पीकर रबींद्र नाथ महतो और शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो का नेत्रदान शपथ पत्र भरवातीं डॉ भारती कश्यप।

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कश्यप मेमोरियल आई बैंक और आई डोनेशन अवेयरनेस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को 37वें राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़े के अंतर्गत रन फॉर विजन का भव्य आयोजन जैप वन के मेला ग्राउंड में किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो एवं विशिष्ट अतिथि शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो द्वारा रंग-बिरंगे बैलून को आसमान में उड़ाते हुए रन फॉर विजन दौड़ की शुरुआत की गयी। कार्यक्रम का स्वागत भाषण आई डोनेशन अवेयरनेस क्लब के अध्यक्ष अनुज सिन्हा द्वारा प्रस्तुत किया गया। नेत्रदान अभियान से जुड़ कर नेत्रदान करनेवाले 13 परिवारों को झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने सम्मानित किया।

### विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने किया सम्मानित

इस अभियान से जुड़ कर नेत्रदान करने वाले बिमला देवी, सौरव राज, अंजय स्याल, गोपी कृष्ण राजगढ़िया, मैना देवी झुनझुनवाला, प्रेम कुमार लोहिया, आलोक शर्मा, प्रेम कुमारी जैन, राज नंदिनी कुमारी, शंभु शरण प्रसाद, बिमला बंका, सुनील जैन, सालीग्राम अग्रवाल को स्पीकर रबींद्रनाथ महतो ने सम्मानित किया। साथ ही पूर्व के वर्षों में नेत्रदान करने वाले परिवार साधना जैन और रश्मि मारू को भी सम्मानित किया गया।

### दोनों भाई राजेश और राहुल पाहन ने अनुभव साझा किये

राहुल पाहन ने बताया कि हम दोनों भाइयों को बचपन से ही कम दिखायी देता था और जैसे-जैसे हमारी उम्र बढ़ती गयी, वैसे-वैसे हमारी नजर और कमजोर होती चली गयी। जब 26 जून 2022 में कश्यप मेमोरियल आई हॉस्पिटल द्वारा खूंटी में कैंप लगाया गया था, तब डॉ निधि गडकर कश्यप ने दोनों भाइयों की आंखों की पुतली का प्रत्यारोपण किया। इसके बाद से अब हम दोनों भाइयों को अब बहुत अच्छा दिख रहा है।

कश्यप मेमोरियल आई बैंक की मेडिकल डायरेक्टर डॉ भारती कश्यप ने बताया कि पिछले 20 वर्षों से लगातार हर वर्ष हम बड़े पैमाने पर नेत्रदान जागरूकता अभियान का आयोजन कर रहे हैं। कई बार हमने ब्लाइंडफोल्डेड मैराथन भी किया है। उन्होंने बताया कि 18 दिन के बच्चे से लेकर 103 वर्ष के लोगों का नेत्रदान कश्यप मेमोरियल आई बैंक में हुआ है। अब तक कश्यप मेमोरियल आई बैंक में 710 प्रत्यारोपण हो चुके हैं। झारखंड में सबसे ज्यादा नेत्र प्रत्यारोपण कश्यप मेमोरियल आई बैंक द्वारा किया गया है। डॉ निधि गडकर कश्यप के नेतृत्व में हमारी नेत्र प्रत्यारोपण विशेषज्ञों की बड़ी टीम है, जो लगातार इस कार्य में लगी हुई है।

झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने कहा कि युवाओं को जागृत कर जिस तरह कश्यप मेमोरियल आई बैंक नेत्रदान का संदेश फैला रहा है, यह नेत्रदान जागरूकता के लिए बढ़ाया गया बहुत बड़ा कदम है।

शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो ने कहा कि कश्यप मेमोरियल आई हॉस्पिटल अपने काम के अलावा सामाजिक सरोकार में काफी बढ़ चढ़कर भाग लेता है, यह बहुत ही प्रशंसनीय बात है। आज मैं अंगदान की वजह से ही आप लोगों के सामने खड़ा हूं और बातें कर रहा हूं। मेरे दोनों फेफड़ों का प्रत्यारोपण किसी की मृत्यु उपरांत अंगदान से ही संभव हो पाया है।

कार्यक्रम के अंत में कश्यप मेमोरियल आई हॉस्पिटल के डिप्टी डायरेक्टर डॉ बिभूति कश्यप ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद सभी गणमान्य व्यक्तियों, नेत्रदान करने वाले लोगों के परिजनों एवं कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों को आयोजन को सफल बनाने के लिए धन्यवाद कहा।



आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 04 सितंबर, 2022
www.azadsipahi.com
04

# डीसी ने किया पदमा प्रखंड का भ्रमण

- अंचल, सीडीपीओ कार्यालय, आंगनबाड़ी केन्द्र, विद्युत केन्द्र, विद्यालय व चिक हार्डीनिंग केन्द्र का किया निरीक्षण, दिये कई निर्देश पीएचसी पदमा में नियमित
- चिकित्सक व रात्रि प्रसव सुविधा सुनिश्चित कराने के दिये निर्देश



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त नैन्सी सहाय ने शनिवार को पदमा प्रखंड के अंचल कार्यालय, पीएचसी, आंगनबाड़ी केन्द्र, विद्युत केन्द्र, विद्यालयों सहित चिक हार्डनिंग का औचक निरीक्षण किया। पदमा अंचल कार्यालय के निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने सभी कैशबुक सहित कल्याणकारी योजनाओं की पंजी एवं अभिलेखों का निरीक्षण किया। मौके पर उन्होंने लंबित दस्तावेजों का अद्यतन करने का सख्त निर्देश दिया। इस क्रम में बाल विकास परियोजना कार्यालय एवं सम्बद्ध केन्द्रों में कार्यरत कर्मियों की कार्यकुशलता व दक्षता बढ़ाने के निमित जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला के आयोजन का निर्देश वरीय अधिकारी को दिया। तदोपरांत उपायुक्त ने पीएचसी पदमा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने स्वास्थ्य सुविधाओं व प्रशासनिक व्यवस्था का जायजा लिया। मौके पर उन्होंने केन्द्र में नियमित चिकित्सकों पदस्थापित करने तथा रात्रि काल में प्रसव की सुविधा सेवा बहाल करने के निमित आवश्यक निर्देश दिये। इसके पश्चात उपायुक्त ने निकटवर्ती आंगनबाड़ी केन्द्रों के निरीक्षण कर आवश्यक पंजियों की जांच की। इस दौरान उन्होंने सभी रिकार्ड ससमय अंकित करने तथा केन्द्रों में विद्युत व्यवस्था दुरूस्त करने निर्देश दिया। वहीं राम नगर +2 विद्यालय पहुंच कर उपायुक्त ने विद्यालय के बुनियादी सुविधाओं, कक्षा तथा व्यवस्थाओं की जांच की। इस क्रम में आईटी के छात्रों को क्लास नहीं दिये जाने के मामले पर उपायुक्त ने संबंधित शिक्षक को नियमित रूप से कक्षा लेने का निर्देश दिया साथ ही आदेश अवहेलन पर कड़ी कार्रवाई की बात कही। भ्रमण के दौरान उपायुक्त ने गोतिया में ज्वेलरी निर्माण का निरीक्षण किया तथा जेएसएलपीएस सखी मंडल द्वारा संचालित चिक हाडीनींग केन्द्र का भी भ्रमण किया। चिक हाडीनींग केन्द्र में उन्होंने चूजों के बेहतर ढंग से रखरखाव करने एवं चूजों के वितरण को गति प्रदान करने के निमित पलाश मार्ट से जोड़ने का निर्देश दिया गया।

## कर्णपुरा कॉलेज में करम महोत्सव का आयोजन



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** कर्णपुरा कॉलेज के मल्टीपरपस हॉल में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में करमा महोत्सव का आयोजन किया गया।इसमे स्वयंसेवकों एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इसकी अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य प्रो किर्तिनाथ महतो व संचालन कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो सुरेश महतो ने किया।मुख्य अतिथि महाविद्यालय के सचिव टुकेश्वर प्रसाद ने कहा कि लोग प्रकृति की पुजा पाठ व नाच गाकर अच्छे फसल की कामना करते हैं।प्रभारी प्राचार्य प्रो कीर्तीनाथ महतो ने अपने संबोधन में कहा कि कर्मा पर्व पूरे झारखंड में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है, यहां के लोग ढोल मांदर की थाप पर झूमते हैं। कर्मा पर्व झारखंड के मुख्य त्योहारों में से एक है जिसमें यहां के आदिवासी समूह एवं मूलनिवासी समुदाय के लोग भादो मास के शुक्ल पक्ष के एकादशी के दिन मनाते हैं।मौके पर प्रो निरंजन प्रसाद नीरज, प्रो नरेश कुमार दांगी, प्रो ज्योति जलधर ,प्रो ऋतुराज दास, प्रो पवन कुमार, प्रो रंजीत प्रसाद,प्रो ललिता कुमारी, प्रो अनु कुमारी,प्रो किशोर प्र दांगी, श्री नागेश्वर महतो, राजेंद्र कुमार, धानेश्वर महतो एवं छात्र छात्राओं में दीपिका कुमारी, कृति, पुजा,ललिता,कविता,आशा, प्रियंका, सोनम, सिंपी, गौतम, मोहन, बबलू, रणदीप आदि सैकड़ों छात्र -छात्राएं उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा हजारीबाग जिला सम्मेलन की तैयारी शुरू



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा हजारीबाग जिला सम्मेलन की तैयारी को लेकर कटकमदाग प्रखंड के बानादाग पहाड़ी पर एक बैठक की गई। जिसमें ओबीसी के लोगों से जिला सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की गई। बैठक की अध्यक्षता महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष प्रियंका कुमारी ने किया। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश सचिव अजय कुमार मेहता, जिला अध्यक्ष बिरजू प्रसाद मेहता, प्रखंड अध्यक्ष कुलदीप कुमार, मसरातू के मुखिया परमेश्वर यादव, अजय साव, उपेन्द्र प्रसाद, गीता देवी, अनीता कुमार, लक्ष्मी, रीता देवी व अन्य लोग उपस्थित हुए। बैठक में बताया गया कि ओबीसी की हक और हिस्सेदारी की लडाई के ओबीसी समुदाय के सभी लोगों को मिलकर सरकार को बता देना है कि हमारा हिस्सेदारी हमे मिलनी चाहिये, नही तो पूरे देश में चक्का जाम कर देंगे।

## ईसीआरकेयू ने किया श्रद्धांजलि सभा का आयोजन



**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** कॉम जे पी चौबे ने आल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन के महामंत्री के रूप में रेलकर्मियों के हितों के लिए संघर्ष के नये आयाम स्थापित किए। 1974 के ऐतिहासिक रेल हड़ताल का नेतृत्व कर तात्कालिन केन्द्र सरकार के समक्ष रेलकर्मियों के मांगों को रखने का काम किया।उनके द्वारा निर्धारित आदर्शों पर चलने की शपथ लेकर उसे कार्यरूप देने और सम्मिलित जागरूक आंदोलन करना ही उनके प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी।उक्त कथन ईसीआरकेयू के केन्द्रीय कोषाध्यक्ष सह आल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन के जोनल सेक्रेटरी ओ पी शर्मा ने व्यक्त किया।ईसीआरकेयू बरकाकाना शाखा कार्यालय में ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन के पूर्व महामंत्री स्व जे पी चौबे की 15 वीं पुण्यतिथि पर एक श्रद्धांजलि सभा में सम्मिलित रहे।सभा में उपस्थित रेलकर्मियों ने कॉमरेड चौबे की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रदांजलि दिया।रेलकर्मियों ने पिछले दिनों दिवंगत हुए साथियों की आत्मा की शांति के लिए एक मिनट का मौन रखकर एवं मोमबत्ती जलाकर ईश्वर से प्रार्थना की।मौके पर शाखा सचिव महेंद्र प्रसाद महतो, उपाध्यक्ष डी के मौईत्रा, सरजू प्रसाद, सकील अहमद, महादेव, संदीप कुमार, आर पी यादव, रानू सांगा, मृत्युंजय कुमार, महेश कुमार, मुकेश लाल, कमाल अशरफ, नंदलाल सहित दर्जनों रेलकर्मी उपस्थित थे।

## माकपा-भाकपा ने राज्य की ताजा राजनीतिक स्थिति पर चर्चा की



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** परिसदन में माकपा और भाकपा के राज्य नेतृत्व की बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ निर्वाचन आयोग की अज्ञात अनुशंसा से राज्य में पैदा हुए राजनीतिक संकट पर चर्चा की गई। इस दौरान कहा की वामदलों की स्पष्ट समझ है कि केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा पुरे देश में विरोध पक्ष की किसी भी चुनी हुई सरकार को अपना कार्यकाल पूरा नहीं करने देने का बहुत ही घटिया और लोकतंत्र विरोधी खेल कर रही है। पिछले दिनों भाजपा ने यही साज़िश कर विभिन्न राज्यों जहां विरोधी पार्टियों की सरकार थी वहां धन-बल और प्रलोभन के माध्यम से विरोध पक्ष की सरकार को गिराने का काम किया है। भाकपा और माकपा ने झारखंड की जनता से आह्वान किया है कि केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जारी संघर्ष को और तेज करें। इस बैठक में भाकपा के राज्य सचिव भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, माकपा के पूर्व केंद्रीय कमिटी सदस्य ज्ञान शंकर मजुमदार, माकपा के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव एवं माकपा नेता गणेश कुमार सीटू उपस्थित थे।

## बड़कागांव पश्चिमी पंचायत भवन में राशन डीलरों के साथ बैठक



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** राशन कार्ड धारियों को जन वितरण प्रणाली की सामग्रियां उचित समय पर सही तरीके से वितरण को लेकर बड़कागांव पश्चिमी पंचायत भवन में बैठक हुई ।इसकी अध्यक्षता मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष रंजीत कुमार,उप मुखिया सत्यदेव कुमार, किशोर कुमार मेहता , जन वितरण प्रणाली दुकानदार वीरेंद्र प्रसाद, जीवन कुमार, चरण राम, विनोद राणा गौरव महिला मंडल महिला जागृति मंडल ए और महिला जागृति मंडल बी के सदस्य उपस्थित थे।

## सदर अस्पताल में शुरू हुआ अल्ट्रासाउंड केंद्र

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** सदर अस्पताल कोडरमा में अल्ट्रासाउंड केंद्र की शुरूआत हो गई है। आज रेडियोलॉजिस्ट डॉ सीमा द्वारा सदर अस्पताल में आये मरीजों का अल्ट्रासाउंड किया गया। बता दें कि उपायुक्त ने स्वयं सदर अस्पताल के निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन को अल्ट्रासाउंड केंद्र यथाशीघ्र शुरू करने का निर्देश दिया था। उपायुक्त से प्राप्त मार्गदर्शन पर सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार, उपाधीक्षक डॉ मनोज कुमार एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम के अथक प्रयास से सदर अस्पताल में अल्ट्रासाउंड केंद्र की शुरूआत कर दी गई है।

## बीए एलएलबी, एलएलएम, एलएलबी प्रवेश परीक्षा आठ अगस्त को



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग विनोवा भावे विश्वविद्यालय स्थित लॉ कॉलेज में बीए एलएलबी, एलएल एम,एलएल बी प्रवेश परीक्षा आठ अगस्त को होगी।जिसमें विश्वविद्यालय परिषर में परीक्षा केंद्र बनाया गया है।प्रवेश पत्र पाँच सितंबर को लॉ कॉलेज से अभ्यर्थी प्राप्त कर सकते है।छः और सात सितंबर को करमा पर्व का अवकाश घोषित किया गया है।अतः अभ्यर्थि पाँच सितंबर को लॉ कॉलेज से प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकते है।इसकी जानकारी लॉ कॉलेज के प्राचार्य डॉ जयदीप सन्याल ने दिया।

## विस्थापित प्रभावित की छह सूत्री मांगों को लेकर सीसीएल जीएम कार्यालय का घेराव



**चरही (आजाद सिपाही)।** चरही कोयलांचल क्षेत्र के तापीन साउथ कॉल डम्प को लेकर तापीन साउथ कॉल डम्प से हजारों की संख्या महिला पुरुष रैली के शक्ल में चरही पहुंच कर सीसीएल जीएम कार्यालय को घेराव किया गया। जिसका अध्यक्षता विस्थापित प्रभावित संघर्ष मोर्चा का अध्यक्ष शिवलाल महतो और मंच संचालन पुर्व उप प्रमुख चौलेशवर महतो ने किया। सभा को संबोधित करते हुए विस्थापित प्रभावित संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष शिवलाल महतो ने कहा कि पुर्व में मोर्चा के द्वारा सीसीएल जीएम निरज सिन्हा को एक लिखित पत्र दिया गया था जिसमें मुख्य रूप से छह सुत्रों का मांग का जिक्र किया था। लगातार 12 दिनो से तापीन साउथ डम्प में धरना पर बैठे लेकिन सीसीएल जीएम निरज सिन्हा का कान में जूं तक नहीं दौडा तापीन साउथ कॉल डम्प 18 सितम्बर 2022 को चालू हुआ है लगभग दो वर्षों में अभी तक 12 हजार ट्रक लोडिंग होकर निकला है । और करोड़ों रुपए मजदूरों के नाम पर उगाही किया है।और विस्थापित प्रभावित बेरोजगार होकर घुम रहे हैं तापीन साउथ परियोजना के विस्थापित प्रभावित को 75 प्रतिशत रोजगार की भागीदारी सुनिश्चित करें, तापीन साउथ में स्वास्थ्य केंद्र एंव डीएवी स्कूल का पुनंह खोला जाए, अंदोलनकारी पर मुकदमा को अविलंब वापस लो, कोयला उठाव हाईवा से मजदूरों का मजदूरी दिया जाए, 21 अगस्त को आवेदन के मध्यम से 11 सुत्री मांग की तमाम बातों को प्रमुखता से रखा उन्होंने मंच के माध्यम से कहा कि अगर सीसीएल प्रबंधन संतोष जनक वार्ता नहीं करता है तो जीएम कार्यालय को ताला लगाकर बंदी किया जाएगा। उन्होंने आगे यह भी कहा जब तक सीसीएल प्रबंधन छह सुत्री मांगों को धरातल में लागू नहीं करता है तब तक अंदोलन चालता रहेगा। इस क्रम ये गवों के लोग उपस्थित हुए बहेरा, कजरी, फुसरी, सोनरा टोला, चरही, चनारो, संडबहा, हरहद, इन्दरा, जरबा, दासोखाप, तापीन साउथ, कर्मा बेडा, हेंदेगढा, बसाडी, कारूखाप, मुकरू, निमाडी सहित चरही कोयलांचल एंव बरगहियां के हजारों मजदूर शामिल हुआ।

## सहायक अध्यापकों का दो माह से वेतन नहीं आर्थिक स्थिति चरमराई



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सभी सहायक अध्यापको के दो माह से मानदेय नही मिलने से शिक्षकों के सामने आर्थिक तंगी हो रही है इस बाबत प्रखण्ड सचिव सुकर ठाकुर ने कहा कि प्रमाण पत्र जांच के नाम पर 2 माह से वेतन रोकना उचित नहीं है। बरकट्ठा प्रखंड के सभी 384 सहायक अध्यापकों की आर्थिक स्थिति खराब हो चुकी है। अब यदि दोनों माह का एक साथ मानदेय पेमेंट नहीं किया गया तो संघ मजबूर होकर उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे ज्ञात हो इन दिनों लगभग सभी प्रखंडो में सभी सहायक अध्यापकों पारा शिक्षकों) के शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की जांच हो रही है जिसको लेकर मानदेय भुगतान बाधित है ।

## जयनगर में जेसीबी के जरिए अतिक्रमण हटाया गया



**कोडरमा(आजाद सिपाही)।** उपायुक्त कोडरमा के निदेर्शानुसार अंचल अधिकारी ओम बड़ाईक के नेतृत्व में प्रखंड कार्यालय व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जयनगर के समीप अतिक्रमण हटाया गया। अंचल अधिकारी ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से जेसीबी लगाकर अतिक्रमण ध्वस्त कर हटा दिया। अंचल अधिकारी ने बताया कि जयनगर अंचल क्षेत्र में सरकारी जमीन पर किये गये अतिक्रमण को चिन्हित किया जा रहा है। सरकारी जमीन पर अवैध रूप से कब्जा किया गया है तो उसे अतिक्रमण मुक्त करने की कार्रवाई की जायेगी।

## परसाबाद रेलवे स्टेशन पर 15 सितंबर को धरना

**जयनगर(आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत कटिया परसाबाद रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म पर 15 सितंबर को धरना प्रदर्शन किया जाएगा। बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव ने बताया कि रेलवे बोर्ड की मनमानी एवं घेराबंदी की जा रही है, साथ ही पैसेंजर ट्रेन का भाड़ा एक्सप्रेस ट्रेन की भाड़ा के अनुसार यात्रियों से वसूला जा रहा है। जनता के साथ इस मनमानी को रोकने के लिए धरना प्रदर्शन का आयोजन किया जाएगा। विधायक की अध्यक्षता में धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

## नदी का चाल बदल देने से किसान को सैकड़ों एकड़ फसल का नुकसान

**कई पालतू जानवर एवं परिसंपत्ति बाढ़ में बहे, लाखों का नुकसान**



**बड़कागांव(आजाद सिपाही)।** एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना अंतर्गत चिरुडीह नदी का (रूट) चाल बदल देने के कारण चेपाकला एवं जुगरा गांव के दर्जनों किसानों का सैकड़ों एकड़ फसल नुकसान हो रहा है। बीती रात उक्त नदी का पानी चेपाकला के किसानों का खेत होते हुए जुगरा गांव के खेतों में नदी- नाला का रूप ले लिया। पानी का धार इतना तेज था कि किसानों का फसल के साथ-साथ बकरी, मुर्गी, बकरा, बत्तक आदि पालतू जानवर एवं घर बनाने के लिए रखा गया बालू, छर्री, चिप्स, बहा दिया। ग्राम जुगरा निवासी चंद्रिका साव, मुद्रिका साव, सिकंदर गोप, मनोज यादव, बालेश्वर साव, दशरथ साव, द्वारका साव, हेमराज साव, बालेश्वर साव, कारू साव का लाखों का नुकसान हुआ है। चेपाकला पंचायत के मुखिया अनिकेत कुमार नायक ने कहा है कि जितने भी किसानों का नुकसान हुआ है उसका मुआवजा देकर भरपाई जल्द से जल्द करें एनटीपीसी कंपनी। इसके अलावा ग्रामीणों ने बताया कि यदि पानी का रूट नहीं बदलता तो जुगरा स्वास्थ्य उपकेंद्र भी बह जाता।

# अपहरण कर दुष्कर्म करने के आरोपी को 14 वर्ष सश्रम कारावास की सजा

**30 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया, नहीं देने पर एक वर्ष अतिरिक्त कारावास**

**कोडरमा(आजाद सिपाही)।** अपहरण कर दुष्कर्म करने के आरोपी को 14 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनायी गयी है। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय अजय कुमार सिंह की अदालत ने सत्रवाद 193/2021 में एक युवती को अपहरण कर दुष्कर्म करने के एक मामले की सुनवाई करते हुए आरोपी पिंटू कुमार यादव (22 वर्ष, पिता बिरेंद्र यादव, इंदिरा बस्ती झुमरीतिलैया) को 376 (1) के तहत दोषी पाते हुए शनिवार को 14 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 30 हजार जुमार्ना भी लगाया। जुमार्ना की राशि नहीं दिए जाने पर 1 वर्ष अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। वहीं अदालत ने 366 आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए आरोपी को 5 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 20 हजार जुमार्ना भी लगाया। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर 6 महीना अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा भुगतनी होगी। मामले को लेकर युवती के पिता ने जयनगर थाना में मामला दर्ज कराया था। उपरोक्त मामले में एसपी कोडरमा कुमार गौरव के निर्देश पर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। उस वक्त से अभियुक्त जेल में ही है। बताते चलें कि उक्त मामले में युवती के पिता को आरोपी द्वारा जेल से दो बार फोन पर धमकी देते हुए सुलह के आधार पर मामला उठाने को कहा था। मामला नहीं उठाने पर युवती का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी गई थी। जिसकी भी शिकायत युवती के पिता ने की थी। मामले में अभियोजन का संचालन लोक अभियोजक बलिराम सिंह ने किया। इस दौरान 8 गवाहों का परीक्षण कराया गया। लोक अभियोजक बलिराम सिंह ने कार्रवाई के दौरान न्यायालय से अभियुक्त को अधिक से अधिक सजा देने का आग्रह किया। वहीं बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता देव कुमार शर्मा, सुधीर कुमार सिन्हा और देवेंद्र प्रसाद ने अभियुक्त का बचाव करते हुए दलीलें पेश की। अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने एवं अभिलेख पर उपस्थित साक्ष्यों का अवलोकन करने के उपरांत दोषी पाते हुए सजा मुकर्रर की और जुमार्ना लगाया।

## शादी का प्रलोभन देकर यौन शोषण का आरोप, मामला दर्ज

**कोडरमा(आजाद सिपाही)।** कोडरमा थाना अंतर्गत चेचाई निवासी 19 वर्षीय एक युवती ने स्थानीय निवासी और उसके फुफेरे भाई 23 वर्षीय शोएब पर शादी का प्रलोभन देकर अनैतिक शारीरिक सम्बन्ध बनाने का आरोप लगाते हुये कोडरमा थाना में मामला दर्ज कराया है। आवेदन में कहा गया है कि शोएब ने निकाह करने की बात कहा था। उस पर भरोसा कर ली। पर वह काम करने बैंगलोर चला गया। अब शोएब के माता - पिता रिश्ता उसका कहीं ओर शादी करने का प्रयास कर रहे हैं। तब हमने शोएब के परिजनों को भी बतायी कि उसका निकाह मेरे साथ होना है, लेकिन मेरी एक बात नहीं सुनी गई। आवेदन में कहा गया कि मेरे पिता को मुखिया पति गुलाम मुस्तफा के द्वारा मौखिक बताया गया कि पंचायत अभी नहीं हो पाएगा, युवक शोएब का कोई आदमी नहीं आ पा रहा है। वहीं 11 सितम्बर को शोएब का निकाह कहीं और करवाने की कोशिश किया जा रहा है। बहरहाल कोडरमा पुलिस के द्वारा मामले की जांच करते हुए पीड़िता का मेडिकल चेकअप कराया गया है।

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
"एक मिनीरत्न कम्पनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक सहायक कम्पनी)
सूचना
सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in) सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती हैं।

## रंगदारी मांगने के आरोपी को भेजा जेल



**बरकट्ठा(आजाद सिपाही)।** रंगदारी मांगने के मामले में एक आरोपी को बरकट्ठा पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी हो कि पुर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव के पुत्र अजीत यादव ने बरकट्ठा थाना में रंगदारी और जान से मारने की धमकी को लेकर मामला दर्ज कराया। दर्ज प्राथमिकी में लिखा कि मैं झारखंड में निबंधित संवेदक हूं। मुझसे झुमरी तिलैया निवासी जितेंद्र सिंह ने फोन पर रंगदारी दस लाख रूपए का मांग की, पैसे नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी। प्राथमिकी के आलोक में पुलिस ने रंगदारी के आरोपी जितेंद्र सिंह पिता नरेश सिंह को ग्राम देवी मंडप रोड इंद्रपुरी मोहल्ला झुमरी तिलैया निवासी को गिरफ्तार किया।गिरफ़्तार आरोपी को पुलिस ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया।जिसका कांड संख्या 149/22है।

## बीएसएफ मेरू कैंप की ओर से दारु प्रखंड स्थित कई स्कूलों में कार्यक्रमों का आयोजन



**दारु(आजाद सिपाही)।** आजादी के अमृत महोत्सव पर बीएसएफ मेरु कैंप के द्वारा प्रखंड के विभिन्न स्कूलों में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सीमा सुरक्षा बल देश के सरहदों की सुरक्षा के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण, फिट इंडिया मुवमेंट व स्वच्छता मिशन जैसे भारत सरकार के अनेकों कार्यक्रमों मे अपनी सक्रीय भूमिका निभाकर राष्ट्र निर्माण में अपना अहम योगदान दे रहा है। इसी कड़ी में महानिदेशक सीमा सुरक्षा बल के निदेर्शानुसार, सीमा सुरक्षा बल मेरू कैंप के द्वारा शिक्षक दिवस के मौके पर श्री पी0 एस0 बैंस, महानिरीक्षक, प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय सी0 सु0 बल मेरू हजारीबाग के तत्वावधान में 03 सितंबर को सीमा सुरक्षा बल के अधिकारियों की टीमों के द्वारा हजारीबाग दारु प्रखंड स्थित स्वामी विवेकानंद मध्य उच्च विद्यालय, बिरसा मेमोरियल मध्य उच्च विद्यालय, सरस्वती उच्च विद्यालय में कई कार्यक्रम आयोजित किए जिसमें सीमा सुरक्षा बल के अधिकारियों द्वारा स्कूलों में जाकर स्कूल के छात्रों को राष्ट्र की प्रथम रक्षा पंक्ति के रूप में सी0 सु0 बल के गौरवशाली इतिहास एवं देश की सुरक्षा में अहम योगदान के बारे में अवगत कराया साथ ही सीमा सुरक्षा बल पर आधारित विडियो/फिल्म दिखाई गई। इसके साथ-साथ छात्रों को सीमा सुरक्षा बल में विभिन्न पदों पर भर्ती प्रक्रिया के संदर्भ में विस्तार से जानकारी दी गई। फिल्म व विडियों के माध्यम से सी सु बल द्वारा ड्रग्स व नशीलें पदार्थों के विरुद्ध चलाए गए कार्यक्रमों को भी दिखाया गया और छात्रों को ड्रग्स व नशीलें पदार्थों के खिलाफ जागरूक किया। इस अवसर पर स्कूल के सभी प्राध्यापकों ने सीमा सुरक्षा बल के द्वारा इस तरह के कार्यक्रमों के आयोजन को काफी सराहा एवं छात्रों मे सीमा सुरक्षा बल के प्रति काफी उत्सुकता देखी गई।

## जर्जर सड़क बनाने की ग्रामीणों ने की मांग



**इचाक(आजाद सिपाही)।** अलौंजा खुर्द पंचायत स्थित मदनपुर गांव के ग्रामीण आज भी कच्ची सड़क के सहारे आवागमन करते हैं। गाँव से जुड़ने वाली हर एक सड़क की स्थिति बहुत ही दयनीय है। खास कर मदनपुर और करियातपुर को जोडने वाली मार्ग की स्थिति बहुत ही खराब है। जिस कारण आवागमन तक रुक जाता है, जिससे लोगों को जीवकोपार्जन में कठिनाई होती है। गांव में आज तक पक्की सड़क नही पहुंच पाई है। ग्रामीणों को मदनपुर से करियातपुर आने जाने के लिए तीन किलोमीटर कच्ची सड़क के द्वारा मंगूरा महावीर स्थान जाना पड़ता है। इस पथ की स्थिति काफी दयनीय हो गई है। पूरा सड़क कीचड़ में तब्दील हो गया है। अलौंजा कला निवासी समाजसेवी डॉ सुनील कुमार दास ने जल्द सड़क निर्माण की मांग की है। कहा की आज भी इस गांव के लोग कच्ची सड़क के सहारे आवागमन करते हैं जो चिंतनीय है, वही मदनपुर गांव निवासी दशरथ कुमार गुप्ता ने बताया की इस सड़क को ग्रामीण अपने खर्च पर हर साल बनाते हैं। न तो जिला प्रशासन और न ही जनप्रतिनिधि इस ओर ध्यान देते हैं। सड़क बनने से ग्रामीणों को सुविधा होती।

## अनंदा महाविद्यालय में 20 रक्त दाताओं ने रक्तदान कर मानवता का परिचय दिया

**हजारीबाग(आजाद सिपाही)।** अनंदा महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना तथा राष्ट्रीय कैडेट कोर के संयुक्त तत्वाधान में, वॉलंटरी ब्लड डोनर एसोसिएशन एवं शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य नीलमणि मुखर्जी ने किया। शिविर में राष्ट्रीय सेवा योजना तथा राष्ट्रीय कैडेट कोर के केडरो द्वारा रक्तदान किया गया। रक्तदान का शुभारंभ आनंद कुमार के द्वारा किया गया तत्पश्चात राहुल कुमार, नावेद अनवर, दीपक कुमार, विरज अवध, पंकज विश्वकर्मा, अनमोल कुमार, पंकज कुमार महतो, राजेश कुमार, मधु कुमारी, भानु प्रताप दिनकर, कन्हैया वर्मा, हिमांशु कुमार, अविनाश कुमार, मन्नत कुमार, सत्यम कुमार, विशाल कुमार, मोहम्मद शाहबाज हुसैन, नौशाद आलम, पदम प्रसून समेत 20 लोगों ने रक्तदान कर मानवता का परिचय दिया। प्राचार्य नीलमणि मुखर्जी ने कहा की रक्तदान मानवता का सबसे बड़ा दान है ,रक्तदान के अभाव में थैलेसीमिया जैसी गंभीर बीमारी तथा दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की मृत्यु हो सकती है। रक्तदान करने से शरीर में कोई नुकसान नहीं होता। वॉलंटरी ब्लड डोनर एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन ने समस्त रक्त दाताओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए, उनके इस नेक कार्य के लिए बहुत-बहुत साधुवाद देते हुए आयोजकों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया ।

## जिला जलसहिया संघ की बैठक



**बड़कागांव(आजाद सिपाही)।** हजारीबाग डीवीसी शिव मंदिर के प्रांगण में झारखंड प्रदेश ग्राम जिला जलसहिया संघ का बैठक जिला अध्यक्ष सपना शर्मा की अध्यक्षता में की गई। बैठक का संचालन सचिव जयंती कुमारी ने किया। बैठक में सभी जलसहिया संघ ने सर्वसम्मति से जिले के 16 प्रखंड के प्रखंड मुख्यालय में अपनी मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना देने की सहमति बनाई। इसके अलावा कई सूत्री प्रस्ताव पारित की गई जिसमें 15 माह से बकाया राशि को जल्द भुगतान करने, राज्य सरकार द्वारा निर्धारित राशि 1000 जल्द से जल्द जारी रखने, राशि का भुगतान प्राथमिकता के आधार पर किया करने, जल सहिया को वर्ष में दो सेट ड्रेस मुहैया कराया कराने, जल सहिया को चतुर्थवर्गीय कर्मचारी में नियुक्ति करने, जल जीवन मिशन के अंतर्गत जल सहिया के द्वारा काम करवाने, कोई भी कार्य ठेकेदार या गैर सरकारी संस्था से नहीं कराने, पंचायत के मुखिया के द्वारा जल सहिया पर किसी प्रकार का दबाव नहीं बनवाने सहित कई प्रस्ताव लाया गया। बैठक में जिला जलसहिया संघ के संरक्षक इंद्रदेव मेहता, विनोद कुमार पांडे, अशोक पांडे, नमिता कुमारी, कंचन मेहता, ललिता देवी, किरण देवी, लक्ष्मी पांडे, विकी देवी, उर्मिला देवी, मलवा, सुलेखा, उत्तम देवी, मंजू देवी, किरण देवी, सीता देवी, सहित अन्य जलसहिया उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 04 सितंबर, 2022
www.azadsipahi.com
05

## अनुसूचित जनजाति बालक आवासीय विद्यालय मांडू का डीसी ने किया निरीक्षण

# पढ़ाई के साथ खेल की दिशा में भी बच्चों को करें प्रोत्साहित : डीसी

**मांडू (आजाद सिपाही)।** डीसी माधवी मिश्रा ने शनिवार को मांडू प्रखंड का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने अनुसूचित जनजाति बालक आवासीय विद्यालय मांडू का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने आवासीय विद्यालय में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं व सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मौके पर उन्होंने शिक्षकों को विद्यालय परिसर में साफ सफाई बनाए रखने एवं बच्चों को भी विभिन्न माध्यमों से स्वच्छता का जीवन में महत्व के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया।



### आवासीय विद्यालय में बुनियादी सुविधाओं पर रखें विशेष ध्यान

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने आवासीय विद्यालय में स्थित कमरों, शौचालय, पुस्तकालय, आवासीय कमरों आदि का जायजा लिया। वहीं उपायुक्त ने अपने दौरे के दौरान बच्चों के साथ भी काफी समय व्यतीत किया। मौके पर उपायुक्त ने बच्चों को मन लगाकर पढ़ने एवं जीवन में सफल होने के लिए शुभकामनाएं दी। साथ ही उन्होंने बच्चों से विद्यालय के माध्यम से उन्हें मिल रही सुविधाओं की भी जानकारी ली एवं इस संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश शिक्षकों को दिए।निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने शिक्षकों को रचनात्मक तरीके विभिन्न माध्यमों का इस्तेमाल कर बच्चों को पढ़ाने व पढ़ाई के साथ-साथ खेल की दिशा में भी उन्हें आगे बढ़ाने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने जिला कल्याण पदाधिकारी को नियमित रूप से विद्यालय का निरीक्षण कर बच्चों को मिल रही सुविधाओं का जायजा लेने का निर्देश दिया।

## फैक्ट्री से निकल रहा है जहरीला धुआं, स्कूली बच्चों ने गेट के समक्ष किया प्रदर्शन

**गोला(आजाद सिपाही)।** गोला रजरप्पा मार्ग के कुसुमडीह स्थित कामेश्वर एलॉयज प्राइवेट लिमिटेड गेट के समक्ष शनिवार को राजकीय प्राथमिक विद्यालय कुसुमडीह के स्कूली बच्चों ने प्रबंधन के खिलाफ में जमकर प्रदर्शन किया। बच्चों ने बताया कि उक्त फैक्ट्री से प्रतिदिन जहरीली गैस निकल रहा है। जो हमलोगों पर सीधा असर कर रहा है। आंखों में जलन के साथ सांस लेने में परेशानी होने लगी है। इस दौरान बच्चों ने जहरीली गैस निकालना बंद करो के नारे लगा रहे थे।



**क्या कहा प्रबंधन ने**

इस संबंध में फैक्ट्री के मैनेजर अनिल कुमार ने बताया कि प्रदूषण का कोई इशू नहीं है। कुछ लोग बच्चों को भड़काकर अपना रोटी सेंकना चाहते है।

प्रधानाध्यापक सुबोध कुमार रवानी ने बताया कि हमारे विद्यालय में 116 बच्चे अध्यनरत है। वहीं इस गांव की आबादी लगभग ढ़ाई हजार के आसपास है। बच्चे हों या परिजन इस फैक्ट्री से निकलने वाले जहरीली गैस से अक्सर लोग बीमार होते जा रहे हैं। प्रधानाध्यापक सुबोध रवानी, पारा शिक्षक विष्णुदेव महतो व ग्रामीण छत्रु महतो, नकुल प्रजापति, रामप्रवेश महतो, बासुदेव महतो ने फैक्ट्री प्रबंधन पर आरोप लगाते हुए कहा है कि प्रदूषण नियंत्रण यंत्र का प्रयोग नहीं किया जाता है।

## होमगार्ड महिलाओं ने ड्यूटी के दौरान तीन बंडल अल्मुमिपियम तार किया बरामद



**चितरपुर (आजाद सिपाही)।** सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र के बेस वर्कशॉप के पीछे एक नंबर डिपू के पास झाड़ियों में चोरों द्वारा छुपाया गया तीन बंडल अल्मुनियम तार बरामद किया गया है। जानकारी के अनुसार चोरों द्वारा पहले से ही अल्मुनियम तार को काटकर झाड़ियों में छुपाया गया था। जिसे चोर मौका मिलते ही चुराने का फिराक में थे। इस बीच शनिवार को महिला होमगार्ड के जवानों ने अपनी ड्यूटी के दौरान छानबीन किया तो झाड़ियों के पीछे तीन बंडल अल्मुनियम तार मिला। जिसकी सूचना तुरंत ही सीसीएल के सुरक्षाकर्मी एएसएसआई रामचंद्र पासवान को दिया गया। सूचना मिलते ही सीसीएल के सुरक्षाकर्मी के नेतृत्व में होमगार्ड महिलाओं द्वारा सभी अल्मुनियम तार को जप्त किया गया। इस अभियान में होमगार्ड महिला निशा कुमारी, अलासो देवी, ममता देवी मौजूद थी। इस संबंध में रामचंद्र पासवान ने बताया कि महिला होमगार्ड के द्वारा लगातार इस तरह का अभियान चलाया जा रहा है। होमगार्ड द्वारा चोरों को लगातार खदेड़ा जा रहा है। जिससे चोरों में काफी दहशत है।

## रोला में बारिश से ध्वस्त हो गया मिट्टी का मकान



**गोला(आजाद सिपाही)।** सुतरी पंचायत के रोला गांव में बारिश से जोलवा देवी पति धर्मनाथ महतो का कच्चा मकान पूरी तरह से ध्वस्त हो गया है। पीड़ित परिवार ने बताया कि पिछले कई दिनों से लगातार मूसलाधार बारिश से मकान पूरी तरह से कमजोर हो गया था। अंत में यह मकान शनिवार को गिर गया। बताया गया कि घर गिरने का बाद इनके समक्ष रहने की समस्या उत्पन्न हो गई है।पीड़ित परिवार ने विभाग से मुआवजा की मांग की है। इधर जानकारी के बाद वार्ड सदस्य रियाज अंसारी ने पीड़ित परिवार से मिलकर हर संभव मदद करने की बात कही ।

## वज्रपात से सीसीएल कर्मी की मौत

**गोला(आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के धोरधोरा गांव निवासी सीसीएल कर्मी डोमन मांझी 55 वर्ष की मौत शुक्रवार रात को वज्रपात की चपेट में आने से हो गई। बताया गया कि डोमन रजरप्पा सीसीएल में कार्यरत थे। प्रत्येक दिन की तरह वो हरूबेड़ा में टेम्पो से उतरे। पैदल घर जाने के क्रम में बारिश से बचने के लिए एक पेड़ के नीचे थे। जिसके बाद यह हादसा हुई। पोस्टमार्टम के बाद शनिवार को उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

## दुंदुआ यूएमएस प्रबंधन को एनटीपीसी ने सौपी छह ब्लॉक परिसर शौचालय



**टंडवा(आजाद सिपाही)।** एनटीपीसी नॉर्थ कर्णपुरा हमेशा से सामुदायिक विकास कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देता आ रहा है। शिक्षा एक ऐसा क्षेत्र है, जिस पर एनटीपीसी ध्यान केंद्रित करता है। उसी अनुरूप एनटीपीसी नॉर्थ कर्णपुरा ने सामुदायिक विकास पहल के तहत यूएमएस दुंदुआ में एक 6 ब्लॉक शौचालय परिसर का निर्माण कराया है। जिसे शनिवार को शौचालय परिसर को स्कूल प्रबंधन को सौंप दिया गया। एनटीपीसी की ओर से सीएसआर अधिकारी जीत सिंह संधू, हिरामन महतो,सहायक शिक्षक दीपक ठाकुर इस समेत समेत कई उपस्थित थे ।

## चुंदरू धाम परिसर से पत्रकार की बाइक की चोरी, प्राथमिकी दर्ज, जांच में जुटी पुलिस



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के चुन्दरू धाम परिसर से शुक्रवार देर रात पत्रकार रविंद्र बक्शी की हीरो स्प्लेंडर प्रो मोटरसाइकिल अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गयी। इस मामले में पत्रकार रविंद्र बख्शी के पुत्र प्रिंस कुमार बख्शी के लिखित सूचना पर अज्ञात के विरुद्ध टंडवा थाना में मामला दर्ज की गयी हैं। जिसमें कहा गया है कि प्रिंस कुमार बख्शी हीरो स्प्लेंडर प्रो मोटरसाइकिल संख्या जेएच 13बी 6878 लेकर चुंदरु धाम में आयोजित गणेश महोत्सव के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम देखने गया था। मोटरसाइकिल को चुन्दरू धाम परिसर के मेला क्षेत्र में खड़ी कर कार्यक्रम देखने लगा। मध्य रात्रि के करीब जब घर आने के लिये बाइक लेने गया तो मोटरसाइकिल गायब मिली । काफी खोजबीन के बाद नहीं मिलने पर इसकी सूचना टंडवा पुलिस को दी गयी। इस मामले में पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर जांच में जुटी है।

## पत्रकार रुदेश नायक बने बाजार टांड़ दुर्गा पूजा के अध्यक्ष



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** बाजार टांड़ टंडवा दुर्गा मण्डप प्रांगण में शारदीय दुर्गा पूजा माानने को लेकर शनिवार को ग्रामीणों की बैठक किया गया ।जिसकी अध्यक्षता सेवा निवृत शिक्षक बासुदेव बसंत,संचालन सरोज प्रसाद गुप्ता ने किया। बैठक में शांतिपूर्ण दुर्गा पूजा मनाने को लेकर निर्णय लिया गया। दुर्गा पूजा की सफलता को लेकर समिति का गठन किया गया। जिसमें पत्रकार रुदेश नायक को अध्यक्ष पद के लिये सहर्ष प्रस्ताव लेकर चयन किया गया ।वही सचिव शिक्षक अनिल कु दास,महामंत्री बासुदेव बसंत,कोषाध्यक्ष मदन भगत को चयन किया गया ।उपस्तिथ गणमान्य लोगो ने अपना अपना सुझाव दिये ।इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष जागेश्वर दास, मिथिलेश कुमार गुप्ता, सेवा निवृत शिक्षक जयमंगल देव नायक, पूर्व मुखिया राजेंद्र नायक, देवकी रजक,सुभाष दास ,गणेश गुप्ता, बबलू गुप्ता ,विकास मालाकार ,बबलू सोनी ,नत्थू गुप्ता, दशरथ प्रसाद गुप्ता, छोटू गुप्ता, अनुग्रह नारायण सिंह ,नंदा थापा, प्रमोद नायक , अजय पासवान, प्रभु यादव ,राजू राही समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## चतरा : सदर अस्पताल में मरीजों के साथ बरती जाती है लापरवाही



**चतरा (आजाद सिपाही)।** सरकार लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए करोड़ों रुपए खर्च करती हैं. लेकिन इसका लाभ मरीजों को नहीं मिल रहा है. सदर अस्पताल चतरा में मरीजों के साथ खिलवाड़ किया जाता है. ताजा मामला शनिवार सुबह देखने को मिला. जहां सर्पदंश की शिकार महिला को इलाज के लिए लेकर आये परिजन परेशान दिखे. चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मी इलाज के बजाए मरीजों को इधर-उधर करते दिखे. महिला का ईलाज विलंब से शुरू हुआ. जानकारी के अनुसार सदर प्रखंड के जांगी गांव निवासी तलशी देवी (पति स्व जदु महतो) शनिवार की सुबह सर्पदंश से घायल हो गयी. परिजनों द्वारा आनन फानन में उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया. जहां ईलाज किया जा रहा है. परिजनों ने बताया कि तलशी देवी धान देखने खेत गयी थी. इस दौरान एक विषैले सांप ने उसे डंस दिया. जिससे वह घायल हो गयी थी. सूचना पाकर पंचायत समिति सदस्य वीरेंद्र कुमार रविदास घर पहुंचा और महिला को ईलाज के लिए परिजनों के साथ टेंपो से सुबह 8:40 बजे सदर अस्पताल पहुंचा. जहां 20 से 25 मिनट बाद ईलाज शुरू हुआ. जिससे परिजन नाराज दिखे. लोगो ने कहां की अस्पताल में सीरियस कंडीशन के मरीजों का उपचार तत्काल नहीं होता है. मालूम हो कि सदर अस्पताल अव्यवस्था के कारण हमेशा चर्चा में रहता है, कभी दवा की कमी तो कभी इंजेक्शन की कमी तो कभी ईलाज में लापरवाही के कारण मरीजों को दिक्कत होती है. स्वास्थ्य कर्मी एक्टिव होकर नहीं बल्कि बोझ समझकर काम करते हैं, जिसके कारण मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ता है. बेड में चादर भी नहीं बिछाया जाता है. लोगों ने सरकार व उपायुक्त अबु इमरान से स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार करने की मांग की है, ताकि मरीजों का सही तरीके से ईलाज हो सके.

# सुकरीगढ़ा में शिक्षा का अलख जगा रहे हैं सेवानिवृत्त शिक्षक छुन्नू साव

**पिछले 24 वर्षो से निःस्वार्थ भाव से शिक्षा दे रहे सेवानिवृत्त शिक्षक छुन्नू साव**
**1998 में हुए सेवानिवृत्त, बालिकाओं को स्वाबलंबी बनाना हैं लक्ष्य**
**1952 में सुकरीगढ़ा से मैट्रिक उत्तीर्ण करने वाले पहले छात्र थे छुन्नू साव**



**चितरपुर (आजाद सिपाही)।** सुकरीगढ़ा निवासी सह सेवानिवृत्त शिक्षक छुन्नू साव क्षेत्र में शिक्षा का अलख जगाने का कार्य कर रहे है। वे निश्वार्थ भाव से शिक्षा देने का कार्य रहे हैं। उनका सपना है कि क्षेत्र में कोई बच्चा अशिक्षित न रहे। खास कर छात्राएं अशिक्षित न हो। इसी को लेकर उन्होंने लगभग 24 वर्ष पूर्व यहां बालिका उच्च विद्यालय खोलने का काम किये है। ताकि कोई भी छात्रा अनपढ़ न रहे। असहाय बालिकाओ को वे अपने पेंशन से मदद करते हैं। ताकि सभी विद्यालय पहुंचे और शिक्षा ग्रहण करे। इनका कहना है कि जब तक शरीर मे खून रहेगा तब तक शिक्षा का अलख जगाते रहेंगे।

**बालिकाओं की शिक्षा पर है विशेष ध्यान**

जी हां बात हो रही हैं सुकरीगढ़ा पंचायत निवासी छुन्नू साव की। छुन्नू साव सुकरीगढ़ा में सेवानिवृत्त के 24 वर्षों के बाद भी शिक्षा का अलख जगा रहें हैं। वे 1998 में केबी हाई स्कूल लारी से सेवानिवृत्त हुए हैं। जिसके बाद उन्होंने तय किया कि निःस्वार्थ भाव से पंचायत की बालिकाओं को शिक्षा देंगे। ताकि सभी पढ़ लिखकर बेहतर इंसान के साथ साथ अपने पैरों पर खड़ा होकर स्वावलंबी बन सके। इसी को लेकर उन्होंने सुकरीगढ़ा में बालिका उच्च विद्यालय की स्थापना किया है। ताकि छात्राएं पढ़ लिख कर अपने पैरों पर खड़ा हो सके।

**क्या कहते हैं छुन्नू साव**

छुन्नू साव का कहना हैं कि जब मै सेवानिवृत्त हुआ तब से मेरा एक ही सोच था निःस्वार्थ भाव से शिक्षा देना। इसी सोच को मैं धरातल पर उतारा। 1998 से अब तक बालिका उच्च विद्यालय सुकरीगढ़ा लारी में हिंदी और भूगोल के विषय का पढ़ाई करवा रहा हूँ। यहां की बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाना ही मेरा लक्ष्य हैं। उन्होंने कहा कि पेंशन का दस प्रतिशत राशि बालिकाओं के शिक्षा में खर्च करता आ रहा हूँ। ताकि गरीब बालिकाओं को शिक्षा ग्रहण करने में दिक्कत न हो।

**रामगढ़ उपायुक्त द्वारा हो चुके है सम्मानित**

छुन्नू साहू ने बताया कि निःस्वार्थ भाव से शिक्षा देने की बात जब रामगढ़ के तत्कालीन उपायुक्त को हुई तो उन्होंने मुझे रामगढ़ स्थित गांधी स्कूल में शिक्षा विभाग के कार्यक्रम के दौरान सम्मानित भी किया। आगे बताया कि केबी हाई स्कूल लारी के संस्थापक शिक्षक भी हैं। उन्होंने 60 रुपये वेतन से अपने नौकरी की शुरूआत की। अभी छुन्नू साव को 35 हजार पेंशन मिलता हैं।

## रग्बी बालिका फुटबॉल खिलाड़ियों को सिकनी से प्रशिक्षण के लिए रामगढ़ भेजा



**रजरप्पा(आजाद सिपाही)।** दुलमी प्रखंड के सिकनी ग्राम से रामगढ़ जिला रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन में प्रशिक्षण हेतु रवाना किया गया बताया गया कि रामगढ़ जिला फुटबॉल एसोसिएशन के दो दिवसीय प्रशिक्षण सह शैक्षणिक शिविर लगाया गया है जहां खिलाड़ी प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने जा रही बालिका खिलाड़ियों को भाजपा रामगढ़ विधानसभा के युवा नेता राजीव जायसवाल ने अपनी शुभकामनाएं देते हुए झारखंड फुटबॉल ग्राउंड सिकनी से रवाना किया। खिलाड़ियों को विदा करते हुए राजीव जायसवाल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में छुपी प्रतिभा को बाहर निकालने और उचित मंच तक पहुंचाने के लिए हर संभव प्रयास करूंगा। साथ ही उन्होंने कहा कि आज हमारे जिले की बेटियां हर क्षेत्र में जिले, राज्य और देश का नाम रौशन कर रही हैं। इस दो दिवसीय शिविर में शामिल होने जा रही बालिका खिलाड़ियों में प्रियांशु कुमारी, निशा कुमारी, संजू कुमारी, किरण कुमारी, डोली कुमारी, नेहा कुमारी, गायत्री कुमारी, मंजू रानी, सारिका कुमारी, देवंती कुमारी, खुशी कुमारी और भारती कुमारी शामिल हैं। रामगढ़ जिले के ग्रामीण क्षेत्रों की ये बेटियां रामगढ़ जिले के साथ साथ ने राज्य का भी प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। मौके पर सिकनी के वार्ड सदस्य सह भाजपा नेता बिक्की महतो, महावीर कुमार, विनोद महतो, रसियन महतो, देवा महतो, नीतीश कुमार और सभी खिलाड़ियों के अभिवावक भी उपस्थित थे ।

## बच्चों के अभिभावकों की अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया



**गिद्दी (आजाद सिपाही)।** दिनांक 03.09.2022 को सरस्वती विद्या मंदिर , सिरका के कक्षा अरुण , कक्षा उदय और कक्षा प्रथम में पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावकों की अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया ।जिसमें कुल 80 अभिभावकों की उपस्थिति हुई । गोष्ठी में पठन-पाठन के साथ - साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास के बारे में चर्चा हुई। प्रभारी प्राचार्य श्री मुरलीधर पाठक जी ने संस्कार युक्त शिक्षा देने की भी चर्चा की साथ ही अभिवावकों से कहा कि घर मे बच्चों को समय दें, होम वर्क करवाएं, पढ़ाई के साथ खेल- कूद के प्रति ध्यान देने के साथ प्रतियोगिता के कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए भी प्रोत्साहित करें। अभिभावकों के द्वारा आवश्यक सुझाव भी प्राप्त हुए । इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्रभारी सुंदरकात झा, आचार्य भूपेश मणि तिवारी, सुशील कुमार सिंह, विनायक पांडे, अरविंद प्रसाद, मृत्युंजय झा, मनोज सिन्हा, सीमा सिन्हा, अमित कुमार, अनिता चौधरी, विश्वनाथ दुबे, स्नेहा कुमारी और अर्चना मिश्रा उपस्थित थे। अभिभावक के रूप में श्री अरविंद कुमार, अशोक कुमार यादव, रवि रंजन, रविंद्र कुमार, संजना मोहन, निभा देवी, कविता दास एवं राजेश राम आदि अभिभावक उपस्थित थे।

## सड़क हादसे में एक की मौत, तीन घायल

**कुजू(आजाद सिपाही)।** क्षेत्र के पोचरा स्थित भाजपा जिला कार्यालय के समीप फोरलेन सड़क पर शुक्रवार की रात्रि सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गयी। जबकि तीन अन्य लोग घायल हो गये। बाद में मृतक के शव को कब्जे में कर पुलिस अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। बताया जाता है कि मणिकबाग देवरी गिरिडीह निवासी भुनेश्वर लाल वर्णवाल अपना रांची से इलाज कराकर तीन लोगों के साथ वैगनआर कार संख्या जेएच11वाई-9536 से वापस घर लौट रहे थे। इसी बीच सड़क किनारे खड़े वाहन को कार ने पीछे से टक्कर मार दिया। जिसमें सवार वृद्ध भुनेश्वर लाल वर्णवाल की मौत हो गयी। जबकि अन्य सवार तीन लोग घायल हो गये।

## कोल कंपनी में गणेश पूजा को ले भक्ति जागरण का आयोजन, रातभर झूमे श्रद्धालु

**भुरकुंडा(आजाद सिपाही)।** गणेश पूजा के पावन अवसर पर श्रीश्री गणेश पूजा समिति कोल कम्पनी भदानीनगर के तत्वावधान में कोल कंपनी गणेश मंडप में शुक्रवार की रात्रि भक्ति जागरण का आयोजन हुआ। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि लपंगा पंचायत के मुखिया आनंद दुबे व कमेटी के अध्यक्ष कारगिल फाइटर सूबेदार एचएन यादव ने फीता काटकर किया। इस दौरान एचएन यादव ने मुखिया आनंद दुबे को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। जागरण का शुभारंभ गणेश वंदना के साथ किया गया। इसके बाद विनय मिश्रा एंड जागरण मंडली की गायिका छाया, गायक विनय मिश्रा सहित अन्य कलाकारों ने अरे द्वार पालो, ये गणेश के पापा, घर में पधारो गजानंद जी, जय देव जय देव आदि भक्ति गीत प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों को रातभर झुमाए रखा। गायक-गायिकों का विष्णु कुमार, राजेश राज, विनय, छोटू, लोबीन, बासुदेव, संजय आदि ने वाद्य यंत्र पर भरपुर साथ दिया। मौके पर मुखिया आनंद दुबे ने कहा कि ऐसे आयोजनो से क्षेत्र में भक्ति का संचार बढ़ता है। समय-समय पर ऐसे आयोजन होते रहना चाहिए। भक्ति आयोजनों को सफल बनाने में कमेटी के



अध्यक्ष सूबेदार एचएन यादव, कोषाध्यक्ष अजय कुमार, संयोजक जोरहन करमाली, सुधीर पंडित, सोनू प्रसाद, रामचंद्र प्रसाद, बिजेंद्र बेदिया सहित अनिल बेदिया, रविंद्र प्रसाद, सूरज सिन्हा, रंजीत, दीपक सिन्हा, राहुल, राकेश महतो, सुरेश महतो, राजा पंडित, आदर्श बेदिया, तुषार, रवि, हर्ष सिंह, राजन गिरी, सन्नी करमाली जुटे हैं। मौके पर भाजपा भदानीनगर मंडल के उपाध्यक्ष अनूप ठाकुर, राकेश गिरी, राजेश गिरी, महेंद्र कुमार, अमित सहित दर्जनो लोग मौजूद थे। इधर शनिवार को भव्य भंडारा का आयोजन हुआ। जिसमें सैंकड़ो लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं रविवार को भव्य भंडारा का आयोजन होगा। जबकि सोमवार को नम आंखों से भगवान श्री गणेश की प्रतिमा विसर्जित की जायेगी।

## अर्जुन मुंडा आज पहुंचेंगे पतरातू

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा रविवार को दिन के 11 बजे पतरातू पहुंचेंगे। इस दौरान वे पतरातू ब्लॉक परिसर में स्थित वर्किंग हॉल में प्रखंड पंचायत समिति सदस्यों के साथ बैठक करेंगे और विकास को लेकर परिचर्चा भी करेंगे। इसकी जानकारी पतरातू प्रमुख कौशल्या देवी व पतरातू सीओ शिवशंकर पाण्डेय ने दी। पतरातू । पतरातू स्थित भगत सिंह चैक में शनिवार की शाम पतरातू पुलिस के द्वारा वाहन जांच अभियान चलाया गया। इसमें पुलिस के द्वारा दोपहिया व चारपहिया वाहनों के डिक्की, वाहनों में चलने वालों के बैग आदि की तलासी ली। मौके पर शामिल पतरातू थाना के एएसआई उमेश बारला ने बताया कि यह रुटी जांच अभियान है।

## खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी से मिले भाजपाई, समस्याओं पर की चर्चा

**भुरकुंडा(आजाद सिपाही)।** जन वितरण प्रणाली की दुकानों में अनाज वितरण के दौरान हो रही परेशानियों को ले सांसद प्रतिनिधि सुमन सिंह व भाजपा भदानीनगर मंडल के उपाध्यक्ष अनूप ठाकुर उर्फ मोदी ने शनिवार को रामगढ़ जिला के जिला खाद आपूर्ति अधिकारी सुदर्शन मुर्मु मुलाकात की। इस दौरान भाजपा नेताओं ने खाद आपूर्ति अधिकारी सुदर्शन मुर्मू से लाभुको की समस्याओं से अवगत कराते हुए कहा कि बीचा व हरिहरपुर पंचायत के लोगों को नेटवर्क की समस्या के कारण अंगूठा लगाने के लिए 15 से 20 किमी दूरी तय करना पड़ता है।

# पुल पार करने के दौरान भैरवी नदी छिलका पुल में बह गया युवक, खोजबीन में जुटी पुलिस

## घटना सुबह करीब आठ बजे की, मजदूरी करने जा रहा था युवक

**गोला (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश से भैरवी नदी पूरे उफान में है। इसी उफनती नदी में एक युवक प्रशासन की लापरवाही से आजीवन काल के गाल में समा गया। भैरवी नदी छिलका पुल रजरप्पा में शनिवार की सुबह एक युवक भैरवी दामोदर के संगम में समा गया। युवक को बहता देख आस पास के श्रद्धालुओं ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने करीब एक घंटे बाद युवक की खोजबीन के लिए कार्य शुरू कर किया। दामोदर नदी किनारे किनारे गोताखोरों की मदद ली जा रही है। हालांकि शाम तक युवक की खोजबीन जारी था। इस संबंध में बताया कि पिपराजारा गांव निवासी संतोष मांझी



उम्र 35 वर्ष प्रत्येक दिन की तरह मजदूरी करने जा रहा था। छिलका पुल के तेज धार पानी में वह पार हो रहा था। वह पानी की धार में अचानक बहने लगा। कुछ श्रद्धालुओं ने बहता युवक का बीडियो भी बनाया है। बीडियो में युवक बचने का भरपूर प्रयास करता दिख रहा है।

**छिलका पुल में मना होने के बाद कैसे गया युवक**

लगातार बारिश से छिलका पुल के ऊपर से पानी बह रहा है। आस पास के दुकान बह गई है। प्रशासन ने सख्त कदम उठाते हुए छिलका पुल पर पार नही होने की पाबंदी लगा दी है। लेकिन युवक पुल कैसे पार हो रहा था । यह सवाल प्रशासन की तैयारियों की पोल खोल के रख दिया है। हालांकि कुछ दुकानदारों ने युवक को पुल पार करने पर मना कर रहें थे। लेकिन युवक नही माना। बताया गया कि युवक घर का एक मात्र कमाऊ व्यक्ति था। इस घटना के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

**झारखंड विधान सभा सचिवालय**

**आवश्यक सूचना**

सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह प्रकाशित किया जाता है कि पंचम झारखंड विधान सभा का नवम् (मानसून) सत्र के क्रम में दिनांक-05/09/2022 को सदन की बैठक आहूत की गयी है। सत्र में झारखंड विधान सभा परिसर में बिना वैध पत्रक बाह्य व्यक्तियों का प्रवेश निषिद्ध है। पत्रकार कर्मियों से आग्रह है कि कोविड पूर्ण टीकाकरण प्रमाण पत्र के साथ विधान सभा परिसर में आयेंगे।

(सैयद जावेद हैदर)
प्रभारी सचिव
झारखंड विधान सभा, रांची

ज्ञाप संख्या : जनसम्पर्क 04/2022-2197/वि.स., रांची, दिनांक : 03/09/2022

# सेना में महिला शक्ति

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को देश में बना पहला विमानवाहक पोत आइएनएस विक्रांत नौसेना को समर्पित किया। इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने देश की महिला शक्ति को नौसेना की शक्ति के साथ सांकेतिक तौर पर मिलाते हुए कहा कि आइएनएस विक्रांत जब हमारे समुद्री इलाके की रक्षा करने उतरेगा, तो उस पर महिला सैनिक भी होंगी। उनके शब्दों में, सागर की निस्सीम शक्ति के साथ असीम महिला शक्ति अब नये भारत की पहचान होगी। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि नौसेना ने सभी ब्रांच महिलाओं के लिए खोलने का फैसला कर लिया है। यह बड़ी घोषणा इसलिए भी है, क्योंकि पिछले कुछ समय से किये गये अथक प्रयासों के बावजूद भारतीय सशस्त्र सेनाओं में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बहुत कम है। ध्यान रहे, आर्मी और एयरफोर्स के मुकाबले नेवी में महिलाओं की मौजूदगी अच्छी है, लेकिन वहां भी यह महज 6.5 फीसदी है। प्रसंगवश एयरफोर्स में महिलाओं का प्रतिशत 1.08 फीसदी है और आर्मी में महज 0.56 फीसदी। बेशक सशस्त्र सेनाओं को दुनिया भर में पुरुषों का क्षेत्र माना जाता रहा है, लेकिन इसमें महिलाओं की संख्या हर जगह इतनी कम नहीं है। उदाहरण के लिए, 2020 में यूएस मिलिट्री एकेडमी में 23 फीसदी कैडेट महिलाएं थीं। भारत में सशस्त्र सेनाओं में महिलाओं की कम संख्या की एक वजह शायद यह है कि यहां नर्सिंग जैसी शाखाओं को छोड़ दें, तो महिलाओं को प्रवेश भी देर से मिला, लेकिन यह बात भी सही है कि वहां उनकी भूमिकाएं भी सीमित ही रहीं। होना तो यह चाहिए था कि उन्हें नयी-नयी भूमिकाओं में खुद को आजमाने और कठिन चुनौतियों को स्वीकार करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता, लेकिन कई मामलों में इसका उलटा देखने को मिला। हालांकि इसके पीछे किसी तरह की दुर्भावना के बजाय समाज की पितृसत्तात्मक सोच और महिलाओं की सुरक्षा की चिंता का ही ज्यादा रोल रहा, लेकिन फिर भी यह सच्चाई है कि सशस्त्र सेनाओं में महिलाओं ने जो उपलब्धियां अपने नाम दर्ज की हैं और जिस तरह से अपने लिए स्पेस क्रिएट करती जा रही हैं, उसका सबसे ज्यादा श्रेय पुरुष वर्चस्व वाले इस क्षेत्र में प्रवेश करने वाली पहली और दूसरी पीढ़ी की महिलाओं को और देश की न्यायपालिका को जाता है। सुप्रीम कोर्ट ने समय-समय पर दखल देकर महिलाओं के लिए यहां लेवल प्लेइंग फील्ड सुनिश्चित करने की कोशिश की है। हालांकि अब भी महिलाओं को आर्मी में कॉम्बैट रोल नहीं दिया जा रहा, लेकिन पिछले साल सुप्रीम कोर्ट के फैसले की बदौलत प्रतिष्ठित नेशनल डिफेंस एकेडमी की प्रवेश परीक्षा में बैठने की इजाजत पा लेने के बाद अब महिलाएं सेना के विभिन्न मोर्चों पर खुद को साबित करने में पीछे नहीं रहेंगी। ऐसे में प्रधानमंत्री की ताजा घोषणा न केवल सशस्त्र सेनाओं के अंदर सेवा दे रही महिलाओं को बल्कि इसका सपना देख रही लड़कियों को भी ताकत देगी।

**एयरफोर्स में महिलाओं का प्रतिशत 1.08 फीसदी है और आर्मी में महज 0.56 फीसदी। बेशक सशस्त्र सेनाओं को दुनिया भर में पुरुषों का क्षेत्र माना जाता रहा है, लेकिन इसमें महिलाओं की संख्या हर जगह इतनी कम नहीं है।**

**हमारे देश की 'लेबरफोर्स' बढ़ कर 43.72 करोड़ हो गयी, जो इसी साल मार्च में 42.84 करोड़ थी। भारत की विशाल वर्कफोर्स को देखते हुए महिलाओं के लिए रोजगार के नए अवसरों पर विशेष जोर दिये जाने की जरूरत है। आर्थिक सशक्तिकरण के माध्यम से ही महिलाएं सामाजिक-राजनीतिक क्षेत्र में मुक्ति महसूस कर सकती हैं। महिलाओं को कुशल करने की सरकार की विभिन्न पहल के जरिए उनके कौशल को बेहतर कर उनके नौकरियों में प्रवेश करने को और अधिक आसान किया जा सकता है।**

# कौशल विकास से दूर होगी कामगार महिलाओं की कमी

**दिनेश सूद**

दुनिया भर की अर्थव्यवस्था धीरे-धीरे पटरी पर आ रही है। इधर भारत में भी नौकरियों के बढ़ते अवसरों के बीच लोग लाभकारी रोजगार की तलाश में हैं। चीन के बाद भारत की 'वर्कफोर्स' दूसरे स्थान पर है, जिसमें करीब 45 प्रतिशत कृषि और संबंधित गतिविधियों में लगी हुई है। उद्योग में 26.18 प्रतिशत और सेवा क्षेत्र में 32.33 प्रतिशत लोग काम कर रहे हैं।

विश्व बैंक के आंकड़े देखने से दुख की बात यह है कि 2010 से 2020 के दशक के दौरान देश की वर्कफोर्स में महिलाओं की भागीदारी 26 प्रतिशत से घटकर 19 प्रतिशत रह गयी। इससे भी बड़ी चिंता की बात यह है कि कोरोना काल के दो साल में महिलाओं की भागीदारी महामारी के कारण और भी गिर कर 9 प्रतिशत रह गयी है।

हमारे देश की 'लेबरफोर्स' बढ़ कर 43.72 करोड़ हो गयी, जो इसी साल मार्च में 42.84 करोड़ थी। भारत की विशाल वर्कफोर्स को देखते हुए महिलाओं के लिए रोजगार के नए अवसरों पर विशेष जोर दिये जाने की जरूरत है। आर्थिक सशक्तिकरण के माध्यम से ही महिलाएं सामाजिक-राजनीतिक क्षेत्र में मुक्ति महसूस कर सकती हैं। महिलाओं को कुशल करने की सरकार की विभिन्न पहल के जरिए उनके कौशल को बेहतर कर उनके नौकरियों में प्रवेश करने को और अधिक आसान किया जा सकता है।

**2014 से अब तक केंद्र सरकार के मंत्रालयों और विभागों में 7.22 लाख से अधिक नौकरियां दी गयी हैं।**

अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आइएलओ) के मुताबिक भारत में 81.8 प्रतिशत महिला वर्कफोर्स अनौपचारिक अर्थव्यवस्था में काम कर रही हैं। हमारे देश में चार में से तीन महिलाएं किसी मान्यता प्राप्त आर्थिक गतिविधि से नहीं जुड़ी हैं। आने वाले दशक में करीब 7.5 करोड़ महिलाओं के देश की वर्कफोर्स में शामिल होने की उम्मीद है। इसके लिए सरकार को अभी से महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए उन्हें किसी हुनर में पारंगत करने की जरूरत है। देश की लगभग आधी वर्कफोर्स अर्थव्यवस्था को कम से कम 25 प्रतिशत प्रोत्साहन देने में मददगार है, इसलिए सरकार को नौकरियों के नये अवसर बढ़ाने के लिए सेवा एवं उद्योग क्षेत्र से जुड़े कौशल विकास पर बल देने की आवश्यकता है।



**कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीइ) द्वारा जुलाई 2015 में शुरू किये गये राष्ट्रीय कौशल विकास मिशन के तहत एक सुव्यवस्थित संस्थागत तंत्र राज्यों में कौशल प्रशिक्षण गतिविधियां बढ़ाने के लिए-रोजगार के अवसर और कौशल पर अतिरिक्त ध्यान देने के साथ महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कारगर होगा।**

केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने हाल ही में संसद को बताया कि उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआइ) योजनाएं, जिनकी घोषणा 2021-22 के केंद्रीय बजट में 5 साल की अवधि के लिए 1.97 लाख करोड़ रुपये के बजट के साथ की गयी थी उनसे करीब 60 लाख नयी नौकरियां प्राइवेट सेक्टर में बढ़ने की क्षमता है। 2014 से अब तक केंद्र सरकार के मंत्रालयों और विभागों में 7.22 लाख से अधिक नौकरियां दी गयी हैं। इसमें 2021-22 में केवल 38,850 नयी सरकारी नौकरियां दी गयी थीं, इसलिए सरकारी क्षेत्र में नौकरियों के अवसर बहुत सीमित हैं।

कहने की जरूरत नहीं है कि रोजगार के नये अवसर के साथ रोजगार में सुधार मौजूदा एनडीए सरकार की प्राथमिकता है। सरकार को यह सुनिश्चित करने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी कि नौकरियों में पहली बार प्रवेश की इच्छुक महिलाओं के सफल करियर के लिए उन्हें आवश्यक कौशल प्रदान किया जाये या उनके मौजूदा कौशल को आगे बढ़ाया जाये, ताकि वे सामाजिक-आर्थिक सीढ़ी पर आगे बढ़ सकें।

यहां यह उल्लेख करना गलत नहीं होगा कि सरकार को प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाइ) के तहत महिलाओं पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है, ताकि महिला उद्यमियों को स्वःरोजगार की सुविधा मिल सके। इस योजना के तहत सूक्ष्म या लघु व्यवसाय उद्यमों और व्यक्तियों को व्यावसायिक गतिविधियां स्थापित करने या विस्तार करने के लिए 10 लाख रुपये तक के कर्ज की व्यवस्था की गयी है। अधिक से अधिक महिलाएं पीएमएमवाइ की लाभार्थी बनें, इसके लिए कर्ज के मानदंड और सरल किये जाने की जरूरत है।

कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीइ) द्वारा जुलाई 2015 में शुरू किये गये राष्ट्रीय कौशल विकास मिशन के तहत एक सुव्यवस्थित संस्थागत तंत्र राज्यों में कौशल प्रशिक्षण गतिविधियां बढ़ाने के लिए-रोजगार के अवसर और कौशल पर अतिरिक्त ध्यान देने के साथ महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कारगर होगा। नौकरियों के अवसर में भेदभाव का शिकार हुईं महिलाओं के कौशल विकास से ही उन्हें आगे बढ़ाया जा सकता है।

देश के 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को बांटे गये 812 पीएमकेके में से 738 अब तक 707 जिलों में स्थापित किये जा चुके हैं। इनमें भी केंद्र सरकार को महिलाओं पर विशेष ध्यान की जरूरत है। अकेले सरकार के प्रयास तब तक सफल नहीं होंगे, जब तक प्राइवेट सेक्टर महिलाओं के कौशल विकास और उनकी 'अपस्किलिंग' के लिए कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत अपने खर्च को नहीं बढ़ाता। भारत में संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम द्वारा प्रकाशित एक रिपोर्ट- कॉरपोरेट एंगेजमेंट इन वूमेंस इकोनॉमिक इंपावरमेंट- 2019 में पाया गया कि देश की शीर्ष 100 फर्मों के कुल 6,314.30 करोड़ रुपये के सीएसआर खर्च में से सिर्फ 4 प्रतिशत महिलाओं के सशक्तिकरण पर खर्च किया गया।

**कारगर पहल :** कोरोना के बाद की पाबंदियों से लगता है कि कई कारोबारी समूह महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में अधिक काम कर रहे हैं। उदाहरण के लिए, सॉफ्टवेयर कंपनियों माइक्रोसॉफ्ट और गूगल ने कई राज्य सरकारों के साथ हाथ मिलाया है, ताकि महिलाओं को आर्टिफिशियल इंटैलीजेंस क्लाऊड कंप्यूटिंग डिजिटल मार्केटिंग आदि में कौशल हासिल करने में मदद मिल सके और वे डिजिटल इंडिया और स्किल इंडिया पहल से लाभ उठा सकें।

विशेष रूप से पिछड़े वर्गों और ग्रामीण क्षेत्रों से वर्कफोर्स में समान भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए दो-तरफा सांझेदारी महिलाओं की क्षमताओं का निर्माण करने का एकमात्र तरीका है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आइएमएफ) की मानें तो महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण से भारत की जीडीपी में 27 प्रतिशत वृद्धि की संभावना है।

**(लेखक : ओरेन इंटरनेशनल के सह-संस्थापक एमडी, नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के ट्रेनिंग पार्टनर हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता शुरू



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** कराटे डो एसोसिएशन ऑफ झारखंड के द्वारा 10वां राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता का शुभारंभ खेल गांव के स्थानीय टाना भगत इंडोर स्टेडियम में आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि एआईकेएफ के महासचिव सह कराटे डू एसोसिएशन ऑफ झारखंड के अध्यक्ष नंदजी प्रसाद ने कराटे के कला से हूश करा कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस अवसर पर नन्दजी प्रसाद ने कहा कराटे आत्मरक्षा के साथ साथ आत्मा निर्भर होने का अच्छा साधन है। इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों को आगामी दिसंबर माह में होने वाले राष्ट्रीय प्रतियोगिता एआइकेएफ में भाग लेने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा इस प्रतियोगिता में 15 जिले के खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। प्रतियोगिता का समापन रविवार को संध्या 3 बजे किया जायेगा। समापन समारोह में मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद सह प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश उपस्थित रहेंगे। प्रतियोगिता का आयोजन कराटे डो एसोसिएशन ऑफ रांची के द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में मुख्य रूप से शिहान विमल, आनंद नाग, सेंसाई, राहुल गोप,सेंसाई राजेश मोहंती,सेंसाई, नौशाद खान, सेंसाई कमल किशोर कच्छप, सेंसाई गुलाम जावेद, सेंसाई गुलाम गौस, अनील शर्मा, इबरार अंसारी सहित विभिन्न जिलों के रेफरी एवं जज उपस्थित है। प्रथम दिन में रांची का दबदबा बना रहा। शनिवार को प्रतियोगिता के दौरान 9 वर्ष के काता लड़कियों मे स्वर्ण प्रदक प्राप्त किये अदीती प्रिया (रांची), रजत आयुशी कुमारी (प०सिंभूम) कांस्य अनन्या जोली तिरु (रांची) शामिल है। वही 9 से 10 वर्ष काता लड़कियों में स्वर्ण अराध्या अस्तीका(रांची), रजत-रितीरंजन (प०सिंहभूम), कांस्य-सुप्रिया कुमारी (गढ़वा) शामिल है। 7वर्ष से निचे काता लड़कियों मे स्वर्ण नाईलाअनम (प०सिंहमूम), रजत-लाईबा तहसीन (रांची), कांस्य- शारीहा नाज(लोहरदगा) ने प्राप्त किया। 7 वर्ष के अंदर काता लड़कों में स्वर्ण-अली जफर (रांची), रजत-वैभव तेजस (पश्चिम सिंहभूम), कांस्य-असद राजा (रांची) एवं सतीश उरांव (लोहरदगा) को मिला। 7 वर्ष के अंदर काता लड़कों में स्वर्ण-अक्षर राज (रांची),रजत-प्रिंस गोस्वामी (पश्चिम सिंहभूम), कांस्य-बिक्रम घोष(रांची) एवं (धर्मेश कुजुर) रांची ने जीत हासिल की। 9 से 10 वर्ष काता लड़कों में स्वर्ण-शमीन अहमद (रांची), रजत-लक्ष्य कुमार (रांची), कांस्य- मनीष राज लकडा (रांची), स्वास्तिक महापात्रा(रांची) शामिल है। 10 से 11 वर्ष काता लड़कों में स्वर्ण-अमृत केरकेट्टा (रांची), रजत-अली आफताब (रांची),अमन राज लकरा(रांची), मिहिर कुमार पासवान( रामगढ़) शामिल है। वही 13 से 15 वर्ष काता लड़कों में स्वर्ण-अंकित कुमार महतो (रांची), रजत - रूपेश कुमार (रांची), कांस्य हेमंत कुमार (रांची) एवं फरहान अंसारी (रांची) ने विजय प्राप्त की।

# बीमार राजघराने की पौत्रवधु से केंद्रीय राज्यमंत्री रेणुका सिंह ने की मुलाकात

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चक्रधरपुर।** सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र का दौरा कर रांची लौटने के दौरान जनजाति मामले के केंद्रीय राज्यमंत्री रेणुका सिंह शनिवार की शाम अनुमंडल अस्पताल में भर्ती महाराजा अर्जुन सिंह के पौत्र बधु सुषमा सिंह से मुलाकात की। तत्पश्चात चिकित्सकों को बेहतर चिकित्सा करने का निर्देश दिया। वहीं मौजूद बीडीओ संजय सिन्हा को उनके पारिवारिक की माली हालात को भी बेहतर करने को कहा। मौके पर पूर्व विधायक गुरुचरण नायक आदि मौजूद थे। अनुमंडल अस्पताल चक्रधरपुर में भर्ती राजघराने की पौत्र बधु से सरायकेला राजा प्रताप आदित्य सिंहदेव के अलावा कोल्हान के विभिन्न क्षेत्रों के राज परिवार के लोगों ने अस्पताल पहुंच कर मुलाकात की। वहीं श्रीमती सिंह की शारीरिक हालत को जाना और बेहतर इलाज में सहयोग करने का आश्वासन दिया।

## ब्राउन शुगर, मोटरसाइकिल चोरी और मोबाइल छिनतई के मामले का खुलासा

# छह अपराधी गिरफ्तार



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** शहर में एसएसपी प्रभात कुमार के निर्देश पर सिटी एसपी के विजय शंकर के नेतृत्व में जमशेदपुर पुलिस अपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने में सफलता की ओर अग्रसर है। वरीय पुलिस पदाधिकारियों के निर्देश पर जमशेदपुर पुलिस लगातार अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई कर सफलता प्राप्त कर रही है। शनिवार जमशेदपुर पुलिस को एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है। सिदगोड़ा पुलिस ने एक ही दिन में तीन अपराधिक घटनाओं का खुलासा कर दिया। पुलिस ने ब्राउन शुगर, मोटरसाइकिल चोरी व मोबाइल छीनताई की घटना का खुलासा करते हुए छह आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। शनिवार को घटना के संबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी रंजीत कुमार ने बताया ब्राउन शुगर बिक्री की गुप्त सूचना पुलिस को मिल रही थी। वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर टीम का गठन कर छापामारी के दौरान बागुनहातु डी ब्लॉक के पास से ब्राउन शुगर के साथ दो आरोपी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में जॉन टोपनो और रोहित सिंह शामिल है। तलाशी के दौरान 17 पुड़िया ब्राउन शुगर बरामद किया गया। मौके पर थाना प्रभारी रंजित कुमार ने बताया जॉन टोपनो इलाके में ब्राउन शुगर की बिक्री का काम करता है।

वहीं दूसरी ओर बागबेड़ा निवासी पंचानन डे से मोबाइल लूट करने के मामले में पुलिस ने भुईयांडीह निवासी राहुल बागती और विष्णु यादव को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों के पास से लूटे गए मोबाइल भी बरामद कर लिया। सिदगोड़ा थाना प्रभारी रंजीत कुमार ने बताया घटना 17 अगस्त की है। पंचानन टाटा स्टील में ठेका कर्मी का काम करता है। काम से लौटने के दौरान बाइक सवार अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया था। घटना के दौरान बरामत बाइक सीतारामडेरा से चोरी की गई थी।

बीते दिन सिदगोड़ा थाना क्षेत्र के बागुनहातु निवासी मोहन पंडित की बाइक चोरी होने की सूचना पर लिखित शिकायत पुलिस को मिली थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दी। शुक्रवार को वाहन जांच के दौरान तिलक पथ निवासी रोहित गुप्ता उर्फ बोंगा और नेपाली टाउन निवासी गणेश सिंह उर्फ मासूम को बिना नंबर के बाइक के साथ पकड़ा गया। दोनो की निशानदेही में चोरी की दो अन्य बाइक भी पुलिस ने बरामद कर ली। दूसरी बाइक सीतारामडेरा थाना क्षेत्र से चोरी की गई थी।

जानकारी देते हुए थाना प्रभारी रंजित कुमार ने बताया सूर्य मंदिर के पास जांच के दौरान बिना नंबर की एक बाइक को आते देखा गया। पूछताछ के दौरान दोनो ने चोरी की बाइक होने की बात बताई गई। जांच के बाद सभी आरोपियों को जेल भेज दिया गया। शनिवार को सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# सुंदरनगर विकास भारती में तीन दिनी आवासीय प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** राष्ट्रीय पोषण माह के अवसर पर सुंदरनगर विकास भारती में तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यशाला का शनिवार को सम्पन्न हुई। शनिवार को तीन दिवसीय प्रशिक्षण में मातृ पोषण,स्तनपान,उपरी आहार के संबंध में विशेष चर्चा की गई। इस दौरान कुपोषण के विभिन्न आयाम जैसे अतिकुपोषण, मध्यम कुपोषण, कम वजन, अनिमिया, समुदाय आधारित कुपोषण प्रबंधन,गृह आधारित एवं समुदाय आधारित पोषण वाटिका को विकसित करने एवं पोषण माह को सफल बनाने के लिए प्रखंड एवं ग्राम स्तरीय कार्य योजना भी तैयार की गई। सभी प्रतिभागियों को कुपोषण मापने के विभिन्न यंत्रों में वजन मशीन, लंबाई मापने वाले यंत्र पर अभ्यास कराया गया। साथ ही इसके तकनीकी पहलू को भी बताया गया। प्रशिक्षण के दौरान 5 बाल विकास परियोजना के पदाधिकारी एवं 25 महिला पर्यवेक्षिका के अलावा टाटा स्टील फाउंडेशन के रूथ केरकेट्टा, हरिहर मदीना,लनंदन साहु,पुष्पा मुर्मू,के पी वमा,अमेरिकन इंडियन फाउंडेशन से अनुपम सरकार, यूनिसेफ से राम नाथ राय एवं नेशनल हेल्थ मिशन से डॉ जगन्नाथ हेंब्रम शामिल रहे।

## शिविर में 78 बार रक्तदान करने वाले युवक को पूर्व सीएम ने किया सम्मानित

# जीवन का सबसे मूल्यवान दान है रक्तदान युवा जॉनी से प्रेरणा लें : रघुवर दास

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**जमशेदपुर।** मनुष्य जीवन में रक्तदान महादान है। रक्त के बिना मनुष्य का जीवित रहना असंभव हैं। मनुष्य के जीवन में रक्तदान निरंतर करना बहुत बड़ी मिसाल हैं। शनिवार को जमशेदपुर के बिरसानगर निवासी व टाटा मोटर्स कर्मी तेजिंदर सिंह जॉनी ने 78 बार लगातार रक्तदान कर समाज मे एक मिशाल पेस की। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने तेजिंदर सिंह जॉनी को अपने अवासीय कार्यालय में शॉल ओढ़ा कर एवं पौधा भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही उन्होंने इस नेक कार्य के लिए जॉनी की भूरी-भूरी प्रशंसा की। रक्तदान का शतक लगाने की भी कामना की हैं।

राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा मनुष्य के जीवन का सबसे मूल्यवान दान रक्तदान होता हैं। जिसकी तुलना किसी अन्य दान से नहीं की जा सकती। आए दिन अस्पतालों में रक्त की आवश्यकता पड़ती हैं। ताकि हम अपनों की जान बचा सकें। उन्होंने कहा आज के युवाओं को तेजिंदर सिंह जॉनी से प्रेरणा लेनी चाहिए। साथ ही सामाजिक दायित्व को समझते हुए रक्तदान अवश्य करना चाहिए। इस दौरान भाजपा नेता दिनेश कुमार, चंद्रशेखर मिश्रा, गुंजन यादव, राकेश सिंह, अमरजीत सिंह राजा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### उपायुक्त ने की जिले में कार्यरत विभिन्न कर्मियों की सेवा संपुष्टि के संबंध में स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जिला स्थापना शाखा की ओर से जिले में कार्यरत विभिन्न कर्मियों की सेवा संपुष्टि करने के संबंध में स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के विभिन्न कार्यालयों में कार्यरत कुल 36 व्यक्तियों की सेवा संपुष्टि से संबंधित निर्णय लिए गए। सेवा संपुष्टि हेतु 04 लिपिकों के प्रस्ताव प्राप्त हुए, जिनमें 02 लोगों की सेवा संपुष्टि की गई, जबकि, शेष 02 लोगों के विभागीय लेखा परीक्षा अनुत्तीर्ण होने के कारण नहीं हो सका। कुल 16 राजस्व उपनिरीक्षक, 01 अमीन, 08 अनुसेवक एवं 07 चालकों सहित कुल 36 लोगों की सेवा संपुष्टि हेतु प्रस्ताव प्राप्त हुए थे। उक्त बैठक में उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय, अपर समाहर्ता पंकज कुमार सिंह, निदेशक डीआरडीए दिनेश प्रसाद सुरीन, अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा राज महेश्वरम एवं स्थापना प्रभारी अरुण उरांव तथा अन्य लोग उपस्थित थे।

### अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के जिला संयोजक ब्रजेंद्र पाठक और जिला अध्यक्ष बने मनोज तिवारी



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा राष्ट्रीय के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष कमलेश पाठक ने कहा कि ब्राह्मण समाज के लोग पूरी तरह से एकजुट हैं तथा ब्राह्मण हित की बात करने वाली पार्टी व सरकार को ही समाज का समर्थन मिलेगा। समाज द्वारा राज्यपाल व मुख्यमंत्री को सात सूत्री मांगपत्र सौंपने का निर्णय लिया गया है। जिसमें सवर्ण आयोग का गठन करने, गरीबी रेखा वाले समाज के लोगों को शिक्षा से लेकर नौकरी तक 15 प्रतिशत आरक्षण देने, राज्य के सभी जिलों में एक एक संस्कृत विद्यालय खोलने एवं आचार्य की नियुक्ति करने, झाररखंड के सभी मंदिरों के पुजारियों को सरकारी वेतन देने, गरीब सवर्ण के छात्र-छात्राओं को अन्य जाति की तरह सुविधा प्रदान करने, एससी, एसटी एक्ट में बदलाव करते हुए सही साक्ष्य मिलने पर ही एफआईआर व गिरफ्तारी करने, भगवान परशुराम की जयंती पर दो दिन का सरकारी अवकाश घोषित करने तथा एसटी, एससी एक्ट की तरह सवर्ण की सुरक्षा के लिए सवर्ण एक्ट बनाने की मांगें शामिल हैं। उन्होंने कहा कि जिले में संगठन को मजबूत व धारदार बनाने के लिए पदाधिकारियों को मनोनयन किया गया है। जिसके तहत विशुनपुर निवासी ब्रजेंद्र कुमार पाठक को जिला संयोजक बनाया गया है। जबकि दुबे मरहटिया निवासी मनोज कुमार तिवारी को जिला अध्यक्ष मनोनित किया गया है। इसी प्रकार नवादा गांव निवासी राजीव भारद्वाज को जिला सचिव बनाया गया है। जिले के पदाधिकारियों को सात दिन के अंदर जिला कमेटी का विस्तार करने को कहा गया है। जबकि जिलाध्यक्ष को एक माह में सभी प्रखंडों में कमेटी गठित करने का निर्देश दिया गया है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि समाज में एकजुटता हो, कुरीतियों को समाज से मिटाने, अमीर गरीब की खाई समाप्त करने, समाज के गरीब तबके के लोगों की मदद करने को ले विशेष अभियान चलाया जाएगा। पत्रकार वार्ता में समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद तिवारी, आनंद मोहन तिवारी, अवनेंद्र मिश्रा, यशवंत मिश्रा, रामउदार पांडेय आदि उपस्थित थे।

### मझिआंव नगर पंचायत की बैठक में 55 योजनाओं का किया गया चयन



**मझिआंव (आजाद सिपाही)।** मझिआंव नगर पंचायत कार्यालय में कार्यपालक पदाधिकारी निकिता बाला की अध्यक्षता में बैठक की गई। बैठक में नाली एवं पीसीसी पथ सहित 55 योजनाओं को लेने का निर्णय लिया गया। जबकि बाजार स्थित मुख्य सड़क के बगल में राजकीय मध्य विद्यालय से लेकर बैलगाड़ी घाट तक नाला निर्माण कराने के लिए पीडब्ल्यूडी विभाग को नगर पंचायत कार्यालय के द्वारा पत्राचार करने का निर्णय लिया गया। बैठक के दौरान कार्यपालक पदाधिकारी निकिता बाला ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को गुणवत्तापूर्ण योजनाओं को धरातल पर उतारने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि लोगों को बिजली, नाली एवं पहुंच पथ जैसी अन्य मूलभूत समस्याओं का निदान करने का प्रयास किया जा रहा है। अब सुविधाओं के लिए नगर पंचायत कार्यालय का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा क्योंकि मैं अपनी टीम के साथ नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में डोर टू डोर जाकर मूलभूत जन समस्याओं से खुद अवगत हो रही हूं। ताकि प्राथमिकता के आधार पर योजनाओं को क्रमबद्ध तरीके से निर्माण किया जा सके। अंत में उन्होंने कार्यालय कर्मियों को अपने कार्यशैली में सुधार लाने का निर्देश दिया और कहा कि विकास कार्यों में पूरी ईमानदारी के साथ सहयोग करें साथ ही होल्डिंग टैक्स की वसूली मे तेजी लाने को कहा। साथ ही उन्होंने कहा कि बहुत जल्द चयनित योजनाओं को स्वीकृति दिलायी जाएगी। बैठक में मुख्य रूप से नगर मिशन प्रबंधक कौशल कुमार ठाकुर, सीएलटीसी संजय कुमार विश्वकर्मा, प्रधान सहायक अनूप कुमार तिवारी, कनिय अभियंता पंकज कुमार एवं प्रमोद उरांव, स्वच्छता प्रभारी राकेश श्रीवास्तव, नाजीर अमित पाठक, विश्वनाथ कुमार, विकास कुमार सिंह सहित कई कर्मी मौजूद थे।

**आक्रोश :** भाजपा गढ़वा जिला का प्रतिनिधिमंडल ओबरा गांव की पीड़िता से मिलने सदर अस्पताल पहुंचा

# झामुमो सरकार में राज्य में बेटियां सुरक्षित नहीं हैं : अलखनाथ पांडेय

**ओबरा के मुस्लिम समुदाय के लोगों ने आदिवासी बच्ची के साथ मारपीट कर नग्न अवस्था में खुलेआम सड़क पर फेंक दिया था**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** भाजपा गढ़वा जिला का एक प्रतिनिधिमंडल जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी के नेतृत्व में ओबरा गढ़वा की पीड़िता से मिलने सदर अस्पताल गढ़वा पहुंचा। सदर अस्पताल पहुंचने पर पीड़िता का अस्पताल में रिकार्ड नहीं मिल रहा था। कोई यह बताने को तैयार नहीं था कि पीड़िता कहां है। बहुत खोजने के बाद किसी तरह पीड़िता का पता चला। उसके मिलने के बाद अस्पताल कर्मियों ने रिकार्ड खोजकर डीएस को दिखाया। भाजपा प्रतिनिधिमंडल आदिवासी समाज की लड़की पीड़िता एवं उसकी मां से घटना की जानकारी ली। पीड़िता एवं उसकी मां ने बताया कि ओबरा के मुस्लिम समुदाय के लोगों ने पीड़िता बच्ची के साथ मारपीट कर नग्न अवस्था में खुलेआम सड़क पर फेंक दिया था।

मौके पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अलखनाथ पांडेय ने कहा कि झामुमो सरकार में बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। गढ़वा जिला सहित पूरा झारखंड अशांत हो चुका है। आदिवासी मुख्यमंत्री होने के बाद भी एक आदिवासी की बेटी तक सुरक्षित नहीं है, तो पूरा झारखंड कैसे सुरक्षित रहेगा। उन्होंने कहा कि मुस्लिम समुदाय के लोगों के द्वारा ओबरा में बहुत बड़ा घृणित अपराध किया गया है। जिस तरह की जानकारी मिली है उसमें प्रशासन को कड़ा कदम उठाना चाहिए था। इसमें पोस्को एक्ट के तहत मुकदमा दायर किया जाना चाहिए था। लेकिन जो जानकारी मिली है उसमें अपराधियों के ऊपर पोस्को एक्ट नहीं लगाया गया है। इससे यह साबित होता है कि पुलिस भी कहीं न कहीं दबाव में काम कर रही है। पीड़िता का अस्पताल रिकॉर्ड भी छिपाने का प्रयास किया गया। जिससे यह पता चलता है कि मामले को दबाने का भरपूर प्रयास किया जा रहा है। भाजपा जिला महामंत्री संतोष दुबे ने कहा कि झामुमो सरकार में जनता सुरक्षित नहीं है। वर्तमान में हेमंत सरकार का पुलिस प्रशासन अपराध रोकने में विफल साबित हो रहा है। जिस तरह से आदिवासी समाज की नाबालिग लड़की को मारपीट कर नंगा कर फेंक दिया गया, लेकिन सरकार में बैठे स्थानीय मंत्री विधायक पीड़िता को देखने तक नहीं गये यह दुर्भाग्यपूर्ण है।

प्रतिनिधिमंडल में भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विवेकानंद तिवारी, भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे, जिला महामंत्री विकास तिवारी, मीडिया प्रभारी लक्ष्मीकांत पाण्डेय, बृजेश धर दुबे, नीरज पाठक, सुप्रीत केशरी, ओमप्रकाश पासवान सहित अन्य कई लोग शामिल थे।



### पीड़िता को न्याय नहीं मिला तो आंदोलन हमारी बाध्यता होगी : ओम प्रकाश केशरी

**भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी ने कहा कि पीड़िता आदिवासी लड़की के मामले में पोस्को एक्ट के तहत मुकदमा दायर किया जाना चाहिए। क्योंकि पीड़िता को नंगा कर सड़क पर फेंका गया है। इससे यह साबित होता है कि अपराधी गलत मंशा से मारपीट किये हैं। पुलिस प्रशासन अपराधियों के ऊपर एफआईआर में फिर से संशोधन कर पोस्को एक्ट जैसी गंभीर धाराओं को जोड़कर अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाये। अन्यथा भाजपा आदिवासी समाज की पीड़िता के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं करेगी। अगर पीड़िता को सही तरीके से इलाज नहीं हुआ और न्याय नहीं मिला तो आंदोलन हमारी बाध्यता होगी।**

## छत्तीसगढ़ व पलामू को जोड़नेवाला दानरो नदी का पुल हुआ क्षतिग्रस्त



**घंटों लगे जाम से आवागमन हो रहा है प्रभावित**

**बड़ा गड्ढा हो जाने से दुर्घटना होने की बनी हुई है आशंका**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिले से छत्तीसगढ़ एनएच 343 व पलामू शाहपुर को जोड़ने वाला दानरो नदी पर स्थित पुल क्षतिग्रस्त होने से आवागमन बाधित हो गया है। वहीं घंटों जाम की स्थिति बनी रह रही है। जबकि बड़ी घटना घटित होने की आशंका भी बनी हुई है।

यह पुल जिला मुख्यालय का लाइफ लाइन है, जो छत्तीसगढ़ राज्य व पलामू जिले को जोड़ता है। इस पुल पर रोजाना हजारों की संख्या में लोगों का जिला मुख्यालय में आवागमन है। वहीं पड़ोसी राज्य यूपी एवं बिहार से भी लोगों को छत्तीसगढ़ जाने के लिए इसी पुल से होकर गुजरना पड़ता है। किंतु इस पुल की स्थिति इतनी जर्जर हो गई है कि बड़े-बड़े गड्ढे हो जाने से बड़ी दुर्घटना होने की आशंका बनी हुई है। एक ओर बड़ी गाड़ी बॉक्साइट लोड कर जब इस पुल से गुजरती है तो लोगों को जान हथेली पर लेकर पुल पार करना पड़ता है। यह पुल अंग्रेजों के शासन काल में बना हुआ है। जो लगभग 70 से 80 वर्ष पुराना हो चुका है। इसका नया निर्माण एवं मरम्मत नहीं होने से पुल के निचले हिस्से में कई जगह दरारें आ गयी हैं। वहीं पुल के ऊपरी हिस्से में बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। पुल पर पैदल आवागमन करने में लोगों को भी काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। कोई मोटरसाइकिल या फोर व्हीलर जाने के दौरान गड्ढे से गन्दा पानी पड़ता है। साथ ही कई बार मोटरसाइकिल सवार महिला-बच्चे भी गड्ढे में अचानक गाड़ी जाने से गिर जाते हैं। जिससे बड़ी दुर्घटना की संभावना बन जाती है। इस पर गढ़वा प्रशासन को ध्यान देने और जल्द ही पहल कर मरम्मत कराने की जरूरत है, ताकि कोई भी बड़ी घटना घटित होने से पहले पुल बन जाये। वहीं जन प्रतिनिधि नेतागण भी इस पर गहनता से विचार-विमर्श कर पुल का निर्माण कराने का कार्य करें।

## विधायक भानु प्रताप शाही ने उपराष्ट्रपति से मिल कर अपने विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया

**विधायक ने झारखंड आने और खासकर श्री बंशीधर नगर आने का आमंत्रण भी दिया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हरिहरपुर।** क्षेत्रीय विधायक भानु प्रताप शाही ने उपराष्ट्रपति से मिलकर झारखंड के साथ-साथ अपने विधानसभा क्षेत्र भवनाथपुर से अवगत कराया। प्राप्त जानकारी के अनुसार विधायक भानु प्रताप शाही ने देश के नये उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मिलकर भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र की सभी विषयवस्तु से अवगत कराया तथा क्षेत्र में स्थिति विख्यात श्री बंशीधर नगर की महत्ता के विषय में विशेष चर्चा की। उसके साथ-साथ क्षेत्र की सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी पर भी विशेष चर्चा की। उन्होंने वर्तमान में सुखाड़ की मार झेल रही गढ़वा जिले के किसानों की ओर से उपराष्ट्रपति से चर्चा की तथा बताया कि यदि भवनाथपुर विधानसभा पर विशेष ध्यान दिया जाए तो यहां के किसान अपने खेतों में कीमती उपज पैदा कर देश में एक अलग ही पहचान बना सकते हैं। उसके साथ साथ उन्होंने झारखंड में वर्तमान में जोरों पर चल रही राजनीतिक मुद्दे पर भी चर्चा की व अंकिता हत्याकांड मुद्दे को भी उपराष्ट्रपति के समक्ष रखा। विधायक भानु ने झारखंड आने और खासकर श्री बंशीधर नगर आने का आमंत्रण भी दिया। इधर हरिहपुर भाजपा मंडल से अध्यक्ष विनोद बिहारी द्विवेदी, सासंद प्रतिनिधि सूर्यदेव सिंह, विधायक प्रतिनिधि संतोष सिंह ने विधायक भानु प्रताप शाही के द्वारा किये गए इस कार्य के लिए धन्यवाद देते हुए उन्हें ढेर सारी शुभकामनाएं भी दी।

### पुलिस ने मारपीट के आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के झुमरी निवासी सह लरहरा प्राथमिक विद्यालय के सहायक शिक्षक मनोज प्रजापति को भवनाथपुर पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उक्त शिक्षक के विरुद्ध स्थानीय थाने में अपनी सगी भाभी और भतीजी के साथ मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिये जाने को लेकर उनके भाई उपेंद्र प्रजापति ने नामजद प्राथमिक दर्ज करायी थी। इसी अलोक में पुलिस ने मामले की जांचोंपरांत आरोपी सहयोगी शिक्षक को दोषी पाते हुए गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### मुखिया ने श्राद्ध कार्य के लिए किया सहयोग

**केतार (आजाद सिपाही)।** मुकुन्दपुर पंचायत के मुखिया मूंगा साह ने सिंघपुर निवासी मृतक फिरंगी राम के परिजनों को श्राद्ध कार्य के लिए 50 किलो आटा, अन्य सामग्री एवं 1100 रुपये का आर्थिक सहयोग किया। मृतक के परिजनों ने बताया कि उन्हों अभी तक कोई भी आवास योजना का लाभ नहीं मिला है। जिससे मिट्टी के खपरैल घर में गुजर-बसर करते हैं। मुखिया ने शीघ्र आवास दिलाने की बात कही। उन्होंने कहा कि गरीब-असहाय लोगों की मदद हमेशा करते रहेंगे। कोई भी व्यक्ति को भूखा सोने नहीं देंगे। मौके पर वार्ड सदस्य संतोष पासवान, शंभू शाह, कृष्णा साह, संतोष कमलापुरी, मणिलाल गुप्ता, अंकित कुमार गुप्ता, भारद्वाज कुमार, कुलदीप राम सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### श्री श्री ठाकुर अनुकूलचंद्र जी के अनुयायियों ने किया सत्संग सह भंडारा का आयोजन



**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** श्री श्री ठाकुर अनुकूलचन्द्र जी के अनुयायियों द्वारा जंगीपुर ग्राम निवासी अजय कुमार के आवास पर शुभ आगमन दिवस के अवसर पर सत्संग सह भंडारा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उषा कीर्तन मंडली द्वारा प्रभातफेरी निकालकर किया गया। प्रभातफेरी सत्संग उपासना केंद्र उर्जितपा से निकलकर मुख्यपथ से होते हुए स्टेशन रोड, जंगीपुर का भ्रमण करते हुए उर्जितपा पहुंचकर सम्पन्न हुई। इसके बाद प्रातः कालीन प्रार्थना की गयी। सत्संग जगत में दो सितंबर को शुभ दिवस माना जाता है। संध्या समय सत्संग का शुभारंभ शंख ध्वनि के साथ दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद सत्यानु शरण पाठ व नारी नीति पाठ किया गया। इष्टचर्चा करते हुये ऋत्विक विजय नंदन प्रसाद सिन्हा ने उपस्थित लोगों से श्री श्री ठाकुर जी के बताये भावधारा पर चलने का आह्वान किया। भंडारा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया। सत्संग में अखिलेश प्रसाद, राजकुमार, रंजन कुमार, राहुल कुमार, संजय कुमार, शक्तिदास सिन्हा, धृतिदीप्त, माला देवी, अनिता सिन्हा, दीपमाला, निर्मला जायसवाल, चंचला गुप्ता, सतवंती देवी, गीता कुमारी, स्वाति कुमारी, धनंजय कुमार, आशीष कुमार, पप्पू कुमार, शरण व्रत सहित बड़ी संख्या में सत्संगी वृन्द शामिल थे।

### धुरकी में वज्रपात से युवक की मौत

**धुरकी (आजाद सिपाही)** थाना क्षेत्र के खुटिया पंचायत के चटकहवा टोला निवासी धीरन कोरवा (24) पुत्र मुकेश कोरवा की मौत शनिवार को बज्रपात की चपेट में आने से हो गई। मिली जानकारी के अनुसार मुकेश कोरवा अपने घर से खाना खाकर निकल रहा था, तभी दरवाजा के पास वज्रपात हुई और घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मुकेश की पिछले साल ही शादी हुई थी। इस घटना के जानकारी मिलते ही धुरकी थाना प्रभारी सदानंद कुमार अपने दल बल के साथ पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया। जानकारी मिलते ही खुटिया पंचायत मुखिया प्रतिनिधि इस्लाम खान, उप मुखिया धीरेंद्र चंद्रवंशी, बीडीसी प्रतिनिधि कमलेश कुमार सिंह, समाजसेवी अमरेश कुमार यादव, एकराम खान, रामप्रवेश यादव, इकबाल खान सहित अन्य ग्रामीण परिजनों को ढाढ़स बंधाया।

कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक नागरिक प्रमंडल, राँची

निविदा रद्द सूचना

इस कार्यालय के अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 04/2021-22 Group "A" जो समाचार पत्रों में P.R. No. 263778 Drinking Water and Sanitation (21-22)#D द्वारा प्रकाशित किया गया था, को नियम एवं शर्त की कंडिका 18 के आलोक में अपरिहार्य कारणों से एतद् द्वारा रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियन्ता
पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक नागरिक प्रमंडल, राँची।

PR 277008 (Drinking Water and Sanitation) 22-23 (D)

किसान कॉल सेंटर–18001801551
कृषि प्रौद्योगिकी प्रबन्धन अभिकरण (आत्मा), रामगढ़
नया समाहरणालय भवन, भूतल, ब्लॉक- सी०, छत्तरमाण्डू, रामगढ़। (825101)
ई०मेल– atmaramgarh@gmail.com
वेबसाईट– atmaramgarh.org.in

शुद्धि पत्र

प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना (पी.एम.के.के.वाई) अंतर्गत रामगढ़ जिला में Cluster Approach Organic Farming कार्य हेतु PR 275804 (Agriculture)22-23*D द्वारा RFP जमा करने की अंतिम तारिख 06.09.2022 के अपराह्न 02:00 बजे तक है। उक्त तिथि को राजपत्रित अवकाश होने के कारण तिथि में सुधार करते हुए सील बन्द RFP प्राप्त करने एवं खोलने की तिथि का निर्धारण निम्नवत् किया जाता है:–

1. RFP प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय – दिनांक 08.09.2022 समय 02:00 अपराह्न तक
2. RFP खोलने की तिथि एवं समय – दिनांक 10.09.2022 समय 11:00 पूर्वाह्न

शेष नियम व शर्तें यथावत् रहेंगी।

ह0/–
परियोजना निदेशक,
आत्मा, रामगढ़।

PR.NO.277039 Agriculture(22-23):D

**कार्यक्रम :** अग्निवीर की भर्ती में इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए युवा संघर्ष सेना के बैनर तले मॉक टेस्ट प्रतियोगिता का आयोजन

# मॉक टेस्ट में क्षेत्र के कुल 250 अभ्यर्थियों ने भाग लिया

**प्रतिभागियों के लिए 1600 मीटर दौड़ का किया गया था आयोजन**

**प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि रिटायर्ड कर्नल संजय सिंह थे**

आजाद सिपाही संवाददाता



**कांडी।** शनिवार को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत गरदाहा हाई स्कूल के मैदान में अग्निवीर योजना के तहत सेना में अग्निवीर की भर्ती में इच्छुक अभ्यर्थियों के समक्ष युवा संघर्ष सेना के बैनर तले मॉक टेस्ट एक प्रतियोगिता के रूप में आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि रिटायर्ड कर्नल संजय सिंह थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि संजय सिंह ने उपस्थित सभी अभ्यर्थियों से मिलकर किया। मॉक टेस्ट में क्षेत्र में कुल 250 अभ्यर्थियों ने भाग लिया। जिसमें 1600 मीटर की दौड़ आयोजित की गई थी। टेस्ट के दौरान जिन अभ्यर्थियों के द्वारा छोटी-बड़ी गलतियां हो रही थीं। उन्हें तुरंत ही मुख्य अतिथि के द्वारा बताया जा रहा था ताकि भविष्य में अभियर्थी ऐसी गलतियों की पुनरावृत्ति ना करें।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि संजय सिंह ने मौके पर उपस्थित अभ्यर्थियों व ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि युवा संघर्ष सेना के द्वारा बहुत ही सराहनीय कार्य किया गया, जो क्षेत्र के सभी युवाओं को प्रेरित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं के शारीरिक क्षमता बढ़ाने के लिए यदि कोई आगे आता है तो उससे अच्छी बात कुछ नहीं हो सकती। आज हमरा युवा वर्ग बहुत ही गर्त में जाता दिख रहा है। आज के युवा सोशल मीडिया के व्हाट्सएप और फेसबुक प्लेटफार्म पर ज्यादा समय व्यतीत कर रहे हैं, जो अत्यंत ही चिंता की विषय बनी हुई है। युवाओं का दिन-प्रतिदिन जमीन से लगाव कम होता जा रहा है। जिससे शारीरिक क्षमता घटती जा रही है। अतः हमें आवश्यकता है कि युवा वर्ग को ज्यादा से ज्यादा जमीन से जुड़ने के लिए प्रेरित करें ताकि उनकी शारीरिक क्षमता बढ़ सके।

मौके पर युवा संघर्ष सेना के संस्थापक अनूप उपाध्याय, अविनाश कुमार, शुभम पांडेय, दीपक कुमार सिंह, ब्रम्हा उपाध्याय सहित सैकड़ों ग्रामीण मैदान पर उपस्थित थे।

कार्यालयः जिला परिवहन पदाधिकारी, हजारीबाग
जिला स्कुल के नजदीक, झील रोड, हजारीबाग। पिन–825301
E-mail: dtohazaribag@gmail.com

आम सूचना

बनाम
1. अवधेश यादव,
पिता– महेन्द्र यादव
पता– भगिया मुरपा बालुमाथ, लातेहार

बजरिये आम सूचना सूचित किया जाता है कि वाहन संख्या JH02AY-7071 का हस्तांतरण के संबंध में आवेदक मोनु कुमार गुप्ता, पिता– दिलीप प्रसाद गुप्ता, पता– नवादा सिमरिया, चतरा हजारीबाग के द्वारा आपति आवेदन दिया गया है।

दिनांक– 09.09.2022 को समय 11:00 बजे पूर्वाहण में अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय प्रकोश्ट में उपस्थित होकर सभी संबंधित दस्तावेजों के साथ स्पश्ट करें कि किस परिस्थिति में विकेता का गलत साक्ष्य प्रस्तुत कर कार्यालय को गुमराह करते हुए हस्तांतरण कराया गया। क्यों नहीं आपके इस कृत्य को धोखा धाडी समझते हुए वाहन हस्तान्तरण रद्द कर प्राथमिकी दर्ज कर दिया जाए।

इसे सख्त ताकिद जानें।

जिला परिवहन पदाधिकारी,
हजारीबाग, झारखण्ड

PR 277047 (Transport)22-23*D

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 04 सितंबर, 2022
www.azadsipahi.com
08

## सात दिवसीय जया किशोरी कथा वाचन के कार्य प्रगति की समीक्षा

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। समस्त साहू परिवार और लोहरदगा जिला क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से पांच से 11 सितंबर तक होने जा रहे सात दिवसीय जया किशोरी कथा वाचन और नाट्य मंडली द्वारा आयोजित कार्यक्रम को लेकर ललित नारायण मिश्र स्टेडियम में कार्य प्रगति की एक समीक्षात्मक बैठक हुई। जिसमें कार्यक्रम को ऐतिहासिक , स्मरणीय बनाने को लेकर चर्चा हुई। जिसमें शहर व पंडाल सजा, पेय जल, श्रद्धालुओं की बैठनेकी व्यवस्था,पार्किंग, प्रसाद, साफ-सफाई , वॉशरूम, विद्युत, वरिष्ठ नागरिकों के बैठने की व्यवस्था, बैज आदि विषयों पर बातें हुई। इस मौके पर अशोक यादव, संजय बर्मन, सुरेश ठाकुर, सुधीर अग्रवाल, धर्मेंद्र कुमार, बंटू जयसवाल, दुर्गा प्रजापति, विनोद सिंह, जयप्रकाश शर्मा, पंकज जयसवाल, जयदीप भगत, हिमांशु केसरी, अमित कुमार, जयजीत चौबे आदि मौजूद थे।

### पलामू से लौटने के क्रम में चंदवा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत, सुनी गई समस्याएं

# गांव वालों पर पुलिस का अत्याचार बंद नहीं हुआ तो करेंगें आंदोलन : दीपक प्रकाश

आजाद सिपाही संवाददाता


पार्टी कार्यकर्ताओं और व्यापारियों के साथ बैठक करते दीपक प्रकाश व अन्य।

**चंदवा।** पलामू जिले के दौरा के दौरान झारखंड प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दीपक प्रकाश, राज्यसभा सांसद आदित्य साहू और प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव शुक्रवार की रात डाक बंगला में ठहरे थे। जहां चंदवा के व्यवसायियों के प्रतिनिधि मंडल के अलावा पार्टी नेताओं-कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। व्यवसायियों के प्रतिनिधियों ने अपनी समस्याओं से दीपक प्रकाश को अवगत कराया। इस पर दीपक प्रकाश ने कहा कि पूरे राज्य में कानून व्यवस्था चरमराई हुई है। कहीं पुलिस कोयला चोरी में शामिल है तो कही गुंडागर्दी कर रही है। यदि आम नागरिकों को बेवजह परेशान किया गया तो भाजपा चुप नहीं बैठेगी। सड़क पर उतरकर आंदोलन भी करेगी। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी ग्रामीण के साथ पुलिस अत्याचार करती है तो भाजपाई चुप नहीं रहेंगें। पुलिस द्वारा व्यवसायियों के साथ मारपीट की घटना को दुर्भाग्यपूर्ण करार देते हुए कहा कि इसकी शिकायत राज्य के डीजीपी और मुख्यसचिव से किया जाएगा। वहीं, दुकानदार संघ के अध्यक्ष अजय कुमार ने दीपक प्रकाश को घटना के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि मारपीट की घटना के बाद से व्यवसायियों में दहशत है। दुकानदारों पर फर्जी केस भी किया गया है। व्यवसायी अपना धंधा करेंगे या केस मुकदमा लड़ेंगे। उधर, भाजपा नेताओं ने इंस्पेक्टर मदन कुमार शर्मा और घटना में शामिल एसआई दिव्य प्रकाश को तत्काल हटाने की मांग की है।

कहा कि यदि पुलिस महकमा इन दोनों अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं करता है तो बड़े पैमाने पर आंदोलन किया जाएगा। इससे पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, महामंत्री बालमुकुंद सहाय और प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव का चंदवा भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित गुप्ता के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि महेंद्र साहू, प्रभाकर मिश्रा, रामवृक्ष चौधरी, बिनोद गुड्डू, देवमणि वैद्य, राजकुमार पाठक, मंटू केसरी, दीपक निषाद, शिवकेश्वर यादव, आशीष सिंह, हरिवंश प्रजापति, राम बाबू, अमरदीप साहू, बबलू सोनी, बिनय कुमार रिक्की, दुर्गा ठाकुर आदि मौजूद थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### पलामू जाने के क्रम में लातेहार रूके अनुसूचित जाति आयोग के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अरुण



लातेहार (आजाद सिपाही)। पलामू जिले के पांडू महादलितो का विशेष समुदाय की ओर से मकान तोड़े जाने और अतिक्रमण के मामले में अनुसूचित जाति आयोग के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अरुण हलदर शनिवार को रांची से पलामू जाने के क्रम में लातेहार के साह वन ढाबा में रूके थे। उनके साथ भाजपा के पूर्व मंत्री सह एससी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमर बाउरी भी थे। उनका भाजपा लातेहार कमेटी की ओर से भव्य स्वागत किया गया। जिसका नेतृत्व एससी मोर्चा के जिला अध्यक्ष बनन पासवान ने किया। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष हरेकृष्ण सिंह, जिला महामंत्री पंकज सिंह, बंसी यादव, जिला मंत्री ध्रुव पांडे, पवन गुप्ता, एससी मोर्चा जिला महामंत्री पिंटू रजक, जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार, बबन मंडी, अनिल सिंह, आनंद सिंह, आशीष सहदेव, विष्णु प्रसाद, अवधेश चंद्रवंशी और कृष्णा पासवान आदि थे।

### उग्रवादी संगठन टीएसपीसी ने दिया जेजे एमपी उग्रवादी संगठन को धमकी



चंदव (आजाद सिपाही)। उग्रवादी संगठन टीएसपीसी की ओर से शनिवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जेजे एमपी उग्रवादी संगठन के सदस्यों को धमकी दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। टीएसपीसी की विज्ञप्ति में कहा गया है कि जेजेएमपी अपना दबदबा व वर्चस्व दिखाने के लिए गरीब व असहाय ग्रामीणों को निशाना क्यों बना रहा है। अगर उसे दबदबा व धौंस दिखाने का इतना ही शौख है, तो वह टीएसपीसी से भिड़ कर दिखाए। टीएसपीसी हमेशा गरीब व असहाय ग्रामीणों की मदद को आगे रहता है। पर जेजेएमपी संगठन गरीबों को ही सता रही है, जिसे बर्दास्त नहीं किया जाएगा। उसे ऐसा नहीं करने देंगें। कहा कि अगर गरीब ग्रामीण बालू उठाव नहीं करेंगें, तो उनका व उनके परिवार का भरण पोषण कैसे होगा। अगर जेजेएमपी छापर नदी से बालू उठाव पर रोक लगाता है तो लोग रोजगार के लिए कहां जायेंगें। बताते चलें कि विगत 27 अगस्त की रात जेजे एमपी उग्रवादी संगठन के नाम पर छापर नदी में बालू उठाव में शामिल ग्रामीणों के साथ मारपीट की गई थी। उन्हें दोबारा छापर नदी में बालू उठाव करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी भी दी गई थी।

## बोरिंग गाड़ी पलटने से एक की मौत, एक गंभीर



आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** सदर प्रखंड के पोचरा पंचायत के समीप लावागढ़ा में शनिवार की शाम बोरिंग कर लातेहार की ओर लौटने के क्रम में लावा गढ़ा मोड़ के पास बोरिंग गाड़ी असंतुलित होकर पलट गई। जिससे चालक की मौके पर ही मौत हो गई। उसकी पहचान लाल सिंह (30) के रूप में हुई है। वह मध्यप्रदेश के सिंगरोली जिले के सराय थाना क्षेत्र स्थित गजरा बहरा ग्राम का रहने वाला था। जबकि इसी हादसे में एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है प्राप्त जानकारी के अनुसार पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की ओर से लावा गढ़ा में डीप बोरिंग का कार्य चल रहा था। डीप बोरिंग काम कर लातेहार की ओर लौटने के क्रम में बारिश होने लगी। सड़क पर बने गड्ढे का चालक को का पता नहीं चला और गाड़ी असंतुलित होकर पलट गई। वाहन के नीचे दबने से चालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इसकी सूचना सदर थाना को दी गई है। खबर लिखे जाने तक शव गाड़ी के नीचे दबा हुआ था।

## चार साल से फरार दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने दबोचा

आजाद सिपाही संवाददाता


स्थायी वारंटी फुलदेव तुरी ने अपने ही गांव की एक युवती के साथ 2018 में दुष्कर्म करने के बाद से फरार चल रहा था। जिसे गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए उसके पैतृक घर से गिरफ्तार कर

**किस्को/लोहरदगा।** जिले के अति सुदूरवर्ती व उग्रवाद प्रभावित जोबांग थाना पुलिस ने दुष्कर्म के बाद चार साल से फरार चल रहे आरोपित को अंतः गिरफ्तार कर लिया। उसकी पहचान फुलदेव तुरी के रूप में हुई है। वह पसागन ग्राम का रहने वाला है। पुलिस ने उसके घर से ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस बाबत थाना प्रभारी शशि शेखर कुमार ने बताया कि दुष्कर्म के कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शनिवार को लोहरदगा जेल भेज दिया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि दुष्कर्म के स्थायी वारंटी को घटना के बाद से ही जोबांग पुलिस तलाश कर रही थी। इसके खिलाफ जोबांग थाने में भादवि की धारा 376 के तहत मामला दर्ज है। दूसरी ओर आरोपित फुलदेव तुरी की गिरफ्तारी में सब इंस्पेक्टर सोनू चौधरी, सिपाही रविंद्र कुमार अनिल कुमार दूबे आदि ने शामिल थे।

### बीमार महिला को रक्तदान कर बचाई जान



चंदवा (आजाद सिपाही)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के संयोजक व भोलेंटरी ब्लड डोनर एसोसिएशन के जिला सह संयोजक कुमार नवनीत के आग्रह पर चंदवा निवासी धनंजय वर्मा उर्फ शिशु ने लातेहार रक्त संग्रह केंद्र में जाकर मनिका के पलहेया निवासी डायलिसिस की मरीज सरस्तिया देवी को रक्तदान कर उसकी जान बचाई। कहा कि लोग अपने अनुभव से सीखते हैं। मैं निरंतर रक्तदान करता हूं। लोगों को भी रक्तदान के लिए आगे आने के लिए प्रोत्साहित करता हूं। क्योंकि रक्तदान के बहुत फायदे हैं। किसी के एक यूनिट रक्तदान से चार जिंदगियां बच सकती है। मानव रक्त का कोई विकल्प नहीं है। हमें समय समय पर रक्तदान करना चाहिए। दूसरी ओर एबीवीपी मनिका के नगर मंत्री उत्तम कुमार के आग्रह पर मनिका निवासी उपेंद्र ने जिला शिक्षा साक्षरता मिशन प्राधिकरण लातेहार कार्यालय में कार्यरत जिला कार्यक्रम प्रबंधक संदीप प्रजापति के पिता झल्लू प्रजापति (70) के लिए रक्तदान किया। उपेंद्र ने कहा कि उनके द्वारा किए गए रक्तदान से किसी की जान बचती है तो यह उनके लिए सौभाग्य की बात है।

### गार्ड के शौच जाते ही शराब दुकान में चोरी



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)। बरवाडीह थाना अंतर्गत बरवाडीह-मेदिनीनगर रोड स्थित कुटमू चौक के समीप विदेशी शराब दुकान में चोरों ने शनिवार की अहले सुबह ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोर कथित रूप से दुकान से लाखों रुपए नगद, स्वाइप मशीन, वाइन स्केनर मशीन और लॉकर ले गए हैं। घटना की जानकारी शराब की दुकान में काम कर रहे लोगों को शनिवार की सुबह गार्ड विवेक कुमार गुप्ता ने दी। उसने बताया कि जब सुबह चार बजे वह शौच के लिए गया और 6.45 बजे वापस लौटा तो देखा कि दुकान का ताला टूटा हुआ है। जिसके बाद उसने इसकी सूचना दुकानदार को दी। इधर, मामले को लेकर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। दूसरी ओर उत्पात विभाग के अधिकारी भी खबर पाकर घटनास्थल पर पहुंच कर जांच शुरू कर दी है।**

## ड्यूटी पर जा रहे रेलवे के लोको पायलट से मारपीट कर नगदी व सामानों की लूट

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरवाडीह।** धनबाद रेल मंडल के बरवाडीह रेलवे डिपो में सहायक लोको पायलट के पद पर कार्यरत रेल कर्मी रविंद्र कुमार से शुक्रवार की मध्य रात ड्यूटी जाने के क्रम में कुछ अपराधियों ने मारपीट कर नगदी, मोबाईल फोन और रेलवे ड्यूटी के अन्य सामान लूट लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। वहीं, अपराधियों के मारपीट से रेलकर्मी का सिर फट गया, जिसका इलाज रेलवे अस्पताल में इलाज हुआ। उधर घटना से नाराज रेल कर्मियों ने आरपीएफ पोस्ट का घेराव करते हुए जमकर हंगामा किया। जानकारी के अनुसार सहायक लोको पायलट रविंद्र कुमार बरवाडीह बाजार के एक निजी आवास में रहते हैं। शुक्रवार की रात 12 बजे अपने आवास से रेलवे स्टेशन ड्यूटी पर जा रहे थे। तभी रास्ते में बाइक पर सवार होकर पहुंचे तीन युवकों ने घेर लिया। एक ने बंदूक निकाल लिया, जबकि दो ने उसे पीछे से पकड़ लिया। इसके बाद रेल कर्मी से नगदी व अन्य सामान लूट लिया। इसके बाद जब लूटेरों ने मोबाइल फोन मांगी तो रविंद्र ने देने में आनाकानी की। इससे नाराज लूटेरों ने रविंद्र के पीछे से वार कर घायल कर दिया। उसके बाद मोबाइल फोन व अन्य लूटे हुए सामान लेकर भाग खड़े हुए। उनके जाने के बाद दूसरे सहायक चालक सुशील कुमार यादव ने अपनी बाइक से रविंद्र को अस्पताल पहुंचाया। उसके सिर में 11 टांके लगे हैं। दूसरी ओर, घटना की सूचना मिलने पर शनिवार की सुबह रेल चालको एवं सहायक चालकों ने आरपीएफ पोस्ट घेराव करते हुए रेल कर्मचारियों को सुरक्षा प्रदान करने की मांग की। पर आरपीएफ ने पुलिस का मामला बताते हुए मामला दर्ज करने से इंकार कर दिया। बाद में रेलवे राजकीय पुलिस को घटना की सूचना दी गई। लेकिन जीआरपी पुलिस ने भी मामले से अपना पल्ला झाड़ते हुए लोकल पुलिस के पास जाने को कहा। इसे लेकर रेल कर्मचारियों ने जान माल की सुरक्षा को लेकर वरीय अधिकारियों से गुहार लगाई है। वहीं ईसीआरकेयू, अलारसा रेल यूनियन और एसोसिएशन के 100 से अधिक रेल कर्मियों ने जम कर हंगामा किया। बाद में रेल कर्मियों रेलवे आरपीएफ पुलिस के अधिकारियों के साथ स्थानीय थाना पहुंचकर कार्रवाई की मांग की। अंततः स्थानीय थाना प्रभारी श्रीनिवास कुमार सिंह ने मामले को संज्ञान में लेते हुए रेल कर्मियों को उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। थाना प्रभारी ने जल्द ही अपराधियों को गिरफ्तार करने की बात कही।

### राशन कार्डधारकों को नहीं मिला अगस्त माह का राशन

चंदवा (आजाद सिपाही)। राशन कार्डधारयों को अगस्त महीना का खाद्यान्न (चावल) अभी तक नहीं मिला है। जिले के कुछ डीलर्स ने राशन का वितरण तो किया, लेकिन अधिकांश डीलरों ने अगस्त माह का राशन कार्डधारीयों के बीच वितरित ही नहीं किया है। आदिवासी समुदायों का प्रमुख त्योहार करमा पर्व छह सितंबर को है। ऐसे में राशन नहीं मिलने से कईयों का त्योहार फीका पड़ सकता है। सामाजिक कार्यकर्ता अयूब खान ने कहा कि ऐसे त्योहार के समय में गरीब परिवार को राशन उपलब्ध कराया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से सस्ते दर पर उपलब्ध कराए जाने वाले राशन के लिए कार्डधारी प्रतिदिन राशन दुकान का चक्कर लगाने को मजबूर हो रहे हैं। वहीं, जन वितरण प्रणाली दुकानों को राशन (चावल) आवंटन नहीं होने से डीलरों को भी काफी परेशानी हो रही है। दूसरी ओर, चंदवा बीडीओ विजय कुमार ने कहा कि दो दिनों के अंदर सभी कार्ड धारियों को राशन मिल जाएगा।

## खेल के अलावा गांव-समाज के बेहतरी में भी खिलाड़ी करें योगदान : अनिल कुमार



आजाद सिपाही संवाददाता

**किस्को/लोहरदगा।** डीसी डॉक्टर वाघमारे प्रसाद कृष्ण के निर्देश पर किस्को प्रखंड अंतर्गत खरकी ग्राम पंचायत के मिनी फुटबॉल स्टेडियम सेमरडीह में युवा सद्भावना मंच की ओर से सद्भावना फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बीडीओ अनिल कुमार मिंज, इंस्पेक्टर मंटू कुमार, किस्को थाना प्रभारी सनी कुमार आदि ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में शामिल छेछरा नवाडीह बनाम कोचा बरनाग के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें छेछरा नवाडीह की टीम ने कोचा बरनाग की टीम को दो गोल से पराजित कर खिताब पर कब्जा जमाया। इस मौके पर बीडीओ अनिल मिंज ने कहा कि युवा सद्भावना मंच का मुख्य उद्देश्य है कि सभी जाति-धर्म व समुदाय के लोग एकजुट होकर समाज में भाईचारा और आपसी सौहार्द कायम कर सके। खिलाड़ी खुद के अंदर की प्रतिभा को निखारने के लिए प्रतिदिन पूरे लगन और मेहनत के साथ संघर्ष करें, ताकि खुद के साथ ही क्षेत्र, समाज का भी भला हो। वहीं इंस्पेक्टर मंटू कुमार ने कहा कि खिलाड़ी परिश्रमी बनें। पुलिस प्रशासन खिलाड़ियों के बेहतरी के लिए हर संभव सुरक्षा एवं सहयोग के लिए तत्पर रहेगा। इधर फुटबॉल प्रतियोगिता में मौजूद थाना प्रभारी सनी कुमार ने कहा कि बेहतर खेल से खिलाड़ियों और उनके परिवार वालों के अलावा गांव, समाज, प्रखंड-जिला और अपने राष्ट्र का नाम रोशन होता। इस मौके पर प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी महेश कुमार चौहान, डॉक्टर पवन कुमार यादव, पंचायत सचिव देवकांत भगत, वार्ड सदस्य लिलू उरांव, नसीम अंसारी, मुन्ना माइकल, सजाद अंसारी, अशोक कुजूर, ब्रजेश उरांव, जतरू उरांव, आलोक भगत, जसीम अंसारी, संतोष भगत, सीताराम उरांव व इरसाद अंसारी आदि मौजूद थे।

### निरीक्षण को आरा-चमातू कोल परियोजना पहुंचे जिला खनन व परिवहन पदाधिकारी

# कोयले का अवैध खनन, भंडारण व परिवहन बर्दाश्त नहीं:आनंद कुमार

खनन क्षेत्रों में भंडारित कोयला खनिज एवं वाहनों की जांच

आजाद सिपाही संवाददाता


निरीक्षण करते जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार व अन्य।

**लातेहार।** डीसी भोर सिंह यादव के निर्देश के आलोक में जब्त भंडारित कोयले की नीलामी को लेकर शनिवार को जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार एवं जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष सिंह के नेतृत्व में एक जांच टीम बालूमाथ पहुंची। जहां अमरवाडीह पुलिस पिकेट में रखे गए वाहनों से जब्त अवैध भंडारित कोयले का निरीक्षण किया और अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। साथ ही कोयले की नीलामी को लेकर प्रस्ताव तैयार किए जाने की प्रक्रिया प्रारंभ की। इसके बाद आरा-चमातू कोयला खनन क्षेत्रों में कोयले की ढुलायी करने वाले वाहनों की भी जांच की। जिसमें अनियमितता बरते जाने का खुलासा हुआ। वहीं, कई चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस की जांच करने पर उसमें भी अनियमितता पाई गई। जिसके बाद जिला खनन पदाधिकारी की ओर से मगध कोयल परियोजना के पदाधिकारी से कोयला खनिज की ढुलाई एवं प्रेषण में संलग्न वाहनों की सूची की मांग की गयी। इस पर परियोजना पदाधिकारी ने एक माह की सूची उपलब्ध करवायी गयी, जिसके बाद जिला खनन पदाधिकारी द्वारा सूची को जिला परिवहन पदाधिकारी को भेजा गया। अधिकारी आनंद सिंह ने कहा कि जिले में कोयले का अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे लोगों को चिहिंत कर कार्रवाई की जा रही है।

### गलत तरीके से ढुलायी पर होगी कार्रवाई : संतोष

वहीं, जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष कुमार सिंह ने कहा कि खनन क्षेत्रों में नियमानुसार ढुलायी सुनिश्चित की जाएगी। गलत तरीके से ढुलायी पर सीधे कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि खनन क्षेत्रों में वाहन चलाने वाले ड्राइविंग लाइसेंस की जांच होगी। अगर किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

### तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन



कैरो/लोहरदगा (आजदि सपाही)। कैरो प्रखंड के एड़ादोन मैदान में कारगिल शहीद विश्राम टाना भगत तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच गोपालगंज व एससीएसएफसी रांची के बीच खेला गया। जिसमें गोपालगंज ने एससीएसएफसी को पेनाल्टी शूट आउट में हरा दिया। प्रतियोगिता में कुल 24 टीमें भाग ले रही हैं। मौके पर उपस्थित बीडीओ पवन कुमार महतो ने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलें और कैरो प्रखंड से लेकर लोहरदगा जिला झारखंड तक का नाम रोशन करें। खेल में शरीर से लेकर मानसिकता तक को लाभ पहुंचता है। समाज भी लाभावित होता है। इसलिए आप लोग खेल की भावना से खेलें। इस दौरान विश्राम टाना भगत के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। जिसके बाद आयोजक समिति द्वारा अतिथियों का स्वागत पारंपरिक ढंग से किया गया। बीडीओ पवन कुमार महतो ने कहा कि खिलाड़ी अगर कड़ी मेहनत के साथ खेल का प्रदर्शन करता है तो उसे लक्ष्य की प्राप्ति अवश्य होती है। इस मौके पर आजसू जिला उपाध्यक्ष विपिन सिंह, एएसआई धर्मेंद्र कुमार सिंह, बीस सूत्री उपाध्यक्ष बुधवा उरांव, मुखिया सुमित्रा उरांव, पंसस सीमा भगत, विपिन कुमार सिंह, रोशन उरांव, नागेंद्र उरांव और पहान सूरज उरांव आदि उपस्थित थे।

### अखिल भारतीय मधेसिया हलवाई समाज की ओर से गणिनाथ गोविंद महोत्सव का आयोजन

**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत रेलवे क्लब में अखिल भारतीय मधेशिया हलवाई समाज की ओर से गणिनाथ गोविंद वार्षिक महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें पूरे पलामू प्रमंडल से जुड़े हलवाई समाज के लोग शामिल हुए। इस दौरान आयोजन समिति की ओर से प्रसाद वितरण करने के साथ ही खेलकूद प्रतियोगिता के साथ ही कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष आनंद कुमार उर्फ नंदू और संचालन संतोष प्रसाद ने किया।

**कार्यक्रम :** उच्च न्यायालय झारखंड के न्यायमूर्ति डॉ एसएन पाठक ने बार एसोसिएशन भवन में किया सोलर प्लांट का उद्घाटन, कहा

# बार भवन में अब सोलर लाइट से सारा काम होगा

**बार भवन की लाइब्रेरी में 16 लाख की पुस्तकों को किया समर्पित**





आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति एस.एन. पाठक ने शनिवार 3 सितंबर को बार भवन में 120 किलोवाट सोलर पावर का उद्घाटन और 16 लाख की पुस्तकों को लाइब्रेरी बार भवन को समर्पित करने के बाद अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बार एसोसिएशन की यह लाइब्रेरी मील का पत्थर साबित होगी। न्यायालय पर बड़ी जिम्मेदारी है। लोगों का न्यायालय पर विश्वास है। इस विश्वास पर खरा उतरने में यह पुस्तक उपयोगी साबित होगा। बार भवन में अब सोलर लाइट से सारा काम होगा। पर्यावरण के संरक्षण और हरियाली के लिए ऐसे कदम उठाने की जरुरत है। उन्होंने इसके लिए उपायुक्त सुशांत गौरव की तारीफ की। उपायुक्त सुशांत गौरव ने कहा कि जहां जिन चीजों की जरूरत है वहां उपलब्ध कराना हमारा प्रयास है। बार भवन में सोलर लाइट की आवश्यकता थी। जुलाई 2022 को बार एसोसिएशन के अध्यक्ष द्वारा जब इसकी जानकारी मिली तब यह पहल की गई और आज 3 सितंबर को इसका उदघाटन भी हो गया।

**न्यायिक अधिकारियों के कार्यालयों का किया निरीक्षण :** बार भवन के कार्यक्रम के उपरांत न्यायमूर्ति ने न्यायिक अधिकारियों के कार्यालयों का निरीक्षण किया। इस दौरान न्यायिक पदाधिकारियों और कर्मियों से विस्तृत जानकारी ली एवं कार्य के तौर तरीकों से अवगत हुए। कर्मियों को सभी आवश्यक दस्तावेजों के प्रति जागरूक रहने एवं बेल ऑर्डर को पेंडिंग नहीं रखने का निर्देश दिया। इस दौरान कोर्ट की सुनवाई के लिए आये आम जनों से मुलाकात करते हुए उनके द्वारा न्यायालय कार्यों की प्रक्रिया की जानकारी ली। यदि आम जनों को न्यायालय प्रक्रिया में किसी प्रकार की समस्या का सामना करना पड़े तो लिखित शिकायत दर्ज करने की बात कही, जिसके पश्चात सुधार के लिए त्वरित कार्यवाही की जाएगी।

**केंद्रीय पुस्तकालय के नये भवन का किया उदघाटन :** इसके उपरांत न्यायमूर्ति ने केंद्रीय पुस्तकालय के नये भवन का उदघाटन किया। इस दौरान पुस्तकालय में उपलब्ध पुस्तकों को देखा और साहित्यिक पुस्तकों को भी रखने की बात कही, ताकि छात्र-छात्राएं इनसे अच्छी बातों को सीख समझ सकें और प्रेरित हो सकें। न्यायमूर्ति ने पुराने पुस्तकालय भवन का निरीक्षण किया और उपलब्ध पुस्तकों को देखकर रीच लाइब्रेरी बताया। इस दौरान पुस्तकालय में अध्ययन करने वाले छात्र-छात्राओं से भी बात की।

**रॉक गार्डन में पौधरोपण कर पर्यावरण बचाने का संदेश दिया :** माननीय न्यायमूर्ति द्वारा रॉक गार्डन में पौधरोपण करते हुए पर्यावरण बचाने का संदेश दिया गया। इस दौरान माननीय न्यायमूर्ति सहित जिला न्यायधीश गुमला, उपायुक्त गुमला, पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त गुमला, अनुमंडल पदाधिकारी गुमला ने भी पौधरोपण किया।

## दिव्यांगों के बीच किया व्हील चेयर का वितरण

नगर भवन गुमला में दिव्यांग शिविर कार्यक्रम में भाग लेते हुए दिव्यांगों के बीच व्हील चेयर का वितरण किया गया। जिला प्रशासन एवं भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति और लायंस क्लब गुमला के संयुक्त तत्वावधान में विशेष दिव्यांग शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में माननीय न्यायमूर्ति उपस्थित रहे। इस दौरान उन्होंने दिव्यांगजनों के बीच व्हील चेयर का वितरण किया। माननीय न्यायमूर्ति ने उपस्थित दिव्यांगजनों एवं उनके अभिभावकों को संबोधित करते हुए अपनी अनुभूति सुनाते हुए बताया कि खूंटी परिसर के दौरे के दौरान उनकी मुलाकात कल्याण विभाग के सेक्रेटरी से हुई, जो एक आईएएस ऑफिसर थे। काफी समय के पश्चात मालूम चला कि वे दिव्यांग थे। उनकी दोनों आंखें नहीं थी। परंतु आत्मबल ने उन्हें इस काबिल बनाया कि वे एक आईएएस ऑफिसर के पद पर कार्य कर रहे थे। इसी प्रकार यदि कोई व्यक्ति ठान ले तो वो कुछ भी बन सकता है, केवल आत्मबल को मजबूत करने की आवश्यकता है। उपायुक्त गुमला ने इस प्रकार के शिविर को बढ़ावा देने की बात कही। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों की सहायता एवं उनके आत्मबल को बढ़ावा देने के लिए जिला प्रशासन हरसंभव सहायता के लिए कटिबद्ध है।

## उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति नवरत्न गढ़ नगर पर्यटन स्थल भ्रमण करने पहुंचे



**सिसई (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय धरोहर एतिहासिक नवरत्न गढ़ नगर पर्यटन स्थल में शनिवार को हाई कोर्ट के माननीय न्यायमूर्ति एस एन पाठक भ्रमण करने पहुंचे। भ्रमण कार्यक्रम में जिला जज संजय कुमार चन्द्रयावी, डीसी सुशांत गौरव, एस पी एहतेशाम बकारीब,डीडीसी हेमंत सती, एसडीओ रवि आनंद, बीडीओ सुनीला खलखो, सीओ अरुणिमा एक्का, थानेदार आदित्य कुमार चौधरी शामिल थे। सर्वेक्षण विभाग के द्वारा अतिथियों स्मृति चिन्ह व बीडीओ द्वारा माननीय न्यायमूर्ति को जेएसएलपीएस के दीदीयों द्वारा हस्त निर्मित चित्र देकर स्वागत किया गया। अतिथियों ने पूरे नवरत्न गढ़ क्षेत्र का अवलोकन किया और परिसर में वृक्षारोपण भी किया। इस दौरान पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के पुरातत्वविद अधिक्षण डॉ एस के भगत व स्थानीय समाजसेवी दामोदर सिंह ने नवरत्न गढ़ के इतिहास व महत्व से अतिथियों को अवगत कराया। इस मौके पर सर्वेक्षण विभाग के अभिषेक कुमार, मुखिया रवि उरांव, समाजसेवी वृन्दा सिंह, समन्वयक प्रवीण कुमार, एलिना दास सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## मनरखन गोप फुटबॉल टूर्नामेंट 16 अक्टूबर से

**गुमला (आजाद सिपाही)।** पांच दिवसीय मनरखन गोप मेमोरियल नॉक आऊट फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन 16 से 20 अक्टूबर तक स्थानीय परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम गुमला में होगा। यह जानकारी समिति के मुख्य संरक्षक एवं खतियानी झारखंडी पार्टी के केन्द्रीय महासचिव रोहित भगत ने दी। श्री भगत ने कहा कि यह टूर्नामेंट प्रत्येक वर्ष 2 अक्टूबर से 6 अक्टूबर तक का तिथि समिति के द्वारा तय किया है। परंतु इस वर्ष दशहरा पर्व को देखते हुए निर्धारित तिथि में फेरबदल करने का निर्णय समिति के द्वारा लिया गया है। इस टूर्नामेंट में झारखंड सहित अन्य राज्यों के आलावा कई विदेशी खिलाड़ी भी गुमला जैसे छोटे स्थान में आकर अपने खेलों का प्रदर्शन करते हैं। इस टूर्नामेंट में कुल 16 टीमें भाग लेंगी एवं इस वर्ष प्रथम पुरस्कार- 1 लाख, 50 हजार रुपये, द्वितीय पुरस्कार- एक लाख रुपये, तृतीय पुरस्कार 21 हजार रुपये एवं चतुर्थ पुरस्कार 21 हजार रुपये के साथ कई आकर्षक पुरस्कार भी रखे गये हैं।

## उत्कल ब्राह्मण परिषद के पूर्व अध्यक्ष अधिवक्ता बंशीधर नंद के निधन पर शोक व्यक्त



**गुमला (आजाद सिपाही)।** उत्कल ब्राह्मण ट्रस्ट के वरीय सदस्य तथा उत्कल ब्राह्मण परिषद की गुमला शाखा के पूर्व अध्यक्ष बंशीधर नन्द, अधिवक्ता के आकस्मिक निधन से समाज में शोक की लहर है। ट्रस्ट के अध्यक्ष रमेश चन्द्र नन्द ने कहा कि स्व. नन्द मृदुभाषी और समाज के कुशल संगठनकर्ता थे। उनकी मृत्यु समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। शोक व्यक्त करने वालों में कार्तिकेश्वर मिश्र, अरुण नन्द, विनय सतपति, संजय महापात्र, द्वारिका मिश्र 'सुमन', दिनेश महापात्र, राजेंद्र महापात्र, चितरंजन मिश्र, सुबोध दास, श्यामा कांत, परमेश्वर नन्द,, भोला नाथ दास, महावीर मिश्र, अश्विनी नन्द, उज्जवल मिश्र, बिजय मिश्रा, सुधीर नन्द, मिनकेतन नन्द, मदन मोहन मिश्र, प्रमोद दास, अमित मिश्र, डी.एन. मिश्र, बंशीधर मिश्र, मनोज नन्द, पारस नाथ दास, दिनेश नन्द आदि के नाम शामिल हैं।

## नदी से बालू लदे पांच ट्रैक्टर व तीन स्थानों पर अवैध डंप किया गया 250 हाइवा बालू जब्त

**क्षेत्र में अवैध बालू कारोबारियों के विरुद्ध छापेमारी आगे भी जारी रहेगी : सीओ**



आजाद सिपाही संवाददाता

**सिसई।** उपायुक्त के निर्देश पर प्रखंड प्रशासन ने शनिवार को अवैध बालू कारोबारियों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए कुलंकेरी कंस नदी से बालू भरे पांच ट्रैक्टर ट्राली सहित नदी से अवैध बालू निकासी कर तीन जगहों पर अवैध डंप किए हुए लगभग 250 हाईवा से अधिक बालू को जब्त किया गया। प्रखंड प्रशासन की इस कार्रवाई से अवैध बालू कारोबारियों में हड़कंप मच गया है।

इस बाबत सीओ अरुणिमा एक्का ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र में कई जगहों से अवैध बालू की लगातार सूचना मिल रही थी, जिस पर उपायुक्त के निर्देश पर बीडीओ व थाना प्रभारी के साथ मिलकर विभिन्न जगहों पर छापामारी अभियान चलाया गया। गुप्त सूचना मिली थी कि कुलंकेरी कंस नदी में जेसीबी व दर्जनों ट्रैक्टर लगाकर अवैध बालू उठाव किया जा रहा है, जिसपर वहां शनिवार को छापेमारी की गई। प्रशासन को देखते हुए नदी में मौजूद पांच ट्रैक्टर ट्राली छोड़कर फरार हो गए, पांचों ट्रैक्टर ट्राली को जब्त कर लिया गया है। वहीं कुलंकेरी में अलग अलग तीन जगहों में लगभग 250 हाईवा अवैध रूप से डंप बालू को भी जब्त किया गया है।

पूछताछ में ग्रामीणों ने बताया कि कुलंकेरी गांव के रमेश उरांव, मुन्ना सोनी व सुनिता देवी के द्वारा एनजीटी का उल्लंघन करते हुए नदी से बालू निकालकर डंप किया जाता है, जिसे चोरी-छिपे रांची सहित अन्य जिलों में बेचा जाता है। समाचार लिखे जाने तक तीनों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया जारी थी, वहीं सीओ ने बताया कि क्षेत्र में अवैध बालू कारोबारियों के विरुद्ध छापेमारी आगे भी जारी रहेगी।

## एसएस हाई स्कूल में छात्र-छात्राओं के बीच जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**बाल विकास परियोजना कार्यालय की ओर से विद्यार्थियों को दी गयी डायन-बिसाही सहित विभिन्न कानूनों की जानकारी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाघरा।** बाल विकास परियोजना कार्यालय द्वारा एसएस हाई स्कूल घाघरा में शनिवार को छात्र-छात्राओं के बीच जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित बाल विकास परियोजना कार्यालय की सुपरवाइजर राजेश्वरी देवी ने छात्र-छात्राओं को डायन बिसाही कुप्रथा पर बताया कि डायन बिसाही जैसी कोई भी चीज नहीं होती है। कोई भी व्यक्ति चाहे वह महिला हो या पुरुष को डायन कहना कानूनन जुर्म है। ऐसा करने वालों को जेल जाना पड़ेगा। आप सभी अपने गांव परिवार के लोगों को जागरूक करें कि डायन नहीं होती है। इसके साथ ही सुकन्या योजना, कन्यादान योजना, लक्ष्मी लाडली योजना की विस्तृत जानकारी भी दी। वहीं माया मिश्रा ने पोषण संबंधित जानकारी देते हुए कहा कि हरी साग सब्जी का उपयोग भरपूर मात्रा में सभी करें। ताकि एनीमिया सहित कुपोषण से बच सकें। वहीं जसिंता कुजूर ने विधिक सेवा की जानकारी देते हुए बताया कि बाल श्रम करवाना कानूनी अपराध है। वहीं मानव तस्करी सहित कई अन्य कानूनी जानकारी दी। मौके पर उपस्थित लोगों में सावित्री कुजूर, संजय कुमार, बसंत साहू सहित कई शिक्षक-शिक्षिका व छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## श्री दुर्गा पूजा समिति चांदनी चौक का रक्तदान शिविर आज

घाघरा (आजाद सिपाही)। श्री दुर्गा पूजा समिति चांदनी चौक घाघरा के बैनर तले रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाना है। इस आशय की जानकारी देते हुए समिति के अध्यक्ष अमित नाग ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी रक्तदान शिविर आयोजन करने का निर्णय लिया गया है। अध्यक्ष ने आग्रह करते हुए कहा कि समिति के पदाधिकारी, सदस्यगण व इच्छुक ग्रामवासी दुर्गा पूजा समिति चांदनी चौक के प्रांगण में पहुंच कर रक्तदान कर सकेंगे। शिविर सुबह 11:00 बजे से मेडिकल टीम की देखरेख में लगाया जाएगा। अध्यक्ष अमित नाग ने लोगों से संदेश देते हुए कहा कि रक्तदान महादान है। हम ऐसा कर जरूरतमंद मरीजों को सहयोग पहुंचा सकेंगे। माता रानी हम सभी भक्त पर अपनी आशीर्वाद जरूर बनाए रखेंगी।

## डुमरी प्रखंड के दिव्यांगों ने गुमला के विशेष शिविर में भाग लिया

**डुमरी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के विभिन्न गांवों के दिव्यांगों ने गुमला में आयोजित शिविर में भाग लिया। उपायुक्त गुमला सुशांत गौरव के निर्देशानुसार शनिवार को जिले में जिला प्रशासन, भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति और लायंस क्लब गुमला के संयुक्त तत्वावधान में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें डुमरी और जारी प्रखंड के लगभग 25 से 30 लोगभाग लिये। सभी दिव्यांगों को बस से सुपरवाइजर सबीहा प्रवीण और सुपरवाइजर शोभा के द्वारा गुमला ले जाया गया।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### पालकोट में अलग-अलग दो सड़क दुर्घटनाओं में तीन की मौत, चार घायल

**पालकोट (आजाद सिपाही)।** पालकोट प्रखंड में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गयी और कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। पहली घटना में नाथपुर पंचायत के ढोलबीर गांव के पास पालकोट से बसिया मुख्य सड़क में टेम्पू दुर्घटना में चार लोग घायल हो गये। घायलों में सोमरा गोप केम्बा, ग्रेगोरी कोंगड़ी, गौरी कोंगड़ी, अघरमा, लाजरस बा धावठा टोली के नाम शामिल हैं। घटना के बाद पालकोट पुलिस ने सभी को पालकोट स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां से घायल सोमरा गोप को बेहतर इलाज के लिये गुमला भेजा गया। वहीं दूसरी घटना में रात करीब 8: 30 बजे बंगरु गांव के पास ट्रक और स्कूटी में सीधी भिड़ंत हो गयी। जिसमें तीनों स्कूटी सवार की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में अमित केरकेटा (28), पिता तारसीवीस केरकेट्टा, विल्सन केरकेटा (28) पिता डोमनिक केरकेट्टा, दोनों पहान टोली कोलेबिरा व बेरेडिक कुल्लू (35) पिता इमलुष कुल्लू बम्बो टोली कोलेबिरा तीनों सिमडेगा जिला के रहने वाले थे।

### डानटोली की टीम बनी फुटबॉल प्रतियोगिता की विजेता

**डुमरी (आजाद सिपाही)।** जागृति युवा क्लब डुमरडांड़ द्वारा आयोजित तीन दिवसीय जोड़ा खस्सी फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच डुमरडांड़ खेल मैदान में संपन्न हुआ। फाइनल मैच डानटोली बनाम निचितपुर के बीच खेला गया, जहां डानटोली की टीम ने निचितपुर को 1- 0 गोल से हराकर खिताब में कब्जा जमाया। फाइनल मैच के मुख्य अतिथि बीडीओ एकता वर्मा, विशिष्ट अतिथि सीओ शिवपूजन तिवारी थे। फाइनल मैच का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा फुटबॉल को किक और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। फाइनल मैच में रेफरी की भूमिका विकास लकड़ा ने निभायी। वहीं क्लब के सदस्यों द्वारा विजेता और उपविजेता टीम को खस्सी, तीसरे स्थान पर रही टीम को एक जर्सी सेट, चौथे स्थान पर रही टीम को एक फुटबॉल दिया गया। मौके पर नवाडीह पंचायत मुखिया चेतनलाल मिंज, जुरमू मुखिया इग्नासियुस मिंज उर्फ प्रदीप, नबीर मिंज, अमरदीप कुजूर सहित सैकड़ों खेल प्रेमी उपस्थित थे।

### डायन बिसाही प्रताड़ना मामले के तीन आरोपी गिरफ्तार

**सिसई (आजाद सिपाही)।** प्रशासन की लाख कोशिशों के बावजूद अंधविश्वास थमने का नाम नहीं ले रहा है। अंधविश्वास के कारण कई लोग जघन्य अपराध कर सलाखों के पीछे हैं, फिर भी लोग अंधविश्वास से उभर नही पा रहे हैं। ऐसा ही एक मामला चेगरी कुम्बाटोली में प्रकाश में आया है। लंबे समय से प्रताड़ित होने वाली चेगरी कुम्बाटोली गांव की महिला लक्ष्मी देवी ने गांव के तीन लोगों के विरुद्ध पुसो थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी है। पुलिस ने तीनों को डायन बिसाही के मामले में शनिवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जेल जाने वालों में जटुवा उरांव, पुनई उरांव, खखरी उरांव शामिल हैं। इस बावत थानेदार सत्यम कुमार गुप्ता ने बताया कि चेगरी कुम्बाटोली गांव के ही लक्ष्मी देवी ने तीनों के विरुद्ध डायन बिसाही का आरोप लगाकर प्रताड़ित करने और जान से मारने को लेकर प्राथमिकी दर्ज करायी थी। जिसपर कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को उनके घर से गिरफ्तार कर पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया है।

### महिला का पेड़ से लटकता शव मिला

**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के सालम नवाटोली गांव के फुलेश्वर उरांव की 23 वर्षीय पत्नी फुलेश्वरी देवी का शव घर से 100 मीटर की दूरी स्थित जंगल के एक पेड़ में लटकता हुआ बिशुनपुर पुलिस ने शनिवार को बरामद कर पंचनामा उपरांत पोस्टमार्टम के लिए सदर गुमला भेज दिया। घटना के संबंध में मृतका के पति फुलेश्वर ने बताया कि मेरी पत्नी की पूर्व से मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। शुक्रवार सुबह 6:30 बजे के लगभग घर से निकली और वह देर शाम तक नहीं लौटी। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कुछ पता नहीं चला। शनिवार सुबह मेरी मां उक्त जंगल की तरफ गई तो एक पेड़ में फुलेश्वरी का शव रस्सी के सहारे लटकते हुए देखा। थाना प्रभारी सदानंद सिंह ने कहा कि परिवार वालों के अनुसार मृतका की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। जिससे यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि उसने आत्महत्या की है। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। पोस्टमार्टम के उपरांत ही आगे कुछ कहना उचित रहेगा।

### नहाने के क्रम में तालाब में डूबने से युवक की मौत

**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के होलंग गांव में नहाने के दौरान तालाब में डूबने से गांव के 30 वर्षीय सुरेंद्र मुंडा की मौत हो गई। घटना के 12 घंटे के बाद तलाब को फोड़ कर शव को बाहर निकाला गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार होलंग गांव में शुक्रवार की शाम के लगभग 4:00 बजे सुरेंद्र मुंडा एवं उनके अन्य साथी नशे की हालत में स्नान करने के लिए गांव के हंगरी तालाब में गए। जहां अचानक सुरेंद्र मुंडा तालाब में कूद गया। जिसके बाद वह पानी से बाहर नहीं निकल पाया और डूब गया। तब उसके साथी उसे पानी में खोजने का प्रयास करने लगे परंतु वह नहीं मिला। इस बात की जानकारी सुरेंद्र के परिजनों एवं गांव वाले को दी गयी, तो गांव वाले भी तलाब में काफी खोजबिन किये परंतु रात होने के कारण कुछ पता नहीं चल पाया। जिसके बाद शनिवार की सुबह गांव वाले पुनः उस तालाब पर पहुंचे परंतु तब तक सुरेंद्र का शव पानी के अंदर ही था। जिस कारण कुछ पता नहीं चल रहा था। काफी खोजबीन बाद अंत में जेसीबी मंगा कर तलाब को काट कर पानी कम किया गया तो सुरेंद्र का शव एक झाड़ी में फंसा हुआ मिला। बिशुनपुर पुलिस ने शव को पंचनामा करने के उपरांत पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर अस्पताल भेज दिया।

### स्व. गोवर्धन सिंह स्मृति नॉकआउट तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन



**रायडीह (आजाद सिपाही)।** स्व. गोवर्धन सिंह स्मृति नॉकआउट तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन शनिवार को शहीद बख्तर साय मुण्डल सिंह स्टेडियम रायडीह में किया गया। टूर्नामेंट का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि थाना प्रभारी अमित कुमार, विशिष्ट अतिथि प्रमुख ममता सोरेंग, नवागढ़ पंचायत समिति सदस्य हिमांशु कुमार गुप्ता, उपमुखिया तस्लीम संचालन समिति के महेन्द्र सिंह पप्पु सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से स्व. गोवर्धन सिंह व शहीद बख्तर साय मुण्डल सिंह के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया। उदघाटन मैच एनटीआर नारोटोली बनाम जॉन नवाटोली रेंगोला के बीच खेला गया। जिसमें 2-0 से जॉन नवाटोली रेंगोला की टीम ने जीत दर्ज कर अगले चक्र में प्रवेश किया। टूर्नामेंट का आयोजन स्व. गोवर्धन सिंह शिक्षक सह नागपुरी गायक व कवि (शहीद बख्तर साय मुण्डल सिंह के परिजन) के छोटे पुत्र महेन्द्र सिंह की अगवाई में किया गया है। पुरस्कार मे खस्सी व कैश मनी, फुटबॉल व जर्सी आदि रखा गया है। खेल संचालन में अध्यक्ष पप्पू सिंह, उपाध्यक्ष मनोज कुमार, सचिव विनोद लकड़ा, सह सचिव रवि लकड़ा, कोषाध्यक्ष महेन्द्र सिंह, संरक्षक श्याम सिंह, रंजीत दास बुद्ध, आनन्द साहू, अगुस्टीन कुजूर, मनेश भगत, सतीश साहू, सुरेन्द्र सिंह आदि मौजूद थे।

**कार्यक्रम :** बसिया इंटर कॉलेज परिसर में शिक्षक सम्मान समारोह में एसडीओ संजय पीएम कुजूर ने कहा

# शिक्षक, शिक्षा और शैक्षणिक संस्थाओं के बगैर सभ्य समाज की कल्पना नहीं की जा सकती

आजाद सिपाही संवाददाता

**एसडीओ ने कॉलेज में नवनिर्मित कम्प्यूटर लैब का किया उद्घाटन**



**बसिया।** शिक्षक, शिक्षा और शैक्षणिक संस्थाओं के बगैर विश्व के किसी भी क्षेत्र में सभ्य व विकसित समाज की कल्पना नहीं की जा सकती है। वस्तुतः जीवन का यह क्षेत्र किसी भी क्षेत्र के समाज और उसके किसी भी वर्ग को दिशा देने व उसके गढ़ने का काम करता है। बसिया के अनुमंडल पदाधिकारी संजय पीएम कुजूर ने आज बसिया इंटर महाविद्यालय में छात्रों को संबोधित करते हुए विस्तार से शिक्षकों की भूमिका की चर्चा करते हुए कहा कि कोई भी संस्थान छोटा या बड़ा नहीं होता है। उपलब्ध शैक्षणिक संसाधनों व संसाधनों के भरपूर उपयोग की सलाह देते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षकों के सम्मान के बूते हम बड़े लक्ष्यों को आसानी से अपनी मुठ्ठी में कर सकते हैं। मिली जानकारी के अनुसार आज अनुमंडल पदाधिकारी श्री कुजूर बसिया इंटर कॉलेज परिसर में आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि आमंत्रित थे और इस अवसर पर उनके द्वारा फीता काटकर नवनिर्मित कम्प्यूटर लैब का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के छात्रों ने कई तरह के शिक्षाप्रद सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति यहाँ दी। आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों के साथ साथ शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मी और महाविद्यालय के विद्यार्थियों की उपस्थिति दर्ज की गई जबकि महाविद्यालय के प्राचार्य केदारनाथ दास के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया।

## बीडीओ ने प्रभावी ढंग से बच्चों को कुसंगति से बचने और बड़ा लक्ष्य रखने की सलाह दी

इस अवसर पर बसिया के प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बतौर विशिष्ट अतिथि बहुत ही प्रभावी ढंग से बच्चों को कुसंगति से बचने और बड़ा लक्ष्य रखने की सलाह देते हुए कहा कि अभी मेहनत से जी चुराने का अफसोस आजीवन बना रहेगा। इस तरह के किसी अफसोस से बचने के लिए नशापान व कुसंगति से बचने की सलाह देते हुए उन्होंने इस ग्रामीण क्षेत्र में कंप्यूटर लैब की स्थापना सहित तमाम तरह के शैक्षणिक प्रयासों में अग्रणी भूमिका निभा रहे के बसिया इंटर कॉलेज की भूरि भूरि प्रशंसा की।

# बच्चों का विद्यालय स्तर पर जाति प्रमाण पत्र निर्गत करना सुनिश्चित करें : डीसी

## पीएम किसान में शत प्रतिशत ई-केवॉइसी व लैंड रिकॉर्ड अपडेशन कराने के निर्देश



**मेदिनीनगर(आजाद सिपाही)।** पलामू डीसी आंजनेयुलू दोड्डे ने शनिवार को समाहरणालय के सभागार में अपर समाहर्ता व सभी सीओ के साथ बैठक कर स्कूलों में बनाये जा रहे जाति प्रमाण पत्र की समीक्षा की।इस दौरान उन्होंने आगामी एक सप्ताह में अधिकाधिक बच्चों का जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने हेतु सभी सीओ को निर्देशित किया।उन्होंने कहा कि अभियान की सफलता को लेकर जिले भर के स्कूलों के साथ प्रज्ञा केंद्रों को जोड़ा गया है ऐसे में तय समय में सभी का जाति प्रमाण पत्र बनाना सुनिश्चित करें।उन्होंने सभी अंचलाधिकारी से अभियान को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने की बात कही। उपायुक्त ने सीएससी मैनेजर को प्रज्ञा केंद्रों का नियमित रूप से मॉनिटरिंग करने की बात कही।

### पीएम किसान में शतप्रतिशत ई-केवॉइसी व लैंड रिकॉड अपडेशन कराने के निर्देश

बैठक में उपायुक्त श्री दोड्डे ने पीएम किसान में ई-केवॉइसी की प्रखंडवार समीक्षा की।इस दौरान उन्होंने पाटन, लेस्लीगंज, विश्रामपुर व चैनपुर के सीओ को ई-केवॉइसी में तेजी लाने हेतु निर्देशित किया।उन्होंने पीएम किसान में शतप्रतिशत ई-केवॉइसी करने पर बल दिया साथ ही सभी सीओ को किसानों का लैंड रिकॉड अपडेशन कराने की भी बात कही। इसी तरह उन्होंने म्यूटेशन के मामलों को बिना ठोस कारण के रिजेक्ट ना करने हेतु सभी अंचलाधिकारी को निर्देशित किया।इसी तरह उन्होंने सकसेशन म्यूटेशन,एनएच,परिशोधन पोर्टल में प्राप्त आवेदनों, जमींदारी बांध से संबंधित भी समीक्षा की एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

# सुखाड़ को लेकर हुसैनाबाद में 5 सितंबर को होगा भाजपा का एक दिवसीय धरना प्रदर्शन



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र को अकाल क्षेत्र घोषित करने व तत्काल राहत कार्य चलाने को लेकर भाजपा के द्वारा एक दिवसीय धरना की जाएगी।इसको लेकर भाजपा नेताओं ने भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रबिंद्र कुमार सिंह के आवास परिसर में प्रेस वार्ता की।मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता रामप्रवेश सिंह, अशोक कुमार सिंह,रबिंद्र कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह व उरद्वार मंडल अध्यक्ष रामराज मेहता ने बताया कि भाजपा आगामी 5 सितंबर को 14 सूत्री मांगों को लेकर हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय परिसर में एक दिवसीय धरना देगी। भाजपा के उरद्वार मंडल द्वारा आयोजित धरना प्रदर्शन के माध्यम से सरकार से उक्त मांगो को पूरी करने की मांग करेगी।आयोजित कार्यक्रम में भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू,प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज कुमार सिंह,जिला अध्यक्ष विजयानंद पाठक,पूर्व सांसद सह भाजपा नेता मनोज भुइयां, मेदिनीनगर डिप्टी मेयर मंगल सिंह आदि मुख्य रूप से शिरकत करेंगे।भाजपा नेताओं ने बताया कि मांगो में मुख्य रूप से हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सभी प्रखंड को भीषण सुखाड़ की स्थिति को देखते हुए सुखाड राहत किसानों को उपलब्ध कराने, मनरेगा की योजना तत्काल प्रारंभ कराने, बिजली की व्यवस्था सुदृढ़ करने, सभी बांध जलाशयों में सोन नदी से लिफ्ट इरिगेशन के द्वारा पानी उपलब्ध कराने, ग्रामीण क्षेत्रों में पीने के पानी एवं मवेशियों की चारा व्यवस्था कराने, राशन वितरण की व्यवस्था को स समय करवाने समेत 14 सूत्री मांग शामिल है।भाजपा नेताओं ने धरना कार्यक्रम में क्षेत्र के अधिक से अधिक किसानों व ग्रामीण जनता को पहुचने की अपील की है।मौके पर भाजपा कार्यकर्ता बैजनाथ सिंह,मधुसूदन पाठक आदि मौजूद थे।

# हैदरनगर रेलवे स्टेशन पर 23 यात्रियों ने करायी कोविड जांच, एक संक्रमिते



**हैदरनगर/पलामू (आजाद सिपाही)।** हैदरनगर रेलवे स्टेशन पर विभिन्न ट्रेनों से आने जाने वाले 23 यात्रियों की शनिवार को कोविड जांच की गई है। एक यात्री संक्रमित मिला। तीन दिनों के दौरान 126 यात्रियों की जांच में तीन संक्रमित मिले हैं। सभी को जरूरी दावा व हिदायत देकर घर भेज दिया गया है। इस अभियान में शामित स्वास्थ्यकर्मी प्रमोद कुमार सिंह व सिपाही राम ने बताया कि यात्रियों के जांच के दौरान रेल प्रशसन का भी सहयोग लिया जा रहा है। संक्रमित मिला व्यक्ति दूसरे राज्य में मजदूरी करता है। वह शनिवार को ही शटल ट्रेन से हैदरनगर पहुंचे। कोरोना जांच में उन्हे संक्रमित पाया गया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में कोरोना के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने बाहर से आने वाले यात्रियों की जांच का काम तेज कर दिया है। उन्होंने कहा कि जीडीआर अप व डाउन शटल ट्रेन के गुजरने के क्रम में शनिवार को रेलयात्रियों की कोविड जांच की गई। जिसमे एक यात्री पॉजिटिव पाए गए। उन्होंने बताया कि तीन दिनों के दौरान करीब 126 यात्रियों की जांच की जा चुकी है। जिसमे तीन यात्री संक्रमित मिले हैं।

# मंदिर निर्माण के लिए समिति ने एसडीओ को सौंपा ज्ञापन

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद शहर के बगीचा परिसर में शिव मंदिर निर्माण समिति ने एसडीओ को ज्ञापन दिया है। जिसमे एमजीसीपीएल के मैनेजर द्वारा मंदिर निर्माण कराने की बात कही है।दिए गए आवेदन में कहा है कि रेलवे क्रॉसिंग के पास शिव मंदिर स्थापित था,ओवरब्रिज निर्माण के दौरान एमजीसीपीएल कंपनी के मैनेजर द्वारा दूसरे जगह मंदिर निर्माण के अनुबंध पर हटाया गया था।कंपनी द्वारा लोगो को आश्वस्त कराया गया था कि आपलोग जगह का चयन कर लीजिए कंपनी द्वारा मंदिर का निर्माण करा दिया जाएगा।इसके बाद मंदिर से जुड़े लोगों ने वार्ड -12 में मंदिर के लिए स्थल का चयन और भूमि पूजन किया गया था।लेकिन कंपनी मंदिर निर्माण से मुकर रही है।जबकि उक्त शिव मंदिर से आस्था जुड़ी थी।लोगो ने दिए आवेदन में हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी से इस दिशा में सार्थक पहल की मांग की है।आवेदन देने वालो में मुख्य रूप से उदय कुमार सोनी ,अशोक सिंह,कमलेश कुमार,अजय कुमार, प्रमोद सिंह,अंजय सिंह,अनुज कुमार चौधरी,सुनील यादव,बबलू कुमार समेत कई लोगों का नाम शामिल है।इसकी प्रतिलिपि हुसैनाबाद एसडीपीओ ,थाना प्रभारी,जिप अध्यक्ष आलोक कुमार सिंह,नगर अध्यक्ष व उपाध्यक्ष को भी दी गयी है।

# भेड़ चरवाहे को सनकी युवक ने बेरहमी से पीटा, चरवाहा गंभीर रूप से घायल



**हैदरनगर/पलामू(आजाद सिपाही)।** हैदरनगर थाना के बंशी पर गांव के खेत में भेड़ चारा रहे जयराम पाल को एक सनकी युवक ने लाठी डंडों से पिट कर घायल कर दिया। जिससे भेड़ चरवाहा गम्भीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद पतरिया ,गोलहन व सड़या गांव के ग्रामीण, हैदरनगर पूर्वी पंचायत के मुखिया संतोष कुमार सिंह, बभांडी पंचायत के मुखिया जितेंद्र सिंह, प्रखंड उपप्रमुख पप्पू कुमार पासवान, समाज सेवी लल्लू सिंह, अरविंद सिंह की मदद से भेड़ चरवाहे ने शनिवार को हैदरनगर थाना में जाकर सनकी युवक के खिलाफ प्राथमिक दर्ज कराई है।ग्रामीण व पंचायत प्रतिनिधियों ने सनकी युवक को अविलंब गिरफ्तारी की मांग की है। घटना के संबंध में बताया गया कि हैदरनगर के सड़या गांव निवासी जयराम पाल बंशी पर गांव के समीप खेत में अपनी भेड़ चरा रहे थे। इसी बीच बंशी पर गांव निवासी सद्दाम अंसारी ने जयराम पाल को गाली गलौज की। तुरंत यहाँ से भेड़ लेकर भागों। सद्दाम अंसारी ने चरवाहे का डंडा छीन कर डंडे से उसकी पिटाई कर दी। चरवाहा जन बचाकर भाग गया। दूसरी बार भेड़ लेने वह आया तो चरवाहे पर सद्दाम ने दुबारा हमला बोल दिया। लाठी से पुनः पिटाई शुरू कर दी। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। ग्रमीणों का कहना है कि सद्दाम अंसारी आए दिन ऐसी हरकत करता रहता है। भेड़ चरवाहे को भी उसने बेवजह पिता है।जबकि जिस खेत में चरवाहा भेड़ चरा रहा था वह उसका नही है। पुलिस मामले की छान बीन में जुट गई है।

# पांडू में अनुसूचित जाति के 10 परिवारों के बीच होगा राशि का वितरण

**मेदिनीनगर(आजाद सिपाही)।** पलामू उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे की अध्यक्षता में अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 संशोधित अधिनियम 2016 के द्वारा जिला स्तरीय अनुश्रवण एवं मूल्यांकन समिति की बैठक हुई।बैठक में अधिनियम के तहत मामलों की चर्चा हुई।इसमें 26 मामलों के लिए राशि भुगतान की स्वीकृति दी गयी। इसमें पांडु थाना अंतर्गत मरुमातु गांव के विस्थापित अनुसूचित जाति के 10 परिवार भी शामिल है जिसमें प्रत्येक परिवार के बीच 25 हजार रुपये का भुगतान किया जायेगा। इस तरह पांडु के कुल 10 परिवारों के बीच 2.5 लाख राशि की भुगतान की जाएगी। जिले के विभिन्न थानों में दर्ज कांड एवं पुलिस प्रशासन की अनुशंसा प्राप्त मामलों को बैठक में रखा गया था, जिसमें राशि भुगतान हेतु स्वीकृति प्रदान करते हुए पीड़ितों के बीच भुगतान करने का निर्णय लिया गया। जिन 26 मामलों में राशि भुगतान की स्वीकृति प्रदान की गयी,उसमें जाति सूचक शब्द का प्रयोग करने,मारपीट करने एवं गाली-गलौज करने आदि से संबंधित था।इससे संबंधित जिले के विभिन्न थानों में कांड दर्ज कर अनुसंधान की गयी थी।जिला कल्याण पदाधिकारी सेवाराम साहू ने बताया कि 25 पीड़ित/पीड़िताओं के बीच राशि भुगतान की स्वीकृति मिली है।निदेशानुसार स्वीकृत राशि लाभुकों के बीच शीघ्र भुगतान की जायेगी।उपायुक्त ऐ दोड्डे ने कहा कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लोगों पर अत्याचार और भेदभाव को रोकने के मकसद से अधिनियम बनाया गया। इसके लिये मामलों में एफआईआर दायर करना अनिवार्य होता है,क्योंकि न्याय/राहत की प्रक्रिया पुलिस स्टेशन में अपराध का पंजीकरण करने के साथ ही शुरू होती है।बैठक में उपायुक्त ए दोड्डे के अलावा उप विकास आयुक्त मेघा भारद्वाज,डीएसपी सुरजीत कुमार, कल्याण पदाधिकारी सेवाराम साहू,चतरा सांसद प्रतिनिधि,सिविल सर्जन,सरकारी अधिवक्ता महेश प्रसाद,श्रवण कुमार गुप्ता,अनिल कुमार पांडेय,कल्याण नाजिर गगनदेव राम,सहायक जगदीश प्रसाद व संजय,प्रधान सहायक मिथलेश शर्मा समेतअन्य उपस्थित थे।

# बच्चों के द्वारा अक्सफोर्ड स्कूल में शिक्षक दिवस समारोह आयोजित




**मेदिनीनगर(आजाद सिपाही)।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल मेदिनीनगर के प्रांगण में बच्चों द्वारा शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ एके सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के छायाचित्र पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर प्राचार्य ने विद्यालय के सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएँ दी। विद्यालय के प्राचार्य डॉ एके सिंह ने सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंन कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से हम अपने राष्ट्र का भविष्य बेहतर बना सकते है। तत्पश्चात शिक्षक दिवस के इस अवसर पर विद्यार्थियों के द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये गए। सर्वप्रथम वरिष्ठ विद्यार्थियों द्वारा शिक्षकों की भूमिका में प्रथम एवं द्वितीय कालांश तक कक्षा संचालन हुआ। तत्पश्चात प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न कक्षा के छात्र व छात्राओं के द्वारा मनोहर नृत्य, गीत, हिन्दी एवं अंग्रेजी में शैक्षणिक विषय पर भाषण दिया इस अवसर पर एक संदेश प्रस्तुत करने वाला नाटक भी प्रस्तुत किया गया। शिक्षकों के लिए कुर्सी दौड़, मिमिकरी (अनुहरण) एवं छात्र-छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अन्त में प्राचार्य एवं शिक्षकों के द्वारा केक काटकर समस्त विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम की समाप्ति की गई। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक तथा शिक्षिकाएँ उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न



**छतरपुर/पलामू(आजाद सिपाही) :** गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल कॉलेज सड़मा, छतरपुर के परिसर में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर कार्यशाला का आयोजन किया गया । कार्यशाला का उद्घाटन नीलाम्बर पीताम्बर विश्वविद्यालय, मेदिनीनगर के प्रतिकुलपति प्रो. (डॉ) दीपनारायण यादव , कॉलेज के संस्थापक सचिव सत्यदेव प्रसाद अग्रवाल एवं शासी निकाय के सदस्य सुमित्रों भटाचार्या एवं प्रभारी प्राचार्य जितेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। स्वागत भाषण प्रभारी प्राचार्य जितेंद्र कुमार ने दिया तथा कार्यक्रम का विषय परिवेश कार्यक्रम प्रभारी प्रो. मुन्नी देवी ने किया। वही कॉलेज के छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यशाला में सभी अतिथियों को अंगवस्त्र एवं गीता देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. अकलेश कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम के दौरान प्रो राजकिशोर लाल, वाणिज्य विभाग द्वारा पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के बारे में स्लाइड शो दिखा कर विधिवत जानकारी दिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रो डॉक्टर दीपनारायण यादव ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति द्वारा प्रत्येक व्यक्ति के राष्ट्र के योगदान को निश्चित किया जाना है और गुणवत्ता परक शिक्षा प्रत्येक व्यक्ति को मिले साथ ही शिक्षा के लिए मूलभूत सुविधाएं देनी होंगी और राष्ट्र स्तर पर भारतीय उच्च शिक्षा सेवा आयोग बनाने का सुझाव दिया। नई शिक्षा नीति में वोकेशनल एवं टेक्निकल शिक्षा पर जोर दिया गया है ।कॉलेज के संस्थापक सचिव श्री अग्रवाल ने संबोधित करते हुए कहा कि आने वाले समय में हमें स्किल युवाओं की आवश्यकता है। इसी के मध्य नजर रखते हुए नई शिक्षा नीति का क्रियान्वयन किया गया, जिससे रोजगार एवं नॉलेजेबल इकोनामी की स्थापना की जा सके एवं सांस्कृतिक पहचान मिल सके। मौके पर शासी निकाय सदस्य सौमित्रो भट्टाचार्य, प्रो अमित कुमार सिंह, प्रो अपराजिता प्रकाश, प्रो इंदु कुमारी, प्रो राजमोहन, प्रो अशोक कुमार अग्रवाल, प्रो सूर्योदय कुमार, योगेंद्र विश्वकर्मा, सफल कुमार, पंचम कुमार, अरविंद कुमार, संध्या कुमारी, सतेंद्र कुमार, बबलू शिव, आनंद तथा कॉलेज के काफी संख्या में छात्र छातत्राएं एवं कॉलेज कर्मी उपस्थित रहे। कार्यशाला का धन्यवाद ज्ञापन प्रो राजमोहन ने किया ।

## स्पोर्ट्स



सीरीज दिव्यांग क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ऑफ इंडिया के तत्वधान में झारखंड डिसेबल्ड क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा रांची मे आयोजित की जाएगी

# दिव्यांगजनों का तीन अंतरराष्ट्रीय टी-20 क्रिकेट मैच रांची में




**रांची (आजाद सिपाही)।** आगामी 20 से 22 सितंबर को मेकॉन स्टेडियम, रांची में भारत एवं बांग्लादेश के बीच दिव्यांगजनों का अंतरराष्ट्रीय टी-20 क्रिकेट मैच का आयोजन किया जाएगा। तीन मैचों का यह सीरीज दिव्यांग क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ऑफ इंडिया के तत्वधान में झारखंड डिसेबल्ड क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा रांची मे आयोजित की जाएगी। टी-20 सीरीज के बाद 24 सितंबर को बनारस एक दिवसीय मैच तथा 27 सितंबर से लखनऊ में टेस्ट मैच खेला जाएगा । मैच के आयोजन में सी.सी.एल, सार्थक, मेकॉन, झारखंड सरकार, पुरुश्री, मेधा, दराद इंजिकॉम, माई फ्यूचर लाइफ रांची रिवोल्ट जन मंच एवं अन्य स्थानीय संस्थाओं का सहयोग प्राप्त है। एवं इसे आयोजन में वैम्स इवेंट मैनेजमेंट में मदद कर रही है उपरोक्त जानकारी संस्था के अध्यक्ष श्री राहुल मेहता ने दिया। संस्था के संरक्षक श्री प्रणव कुमार बब्बू ने राँची में संस्था द्वारा एशिया कप सहित भारत - बांग्लादेश, भारत - श्रीलंका और भारत - नेपाल के मध्य सीरीज का सफल आयोजन किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि अवसर मिलने पर दिव्यांगजन अपने विशेषता का प्रदर्शन कर सबको आश्चर्यचकित कर देते हैं यह मैच दिव्यांगजनों के लिए समावेश का एक अवसर होगा। सचिव सरिता सिन्हा ने अनुरोध किया कि यह आयोजन दिव्यांगजनों से जुड़ी भ्रांतियों के निराकरण में सहायक होंगी अतः इसे खबरों में भी उचित स्थान मिले।

**आयोजन समिति :** संरक्षक- डॉ प्रणव कुमार बब्बू, अंतू तिर्की, पूनम आनंद, कृष्ण मोहन सिंह; अध्यक्ष- राहुल मेहता; उपाध्यक्ष श्रेया तिवारी, सचिव सरिता सिन्हा, संयुक्त सचिव डॉ.पूजा सिन्हा, प्रिया बर्मन, एवं सक्रिय सदस्य वसीम आलम, विपुल सेन गुप्ता, शेफाली छाया, आकिब आजम। मुकेश कंचन ने मैच के आयोजन हेतु आयोजन समिति की घोषणा करते हुए कहा कि मैच का निशुल्क पास वैम्स इंस्टीट्यूट, हॉट लिप्स, डिसएबल स्पोर्ट्स एवं जन उत्थान समिति, झारखंड डिसएबल क्रिकेट एसोसिएशन से प्राप्त की जा सकती है ।

**इस पूरे सीरीज में झारखंड के 6 खिलाड़ी शामिल हैं-** निशांत कुमार उपाध्याय, शौकत अली, विजय कुमार महतो, वागीश त्रिपाठी, विशाल कुमार नायक एवं मुकेश कंचन।

# एसएस चांदनी और धुधरी की टीम पहुंची सेमीफाइनल में

**रांची(आजाद सिपाही)।** शहीद एतवा उरांव स्मारक न्यास के तत्वावधान में आयोजित रांची जिला अंतर्गत मांडर प्रखंड के बुढ़ाखुखरा स्थित खेल मैदान में तीन सितंबर शनिवार को खेले जा रहे शहीद एतवा उरांव फुटबॉल टूनामेंट-2022 के तीसरे दिन के पहले मैच में जूनियर डायमंड क्लब धुधरी ने आदर्श युवा विकास क्लब महुआजाड़ी ट्राइब्रेकर में 5-4 गोल से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। वहीं एक सितंबर को एसएस चांदनी चौक की पहले ही सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है। शनिवार को खेले गए अन्य मैच में सुपर किंग लोयो ने एकतरफा मुकाबले में डोरंडा कॉलेज रांची को 4-0, खान ब्रदर्श गोरे ने अरगोड़ा फुटबॉल क्लब रांची को ट्राइब्रेकर में 3-2, दी रायल स्टॉर क्लब कानीजाड़ी ने जय सरना संघ मुरजुली को 1-0 ब्लैक पैंथर तिगरा ने सरना नव युवक संघ गुड़गुड़जाड़ी को 1-0 गोल से हराकर अगले अगले राउंड में प्रवेश किया। वहीं सुपर किंग लोयो ने रोमांचक और कड़े संघर्ष में खान ब्रदर्श गोरे को ट्राइब्रेकर में 7-6 और दी रायल स्टॉर क्लब कानीजाड़ी ने ब्लैक पैंथर तिगरा को ट्राइब्रेकर में 6-5 गोल से हराकर क्वाटर फाइनल में प्रवेश किया। शनिवार को सुपर किंग लोयो और दी रायल स्टॉर क्लब कानीजाड़ी का मैच अत्यधिक बारिश के कारण स्थगित कर दिया गया। यह पांच सितंबर को सुबह नौ बजे से होगा। जीतनेवाली टीम सेमीफाइनल में पहुंचेगी। चार सितंबर को पहला मैच माचो सिटी पुंदाग और फुटबॉल क्लब बुढ़मू के बीच खेला जाएगा। टूनामेंट के सफल संचालन में मो. साकिब, मुन्ना खान, मो. इमरान अंसारी, आयता खलखो, मुकेश खलखो, गयामुद्दीन अंसारी, मो. रशीद, हुसने कुजूर, कुलदीप केवट सहित गांव के कई गणमान्य लोग शामिल हैं।

## तालाब में डूबने से किशोर की मौत



कतरास (आजाद सिपाही)। बाघमारा थाना क्षेत्र के डुमरा हिरक रोड़ में तालाब में नहाने के दौरान डूबने से मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। उसकी पहचान सुमन पासवान (14) के रूप में हुई है। वह पांडेयडीह स्थित शिशु ज्ञान मंदिर विद्यालय में चौथी कक्षा का छात्र था। जानकारी के मुताबिक सुमन शनिवार की सुबह आठ बजे घर से पढ़ाई करने स्कूल गया था। 11 बजे स्कूल से छुट्टी होने के बाद वह अपने दोस्तों के साथ बड़ा पांडेयडीह स्थित तालाब में नहाने चला गया। जहां गहराई में चले जाने के दौरान पानी में डूब गया। एक बजे जब वह घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। इसी बीच लोगों ने तालाब में बच्चा डूबने की सूचना बाघमारा पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने बच्चे को तालाब से बाहर निकाला। वहीं स्कूल बैग, कपड़ा व जुता पड़ा था। पुलिस बच्चे को डुमरा अस्पताल ले गई जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

### सिरफिरे आशिक से आतंकित युवती ने थाना में कराया मामला दर्ज, पुलिस ने भेजा जेल

# पेट्रोल छिड़क युवती को जलाने की धमकी देने वाला सिरफिरा आशिक गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** पदुगोड़ा पंचायत स्थित राधनागर महतो टोला के महुदा थाना क्षेत्र निवासी स्व तेतरा नोनिया की 20 वर्षीय बेटी ने अपने पड़ोसी नारायण महतो के 22 वर्षीय बेटे राकेश महतो के खिलाफ छेड़खानी व धमकाने का आरोप लगाते हुए थाने में मामला दर्ज कराया। पीड़िता की शिकायत पर महुदा थाना प्रभारी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शनिवार को मामले को आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उसके खिलाफ भादवि की धारा 354, 354 (एफ), 323, 504, 506 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पीड़िता ने आरोप लगाया कि एकतरफा प्यार में पागल राकेश करीब दो महीनों से उसे परेशान कर रहा था। बार-बार प्यार कबूलने की बात कहता था। आये दिन पैदल घर जाते देख उससे छेड़खानी करता था। प्यार कबूल नहीं करने पर पेट्रोल छिड़ककर जान मारने की लगातार धमकियां भी दे रहा था। पीड़िता के मुताबिक राकेश उसके घर आकर उसके साथ मारपीट कर मोबाइल फोन व घर का सामान भी तोड़ दिया था। जिसकी शिकायत कुछ दिन पहले ही महुदा थाना में की गई थी। जहां उसे समझा बुझाकर युवक को सुधरने की हिदायत दी गई थी। बावजूद इसके वह फोन हैक कर उसकी फोटो-वीडियो लेकर अश्लील एसएस व फोटो बनाकर सोशल साइटों पर डालने की धमकी दे रहा था। उसके इस पागलपन से तंग आकर थाने में लिखित शिकायत कर सुरक्षा की गुहार लगाई हैं। वहीं, युवती के शिकायत पर थाना प्रभारी आलोक सिंह ने हर तरह की सुरक्षा का आश्वासन दिया था। वहीं एएसआई सुभाष हेंब्रम ने बताया की छेड़खानी और पेट्रोल छिड़क कर जान मारने की धमकी व अश्लील फोटो वीडियो वायरल करने की लिखित शिकायत मिली है। पीड़ित के लिखित शिकायत के आलोक में आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिय गया है।



सिरफिरे आशिक को गिरफ्तार कर ले जाती पुलिस।

## मुराईडीह कोल डंप में कोयला उठाव को लेकर आमने-सामने हुए दो गुट





आजाद सिपाही संवाददाता

**कतरास।** बीसीसीएल एरिया वन क्षेत्र के मुराईडीह कोल डंप में कोयला उठाव को लेकर सिंडीकेट व विरोधी का वर्चस्व कायम करने की होड समाप्त होने का नाम ही नहीं ले रहा है। शनिवार को दोनों पक्ष एक-दूसरे से उलझने को तैयार थे, लेकिन सिंडीकेट समर्थको की संख्या कम होने के कारण वे पीछे हय गये और लोकलसेल की महिला मजदूर को आगे कर वर्चस्व को कायम रखने की कोशिश करने में लग गए।

### क्या है मामला

सिंडीकेट विरोधी डीओ धारक कन्हाई चौहान की डीओ कोटा से कोयला उठाव के लिए शुक्रवार को तीन ट्रक मुराईडीह लोडिंग पाइंट पर पहुंची, लेकिन ट्रक लोडिंग कार्य के लिए कोई लोकलसेल मजदूर दोपहर दो बजे तक उपलब्ध नहीं हो पाए। काफी मशक्कत के बाद लोडिंग हुआ। पर शाम होने के कारण ट्रक को मुराईडीह कांटा घर के पास खड़ा कर दिया गया। शनिवार की सुबह जब सिंडीकेट समर्थक मुंशी व अन्य लोगों को इसका पता चला तो लोडिंग कार्य बाधित कर बीसीसीएल प्रबंधन, सीआईएसएफ व कांटा घर के कर्मचारियों पर दबाव बताते हुए कांटा घर बंद कर दिया। यही नहीं तीनों ट्रक को खाली कर एमटी आउट करने के लिए मांग करते हुए कन्हाई चौहान के खिलाफ प्रदर्शन करने लगे। मौके पर पहुंचे डिस्पैच अधिकारी मनु ठाकुर, ऐरीया सेल्स मैनेजर, लोडिंग बाबू और कांटा घर के कर्मचारियों की कुछ भी नहीं चली। वहीं, सिंडीकेट समर्थक डुमरा उत्तर पंचायत के मुखिया बिनोद कुमार ने कोलडंप में ही बैठक कर मुराईडीह कोलियरी प्रबंधक को लिखित आवेदन देते हुए कहा कि मुराईडीह शताब्दी कोल डंप में केवल आरओएम की कोयला लोडिंग कराया जाय, ताकि कोलडंप में लोकलसेल मजदूर को प्रतिदिन मजदूरी कर अपने घर परिवार का भरण पोषण करने के लिए रोजगार उपलब्ध हो सके।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### सड़क दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल



ललपनिया (आजाद सिपाही)। सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल महेश यादव (36) का रांची के रिम्स अस्पताल में इलाज के दौरान शनिवार को मौत हो गई। इस खबर से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। घटना विगत 31 अगस्त को गोमिया-ललपनिया मुख्य सड़क स्थित जमकडीह के समीप हुई थी। मृतक महेश गोमिया थाना क्षेत्र स्थित तुलबुल ग्राम पंचायत के बिरसा ग्राम निवासी मनु गोप का पुत्र था। समाजसेवी प्रकाश कुमार यादव व परिजनों ने बताया कि महेश 31 अगस्त को बाइक से गोमिया गया था। वहां से लौटने के क्रम में जमकडीह के समीप सड़क पर पैदल चल रही एक महिला को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर गिर गया, जिससे गंभीर चोट आई थी। उसे बेहतर उपचार के लिए रिम्स में भर्ती कराया गया था। चार दिन तक लगातार इलाज के बाद शनिवार को उसने दम तोड़ दिया। उसका शव रांची से घर आते ही पत्नी यशोदा देवी, बेटा कन्हैया यादव, बेटी निशा कुमारी व उनके माता-पिता आदि का रो-रो कर बुरा हाल है। इधर, महेश यादव की मौत की खबर मिलते ही गोमिया के पूर्व विधायक माधवलाल सिंह और पूर्व विधायक योगेन्द्र प्रसाद, मुखिया ममता देवी, होसिर पश्चिमी पंचायत मुखिया पार्वती देवी, पंसस महेश रविदास, उप मुखिया रंजीत साव, पूर्व मुखिया नंदु प्रजापति, वार्ड सदस्य गीता देवी, राजेश्वर साव, बसंती देवी, योगेश्वर रविदास, संतोषी देवी, ठोकरी देवी, विंदिया देवी, सीता देवी, समाज सेवी रंजीत कुमार, राजकुमार रविदास आदि पहुंचे व शोक जताया।

### बोकारो जिले के आत्मा कर्मियों ने काला बिल्ला लगाकर किया विरोध प्रदर्शन



बोकारो (आजाद सिपाही)। झारखंड के सभी जिलों में आत्माकर्मी चरणबद्ध तरीके से आंदोलन कर रहे हैं। बोकारो कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के संयुक्त तत्वधान में जिला कृषि कार्यालय के कृषि भवन के समक्ष काला बिला लगाकर आत्माकर्मियों ने विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही सोमवार को कलमबंद, कामबंद कर हड़ताल करते हुए कार्य का बहिष्कार करेंगें। सात सितंबर से झारखंड के सभी आत्माकर्मी सामूहिक हड़ताल पर भी रहेंगें। इस मौके पर मोती लाल रजक, तारकेश्वर महतो आदि थे।

### 2.10 करोड़ की योजना की रखी आधारशिला

करगली/बेरमो (आजाद सिपाही)। नगर परिषद फुसरो की ओर से विकास कार्यों के तहत कई वार्ड में शिलान्यास किया गया। शिलान्यास नप अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह, उपाध्यक्ष छेदी नोनिया, जेई राजेश गुप्ता और विभिन्न वार्ड के वार्ड पार्षद ने संयुक्त रूप से किया। इसके तहत वार्ड संख्या 17 सीनियर क्वार्टर से कदमाडिह तक पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास हुआ। संवेदक विभूति शर्मा द्वारा 89 लाख की लागत से 1850 मीटर तक निर्माण किया जाएगा। वार्ड संख्या 15 और 16 झब्बूं सिंह मेमोरियल कॉलेज के पास पेबर ब्लॉक कार्य का शिलान्यास किया गया। यह पेबर ब्लॉक सड़क के दोनों तरफ वार्ड 15 और 16 में किया जाएगा। यह कार्य आरके इंटरप्राइजेज के द्वारा 96 लाख की लागत से किया जाएगा। वार्ड संख्या 19 ढोरी बस्ती में सामूदायिक भवन निर्माण कार्य का शिलन्यास किया गया। जिसे आकाश मिश्रा द्वारा 13 लाख की लागत से निर्माण कराया जाएगा। वार्ड संख्या 28 बाबा आमटे नगर में पेबर ब्लॉक कार्य का शिलान्यास किया गया। यह कार्य में आकाश मिश्रा द्वारा 10 लाख की लागत से निर्माण किया जाएगा। इस मौके पर नप अध्यक्ष ने कहा कि नगर के विकास के लिए लगातार शिलान्यास किया जा रहा है। फुसरो नगर का सुंदरीकरण का कार्य चल रहा है। इसी के तहत पेबर ब्लॉक झब्बु सिंह कॉलेज से गांधी चौक तक सड़क के दोनों तरह बिछाने के लिए शिलान्यास हुआ है। इस मौके पर पार्षद रामचंद्र महतो, रश्मि सिंह, रंजीत कुमार, कविता कुमारी, आजाद नोनिया, नप कर्मी राजीव रंजन सिंह, पार्षद प्रतिनिधि चिक्कू सिंह, उमेश रवि, राजू दिगार, बिनोद महतो, मनोज महतो, शशि महतो, पुनीत महतो, श्यामलाल सिंह, भोला महतो, बैजनाथ महतो, शाम सुंदर महतो, प्रदीप महतो, अमृत मांझी, लालन रवानी, कमल प्रसाद, रोशन सिंह, राकेश कुमार सिंह, अरूण कुमार, रामचंद्र घांसी आदि थे।

### कोयला उठाव शुरू होने पर मजदूर नेताओं व कोयला लिफ्टरों ने बताया मजदूरों की जीत

लोयाबाद (आजाद सिपाही)। जलेश्वर महतो समर्थक सह लिफ्टर प्रतिनिधि राम रहीम मो असलम मंसूरी राजकुमार महतो और ग्रामीण एकता संघर्ष मोर्चा के संयोजक हरेंद्र चौहान ने शनिवार को बांसजोडा में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर संयुक्त रूप से कहा कि आज मजदूरों की जीत हुई है। वे लोग मजदूर विरोधी नहीं है। विधायक के इशारे पर ही उनके समर्थकों द्वारा कोयले की लोडिंग रोकी जा रही थी।

## बिजली विभाग की मनमानी नहीं चलेगी:डॉ लंबोदर महतो

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** गोमिया विधानसभा क्षेत्र में बिजली की समस्या को लेकर आजसू के विधायक डॉ लंबोदर महतो ने कार्यकर्ताओं के साथ चास बिजली ऑफिस कार्यालय में शनिवार को धरना दिया। उन्होंने कहा कि बिजली विभाग अपनी मनमानी कर रहा है। पूरे जिले में बिजली व्यवस्था लचर स्थिति में है। कहा कि जनता अगर बिना बिजली के सोती है तो अधिकारी भी बिना बिजली के ही सोयेंगे। जनता के गाढ़ी कमाई से सरकार समेत सभी पदाधिकारी मौज कर रहे है, जो आजसू कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। उधर, बिजली विभाग के अधिकारी ने विधायक को आश्वस्त किया दुर्गा पूजा तक छोटे-बड़े जो काम है उसे पूरा कर बिजली व्यवस्था सुचारू कर दी जाएगी। तब विधायक ने उनकी बात मान ली और धरना समाप्त कर दिया। साथ ही चेतावनी दी कि दुर्गा पूजा से पहले तक गोमिया में बिजली व्यवस्था बेहतर नहीं हुई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर जिला अध्यक्ष सचिन महतो, दुर्गा चरण महतो, अश्विनी महतो, संतोष महतो, अशोक महतो, रंजीत सिंह चौधरी, अमरदीप महराज, जिला प्रवक्ता प्रकाश शर्मा, अनिल झा, चंदन सिन्हा, मंटू गोप, भोलानाथ गोप, धनालल कपरदार, कमल किशोर कपरदार, विपिन नायक, विधायक निजी सचिव सुमित कुमार महतो, ओम कुमार, परशुराम राम महतो, जयराम महतो, बंकु बिहारी सिंह, अभय शर्मा, बिरेन्द्र कुमार, अमर पाल, अहमद अंसारी, महेश देशमुख, लखन ख्वास, अर्जुन महतो, शत्रुघ्न महतो और सुशेन रजवार आदि उपस्थित थे।



### डीवीसी संयुक्त ट्रेड यूनियन मोर्चा ने की कर्मियों की समस्याओं के समाधान की मांग

चिरकुंडा (आजाद सिपाही)। डीवीसी संयुक्त ट्रेड यूनियन मोर्चा मैथन शाखा के सदस्यों ने शनिवार को मेंबर सेक्रेटरी डॉ जान माइथी को गुलदस्ता एवं कलम देकर सम्मानित किया गया। साथ ही डीवीसी कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर वार्ता की। फेस बायोमेट्रिक हाजिरी लागू करने से पूर्व, कैंटीन, सुरक्षा की व्यवस्था, बायोमेट्रिक मशीन को दुरुस्त किए जाने, डीवीसी के पुराने आवास एवं सड़क को दुरुस्त किए जाने, आवासों में स्मार्ट मीटर लगाने से पूर्व कर्मचारी प्रतिनिधियों से वार्ता करने, डीवीसी के तमाम जगहों पर एक समान एफसीए दिए जाने आदि की मांग की गई। मौके पर नवेंदु चक्रवर्ती, निशिक्ष मुखर्जी, मदन मेहता,राजू मुखर्जी, लतिका नाथ आदि थे।

### छत्तीसगढ़ पुलिस ने की बरोरा में छापेमारी

कतरास (आजाद सिपाही)। छतीसगढ़ के सरगुजा थाना की पुलिस ने किशोरी के अपहरण के मामले में शनिवार को बरोरा थाना क्षेत्र के टुण्डू में छापामारी की। इस दौरान पुलिस ने टुंडू निवासी ताज अंसारी के नाबालिक बेटे और लापता किशोरी को बरामद कर छत्तीसगढ़ अपने साथ ले गयी। पुलिस ने बताया कि किशोरी के पिता ने तीन मई को अपनी बेटी की गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया था। जिसके बाद पुलिस ने तकनीकी सेल की मदद से बरोरा थाना क्षेत्र के टुण्डू में छापामारी कर दोनों को बरामद कर लिया। फेसबुक के माध्यम से दोनों के बीच दोस्ती हुई थी। दोनों अलग-अलग धर्म-समुदाय से है।

## रियाज हत्याकांड में पांच के खिलाफ थाने में शिकायत, एक को हिरासत में लेकर पूछताछ

आजाद सिपाही संवाददाता

**भगतडीह।** बोर्रागढ़ ओपी क्षेत्र के गोपालीचक के पास जंगल में शुक्रवार को दिनहाड़े शमशेर नगर निवासी मो रियाज की हत्या कर दी गई थी। इस मामले में मृतक के भाई मुमताज ने बोर्रागढ़ ओपी में शमशेर नगर के ही मो कासिम, हासिम सहित झरिया के सूरज वर्मा एवं सोनू उर्फ चिमा सहित पांच के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने इन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। इधर, बोरागढ पुलिस ने चिमा को नामक एक आरोपित को हिरासत में लेकर पूछताछ कर शुरू किया है। जबकि अन्य आरोपी फरार है।



बतातें चलें कि शुक्रवार को बोर्रागढ़ जंगल में मो रियाज की हत्या कर दी गई थी। उसके भाई मुमताज का आरोप है कि उक्त आरोपी ही रियाज को फोन कर बुलाए और हत्या कर दी।

### जांच को पहुंची पुलिस को सीसीटीवी मिला खराब

बोर्रागढ़ पुलिस ने शनिवार को गोपालीचक पहुंच सीसीटीवी फूटेज खंगाला, तो वह खराब मिला। पुलिस का कहना है कि कुछ दिन पूर्व ही ठनका से यहां लगा सीसीटीवी खराब हो गया है। अब पुलिस की उम्मीद कॉल डिटेल्स पर टिकी है। बोर्रागढ़ पुलिस मृतक के फोन से कॉल डिटेल्स निकाल रही है। पुलिस का मानना है कि घटना के दौरान मृतक के पास एक्टिव अन्य मोबाइल की भी पड़ताल की जाएगी। वहीं, ओपी प्रभारी सौरभ चौबे ने कहा कि काल डिटेल्स के आधार पर ही किसी को हत्यारा ठहरा देना उचित नहीं है। काल डिटेल्स के साथ अन्य बिंदु पर भी जांच की जा रही है।

### किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए तत्पर दिखी पुलिस

## वासेपुर कोल डंप में शुरू हुई कोयले की लोडिंग

आजाद सिपाही संवाददाता

लोयाबाद। जिला प्रशासन के कड़े रुख के बाद पुलिस की कड़ी सुरक्षा में शनिवार को वासदेवपुर कोल डंप में कोयले की लोडिंग शुरू हुई। शिला और कोकिला डीओ धारक की सात गाडियां लोड हुई। चल रहे गुटीय मामले को लेकर डंप और आसपास का इलाका छावनी में तब्दील था। लोयाबाद थाना प्रभारी विकास कुमार यादव, जोगता थाना प्रभारी पंकज कुमार, पुटकी प्रभारी थाना प्रभारी विकास कुमार, भागाबांध ओपी प्रभारी राजीव तुरी और केंदुआडिह और तेतुलमारी थाने के अधिकारी, जिला व स्थानीय पुलिस बल के अलावा सैट के जवानों ने मोर्चा संभाल रखा था। चारों तरफ नाकेबंदी कर दी गई थी। हालांकि इस दौरान विधायक समर्थित असंगठित मजदूरों द्वारा कड़ा विरोध भी किया गया। एकड़ा पुल और एकडा राधा कृष्ण प्रेम मंदिर के समीप मजदूर डटे रहे। महिला मजदूरों ने कई बार पुलिस का घेरा तोड़ कर डंप में जाने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक दिया। पुलिस सुबह से ही बाइक और पैदल फलैग मार्च कर रही थी। इस दौरान 20 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। दिन के करीब 11 बजे पुलिस के चाक-चौबंद व्यवस्था के बीच सात हाइवा डंप पहुंचा। पुलिस की सुरक्षा के बीच हाइवा में कोयले की लोडिंग शुरू हो गई। इधर विधायक ढुल्लु महतो समर्थित असंगठित मजदूरों का एकडा पुल व एकडा राधा कृष्ण प्रेम मंदिर के पास जुटान हुआ। कुछ महिला मजदूर हाथ में झोडा लिए थी। बारह हाइवा का एलाउटमेंट था। गाड़ी की कमी के कारण सात हाइवा ही लोड हुआ। मालूम हो कि 15 हजार टन कोयले का 42 डीओ धारकों को आवंटन हुआ है। पांच हजार टन कोयले की लिफ्टिंग का आर्थराइज जलेश्वर महतो समर्थक राम रहीम को और 3100 टन कोयले की लिफ्टिंग हरेंद्र चौहान के भाई अरुण चौहान को मिला है। पेलोडर और मैनुअल लोडिंग को लेकर जलेश्वर महतो समर्थक और विधायक ढुल्लू महतो समर्थक आमने-सामने है। विधायक समर्थित असंगठित मजदूरों के पेलोडर लोडिंग का विरोध और मैनुअल लोडिंग की मांग के कारण पांच दिनों से कोयले का उठाव नहीं हो पा रहा था। अनुमंडलाधिकारी द्वारा शुक्रवार की शाम को 144 धारा के तहत निषेधाज्ञा लगा दिए जाने के बाद पुलिस हरकत में आई।




**कार्यालय:जिला परिवहन पदाधिकारी,हजारीबाग**
**जिला स्कुल के नजदीक, झील रोड,**
**हजारीबाग। पिन-825301**
**E-mail: dtohazaribag@gmail.com**

**आम सूचना**

बनाम
1. श्री नीरज कुमार जैन,
पिता– धर्मचन्द जैन,
पता– काजी मुहल्ला, थाना–सदर, हजारीबाग।
2. मो0 असादुल्ला
पिता– मो0 मासूक अली,
पता– मूर्तिया, हजारीबाग।

बजरिये आम सूचना सूचित किया जाता है कि माननीय उच्च न्यायालय झारखण्ड, राँची में दायर CrMP No.- 390 / 2016 में दायर IA संख्या– 6106 / 2022 में प्रति–शपथ पत्र दायर किया जाना है।

उपरोक्त मामला वाहन संख्या– BEM-6258 के हस्तांतरण से संबंधित है। कार्यालय में उपलब्ध पंजी एवं कम्प्यूटर में दर्ज डाटा में अंतर आने के कारण वाहन हस्तांतरण करने की तिथि निर्धारण करने में कठिनाई आ रही है।

अतः निदेश दिया जाता है कि विक्रेता नीरज कुमार जैन एवं क्रेता मो0 असादुल्ला दिनांक– 09.09.2022 को समय 11:30 बजे पूर्वाहन में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय प्रकोष्ट में उपस्थित होकर सभी संबंधित दस्तावेजों के साथ अपना–अपना पक्ष रखना सुनिश्चित करें।

इस सख्त ताकिद जानें।

जिला परिवहन पदाधिकारी,
हजारीबाग, झारखण्ड
PR 277051 Transport(22-23).D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, राँची।
अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट सूचना
(द्वितीय निविदा)
(प्रथम निविदा का PR No.-270860Road(22-23):(D)
टेन्डर रेफरेन्स नं0–प0नि0वि0 / राँची–11 / 2022–23 दिनांक :– 02.09.2022

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | नामकोम–डोरंडा पथ (एम.डी. आर–002) (नेपाल हाउस पहुँच पथ सहित) (कुल लम्बाई– 6.40 कि0मी0) का राईडिंग क्वालिटी में सुधार (Improvement of Riding Quality) कार्य वर्ष 2022–23. |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रू0 लाख में) | रू0 1243.75 लाख (रूपये बारह करोड़ तैतालीस लाख एवं पचहत्तर हजार) मात्र। |
| 3. | अग्रधन की राशि (रू0 लाख में) | रू0 12.44 लाख (रूपये बारह लाख चौवालीस हजार) मात्र। |
| 4. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 04 (चार) माह |
| 5. | वेबसाईड पर निविदा प्रकाषन की तिथि | 09.09.2022 10.30 बजे पूर्वाह्न |
| 6. | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि / समय | 20.09.2022 12.00 बजे दोपहर तक |
| 7. | निविदा खोलने तिथि / समय | 21.09.2022 12.30 बजे |
| 8. | निविदा प्रकाषित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल राँची, मोहराबादी, राँची–834008. |
| 9. | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 0651–2361018 |
| 10 | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 0651–2401010 |

- प्राक्कलित राशि एवं अग्रधन की राशि घट–बढ़ सकती है, जिसे *Tender Online Upload* में देखा जा सकता है, एवं अन्य किसी भी प्रकार का बदलाव http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
- पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड सरकार में निबंधित संवेदकों के लिए *UCAN* निबंधन आवश्यक है।
- नियम एवं शर्तें के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखें।

कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमंडल,राँची।
PR 276999 Road Construction Dept
Road Division Ranchi(22-23)D

# पीएम नरेंद्र मोदी 8 को सेंट्रल विस्टा एवेन्यू का करेंगे उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी सेंट्रल विस्टा एवेन्यू आम जनता के लिए अगले सप्ताह से जनता के लिए खुल सकता है। विजय चौक से इंडिया गेट तक पुनर्विकसित इस सेंट्रल विस्टा एवेन्यू का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 8 सितंबर को करेंगे। हालांकि, इसका अभी आधिकारिक ऐलान नहीं किया गया है। सेंट्रल विस्टा एवेन्यू को शहर का सबसे लोकप्रिय सार्वजनिक स्थान माना जा रहा है। इस एवेन्यू में पैदल चलने वाले रास्ते पर लाल ग्रेनाइट का इस्तेमाल किया गया है, जिसके चारों ओर हरियाली है और इसका क्षेत्रफल 1.1 लाख वर्ग मीटर है।

राजपथ पर 4,087 पेड़, 114 आधुनिक संकेतक और कई बगीचे हैं। यहां 900 से अधिक प्रकाश स्तंभ हैं। प्रकाश स्तंभ का उद्देश्य सेंट्रल विस्टा को चौबीसों घंटे पैदल चलने वालों के लिए अधिक अनुकूल बनाना है। 8 सुविधा खंड बनाये गये हैं। देश की सत्ता का गलियारा कहे जाने वाले सेंट्रल विस्टा पुनर्विकास परियोजना के तहत एक नये त्रिकोणीय संसद भवन, एक साझा केंद्रीय सचिवालय, 3 किमी लंबे राजपथ का पुनर्विकास, प्रधानमंत्री के नये निवास और कार्यालय और उपराष्ट्रपति के लिए नये एन्क्लेव बनाये जा रहे हैं।

# केएसओएम के 13वें राष्ट्रीय विपणन सम्मेलन का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** किट स्कूल ऑफ मैनेजमेंट (केएसओएम) ने 3 सितंबर 2022 को अपने 13वें नेशनल मार्केटिंग एनालिटिक्स कॉन्क्लेव का आयोजन किया। थीम आगामी विपणक को अतीत से सबक के बारे में बताना और उन परिस्थितियों में समायोजित करना था, जो तेजी से नये मानदंड बन रहे हैं। नये नियम का पता लगाने और नये व्यापार मॉडल विकसित करने और अपने व्यापार मॉडल को नवप्रवर्तन और धुरी के महत्व को उजागर करने की आवश्यकता है।

प्रो सस्मिता सामंत कुलपति किट डीयू ने सभा को संबोधित किया और नये सामान्य में नए व्यापार मॉडल विषय पर एक अंतर्दृष्टिपूर्ण भाषण दिया। उसने कहा कि व्यवसायों को ग्राहकों की मांगों को पूरा करने और ग्राहकों की वफादारी में सुधार करने के लिए कुशलता से कस्टमर का डिमांड को पूरा करना चाहिए। अपने मुख्य भाषण में वी-मार्ट के संस्थापक और एमडी ललित अग्रवाल ने नये नारमाल में सफल होने के लिए ग्राहक केंद्रित दृष्टिकोण की संस्कृति को विकसित करने के विचार के बारे में जोर दिया। उन्होंने सभी हितधारकों के लिए मूल्य/ लाभ पैदा करने के लिए कारोबारी माहौल को एकीकृत करने के महत्व के बारे में बात की। श्री अग्रवाल ने कहा कि परिवर्तन अपरिहार्य है और उपभोक्ताओं के करीब और प्रासंगिक बने रहने के लिए कंपनियों की अपनी विशिष्ट रणनीति होनी चाहिए। डॉ सरोज महापात्र निदेशक केएसओएम और कॉन्क्लेव चेयर ने स्वागत भाषण दिया। डॉ महापात्र ने छात्रों को व्यवसायों के लिए आने वाले कठिन समय के बारे में संबोधित किया और कहा कि कैसे प्रौद्योगिकी की मदद से 'गुणवत्ता, समय और सही चीजें करना' हमें आगे की चुनौतियों से पार पाने में मदद कर सकता है।

# गुजरात में 'लव जिहाद' के खिलाफ विराट प्रदर्शन

## डीसा में हिंदू संगठनों की रैली में लाठीचार्ज से तनाव, भारी पुलिस बल तैनात

आजाद सिपाही संवाददाता



**बनासकांठा।** गुजरात में बनासकांठा जिले के डीसा शहर में शनिवार को 11 हिंदू संगठनों ने लव जिहाद के खिलाफ रैली निकाली। इसमें 15 हजार से अधिक लोग शामिल हुए। जैसे ही रैली हीरा बाजार पहुंची तो भीड़ बेकाबू हो गई। उसे कंट्रोल करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। इसमें कुछ लोगों को चोटें आई हैं। इलाके में तनाव को देखते हुए शहर में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

**लड़की का धर्म बदलवाया, पिता ने जहर खाया :** हिंदू संगठनों का आरोप है कि बीते दिनों डीसा तहसील के मालगढ़ गांव में लव जिहाद के कारण ही एक लड़की के पिता ने जहर खाकर जान देने की कोशिश की। लड़की के चाचा ने बताया कि उनकी भतीजी को पड़ोस में रहने वाले एजाज ने प्रेमजाल में फंसाया और घर से भगाकर ले गया। उसका धर्म भी बदलवा दिया। लड़की की मां बेटी को तलाशते हुए वहां पहुंची तो उसे भी कैद कर लिया। इसके बाद एजाज के परिवार वालों ने मां-बेटी की रिहाई के बदले 25 लाख रुपए की मांग की। इससे परेशान होकर लड़की के पिता ने जहर खा लिया। उनका एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। हिंदू संगठनों की मांग है कि पुलिस लव जिहाद के मामलों में सख्त कार्रवाई करे।

**4 सदस्यों के खिलाफ मामला दर्ज, दो अरेस्ट :** पुलिस ने इस मामले में आरोपी लड़के सहित दो लोगों को अरेस्ट कर लिया है। पुलिस ने एजाज और उसके परिवार के 4 सदस्यों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने इस परिवार के खिलाफ आपराधिक धमकी, जबरन वसूली और आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया है।

# बदायूं की मस्जिद पर ज्ञानवापी जैसा दावा

## हिंदू पक्ष ने कहा- महादेव का मंदिर तोड़ कर मस्जिद बनायी, कोर्ट ने याचिका स्वीकार की

**बदायूं (आजाद सिपाही)।** उत्तर प्रदेश में वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद के बाद बदायूं की जामा मस्जिद में नीलकंठ महादेव मंदिर होने का दावा किया गया है। अखिल भारतीय हिंदू महासभा ने शुक्रवार को बदायूं सिविल कोर्ट में इसे लेकर याचिका दाखिल की है। कोर्ट ने याचिका सुनवाई के लिए स्वीकार भी कर ली है। इस पर सुनवाई 15 सिंतबर को होगी। कोर्ट ने जामा मस्जिद इंतजामिया समिति, सुन्नी वक्फ बोर्ड, पुरातत्व विभाग, केंद्र सरकार, यूपी सरकार, बदायूं जिला मजिस्ट्रेट और प्रमुख सचिव को जवाब दाखिल करने के लिए कहा है। याचिकाकर्ता और अखिल भारतीय हिंदू महासभा के प्रदेश संयोजक मुकेश पटेल से दैनिक भास्कर से बात की। उन्होंमें दावा किया, बदायूं की जामा मस्जिद परिसर हिंदू राजा महीपाल का किला था। मस्जिद की मौजूदा संरचना नीलकंठ महादेव के प्राचीन मंदिर को ध्वस्त करके बनायी गयी है। साल 1175 में पाल वंशीय राजपूत राजा अजयपाल ने इस मंदिर का जीर्णोद्धार कराया था। मुगल शासक शमसुद्दीन अल्तमश ने इसे ध्वस्त करके जामिया मस्जिद बना दिया। यहां पहले नीलकंठ महादेव का मंदिर था।

# सोनाली के पीए सुधीर का कबूलनामा मैंने ही उसे मारा और साजिश रची थी

**हिसार (आजाद सिपाही)।** सोनाली फोगाट हत्याकांड के मुख्य आरोपी सुधीर सांगवान ने रिमांड के दौरान अपना जुर्म कबूल कर लिया है। आरोपी ने हत्या की साजिश रचने की बात भी कबूल ली है। गोवा पुलिस के एक सूत्र ने ये जानकारी दी है। हालांकि, गोवा के डीजीपी जसपाल सिंह ने इस बात से इनकार किया है। उनका कहना है कि ऐसी जानकारी होगी तो मीडिया को बता दिया जायेगा। पुलिस सूत्र के मुताबिक, सुधीर साजिश के तहत सोनाली को गुरुग्राम से गोवा लाया था। गोवा में शूटिंग की कोई योजना नहीं थी। सोनाली की हत्या की साजिश बहुत पहले ही रच ली गयी थी। गोवा पुलिस ने इस हत्याकांड में कुछ पुख्ता सबूत जुटाये हैं, जो सुधीर सांगवान को दोषी ठहराने के लिए पर्याप्त हैं। वहीं गोवा के उट प्रमोद सावंत ने जल्द से जल्द चार्जशीट दायर करने के निर्देश दिये हैं। बता दें कि 23 अगस्त को गोवा के कर्लीज रेस्टोरेंट में हुए हत्याकांड की जांच गोवा के अंजुना थाना की पुलिस कर रही है।

# सोआ में एनसीएफ पर पूर्वी क्षेत्र परामर्श का आयोजन




आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा पर एक दिवसीय पूर्वी क्षेत्र परामर्श शनिवार को यहां सोआ में आयोजित किया गया था जिसमें राज्य के प्रतिष्ठित शिक्षाविदों और नागरिक समाज समूहों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया था। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय पाठ्यक्रम ढांचे में नागरिक समाज के बुनियादी और मूल्य ज्ञान और अनुभवों को एकीकृत करना था। परामर्श का आयोजन क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान (आरआइइ) भुवनेश्वर एनसीईआरटी नयी दिल्ली और सोआ द्वारा दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय गया के सहयोग से किया गया था। एनसीइआरटी राष्ट्रीय पाठ्यक्रम ढांचे को तैयार करने के लिए एक बॉटम-अप दृष्टिकोण का अनुसरण कर रहा है ताकि सभी हितधारकों द्वारा प्रदान किये गये इनपुट को राष्ट्रीय सहमति की सुविधा के लिए दस्तावेज में शामिल किया जा सके।

उद्घाटन सत्र को प्रो पीसी अग्रवाल प्राचार्य आरआइइ भुवनेश्वर, जबकि प्रो कामेश्वर नाथ सिंह कुलपति सीयूएसबी ने कार्यशाला के उद्देश्यों के बारे में बताया। सोआ के कुलपति प्रो (डॉ) अशोक कुमार महापात्र ने भी कार्यशाला को संबोधित किया, साथ ही सोआ के प्रोफेसर डॉ बसंत कुमार पति और एनसीइआरटी के प्रोफेसर डॉ लक्ष्मीधर बेहरा कार्यक्रम का संचालन किये।

पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबंधक (अभियंत्रण)/पूर्व मध्य रेल/धनबाद द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.सं. : 1, ई-निविदा सं. : 137-DHN-2022-23, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : व.मं.अभि./2/ धनबाद, पू. म. रेल के क्षेत्राधिकार के अधीन टी.आर.आर.(पी) – 2.314 कि.मी. और टी.एस.आर.(पी)– 8.00 कि.मी. पी.क्यू.आर.एस. के द्वारा एवं 18.33 कि.मी. ट्रैक रिलेयिंग ट्रेन के द्वारा तथा अन्य विभिन्न कार्य। 12 (बारह) महीना, कार्य की लगभग लागत (रू. में): 2,68,97,897.85

क्र.सं. : 2, ई-निविदा सं. : 138-DHN-2022-23, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : कोडरमा–अरिगडा सेक्शन में आरओबी पर जलनिकास प्रणाली एवं रोड सतह का सुधार। 12 (बारह) महीना, कार्य की लगभग लागत (रू. में) : 85,60,067.52

क्र.सं. : 3, ई-निविदा सं. : 139-DHN-2022-23, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : व.मं. अभि. (भू-संपदा)/धनबाद के क्षेत्राधिकार में स्टेशनों पर दिव्यांगजन के लिए सुविधाओं का प्रावधान। 12 (बारह) महीना, कार्य की लगभग लागत (रू. में) : 1,06,66,723.52

क्र.सं. : 4, ई-निविदा सं. : 140-DHN-2022-23, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : सहा. अभियंता (1)/पू. म. रेल/धनबाद के अधीन धनबाद सब-डिविजन की जोन सं. 08 में हार्टीकल्चर कार्य के लिए जोनल संविदा। (30.06.2023), कार्य की लगभग लागत (रू. में): 5,56,425.00

क्र.सं. : 5, ई-निविदा सं. : 141-DHN-2022-23, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : व.अनु.अभि. (कार्य)/1/धनबाद के अधीन बेकारबांध कॉलोनी धनबाद में क्षतिग्रस्त आरआरसी ओवर हेड टैंक का मरम्मत। 06 (छः) महीना, कार्य की लगभग लागत (रू. में): 9,72,197.73

क्र.सं. : 6, ई-निविदा सं. : 142-DHN-2022-23, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : व. मं. अभि. /2/धनबाद के अधीन धनबाद मंडल के लिए रेलवे के मापदंड के अनुसार 50 एमएम आकार के 1,00,000 घन मीटर मशीन क्रश्ड ट्रैक स्टोन ब्लास्ट की आपूर्ति तथा उसे किसी भी प्रकार के रेलवे वैगन में एफ.ओ.आर. पाकुड़ में लोडिंग। 10 (दस) महीना, कार्य की लगभग लागत (रू. में): 14,12,51,000.00

ब्याने की राशि (रू. में) : ब्याने की राशि http://www.ireps.gov.in पोर्टल पर दिखाये राशि के अनुसार लागू। निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख तथा समय : ई-निविदा बंद होने की तारीख 26.09.2022 को 17:00 बजे तक। ई-निविदा खुलने की तारीख 27.09.2022 को 12:00 बजे से। वेबसाइट का विवरण : http://www.ireps.gov.in ई-निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी।

मंडल रेल प्रबंधक (अभियंता)
पूर्व मध्य रेल/धनबाद
पीआर/00969/डीएचएन/इंजी०/टी/22-23/72

# मनी लॉन्ड्रिंग केस में नोरा से चौथी बार पूछताछ

# दिल्ली पुलिस ने 6 घंटे में 50 सवाल पूछे

आजाद सिपाही संवाददाता

**मुंबई।** ठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े 200 करोड़ के मनी लॉन्ड्रिंग केस में एक्ट्रेस नोरा फतेही से दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार को पहली बार पूछताछ की। उनसे 6 घंटे में करीब 50 सवाल किये गये। पूरी पूछताछ में नोरा ने सहयोग किया। इस केस में इडी एक्ट्रेस से 3 बार पूछताछ कर चुकी है। नोरा ने कहा कि मैं सुकेश की पत्नी से नेल आर्ट फंक्शन में मिली थी। यहीं उन्होंने मुझे एक बीएमडब्ल्यू कार गिफ्ट की थी। मैं दोनों की क्रिमिनल हिस्ट्री के बारे में नहीं जानती थी। इसके साथ ही नोरा ने कहा कि मेरा जैकलीन के साथ कोई कनेक्शन नहीं है।' उधर, दिल्ली पुलिस ने जैकलीन को 12 सितंबर को पूछताछ के लिए बुलाया है। दरअसल, इस मामले में दिल्ली पुलिस और इडी जांच कर रही हैं।

## जैकलीन से 12 सितंबर को होगी पूछताछ

दिल्ली पुलिस नोरा के बाद जैकलीन से 12 सितंबर को पूछताछ करेगी। वहीं, इडी ने 26 सितंबर को पूछताछ के लिए बुलाया है। दरअसल, इस मामले में बुधवार को दिल्ली की पटियाला कोर्ट में सुनवाई हुई थी। कोर्ट ने दोनों जांच एजेंसियों को जैकलीन से पूछताछ के आदेश दिये थे।

दिल्ली पुलिस के अधिकारी रविंद्र यादव ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि नोरा ने कुछ ही सवाल के जवाब दिये हैं। हम आगे भी नोरा को सवाल-जवाब के लिए बुला सकते हैं। इस मामले में अभी भी जांच जारी है और हम केस से जुड़े सभीं लिंक्स का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं।

सुकेश की पत्नी लीना पॉल के चेन्नई में हुए एक इवेंट को अटैंड करने के बदले में नोरा फतेही को एक बीएमडब्ल्यू कार और एक आइफोन गिफ्ट के तौर पर दिया गया था। नोरा का मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट 2002 सेक्शन 50(2) और 50(3) के तहत नोरा का स्टेटमेंट रिकॉर्ड किया गया था। इसमें उन्होंने खुद पर लगे आरोपों को गलत बताया था।

**200 करोड़ की ठगी का पूरा मामला :** सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े केस में सबसे पहले दिल्ली पुलिस में एफआइआर दर्ज हुई थी। उस एफआइआर पर दिल्ली इओडब्ल्यू ने अगस्त में जांच शुरू की। इस मामले में इडी ने भी मनी लॉन्ड्रिंग की जांच शुरू कर दी थी। सुकेश पर आरोप है कि उसने रैनबैक्सी के पूर्व प्रमोटर शिविंदर सिंह और मालविंदर सिंह को जेल से बाहर निकलवाने का झांसा देकर उनकी पत्नियों से 200 करोड़ से अधिक की ठगी की।

study MBBS in ABROAD
RUSSIA GEORGIA POLAND EGYPT
KAZHAKASTAN UZBEKISTAN
Get Direct Admission in Top Government Medical Universities of ABROAD.
Call Now !
UNIVERSITY FLY
+91-7903149721
www.universityfly.com

Go global with
RANCHI
INIFD
The Cradle of Designers
26 Yrs. Legacy
JOB PLACEMENT 100% ASSISTANCE
Fashion Design
Interior Design
Inter National Institute of Fashion Design
Kataruka House, Beside Hotel Sartaj, Main Road, Ranchi-1 (Jharkhand)
P : 0651-2999991 M : 9934611000 E : inifd.ranchi01@gmail.com W: www.inifd.in

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि०
रॉंची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–
Based on JCERT
Class - VIII
* Class VIII Today (Combined) ₹ 250
* Class VIII Today (English Medium) ₹ 280
* Mathematics Practical ₹ 60
* Science Practical ₹ 60
* S. Science Practical ₹ 60
* Hindi Vyakaran– I ₹ 60
* English Grammar– I ₹ 60
* Sanskrit Vyakaran– I ₹ 50
Classes VI & VII
* Class VII Today (Combined) ₹ 240
* Class VI Today (Combined) ₹ 240
* Hindi Vyakaran– I ₹ 60
* English Grammar– I ₹ 60
* Sanskrit Vyakaran– I ₹ 50
मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

अविराम ए ग्रुप ऑफ इंस्टीट्युशंस
(मान्यता एवं संबद्धता रांची वि.वि., जैक, एनपीयू, पी.सी.आई., JSPC, JNRC एवं विहित NCTE भुवनेश्वर उड़ीसा)
टिको, कुडू, लोहरदगा एवं हुटाप, चंदवा, लातेहार (झारखंड)
इंटर एवं स्नातक पास बालक/बालिकाएं शीघ्र प्रवेश लें एवं B.ed के अतिरिक्त अन्य में सीधे प्रवेश हेतु आवेदन करें
झारखंड स्टेट एवं रांची विश्वविद्यालय में टॉपर देने वाले संस्थान में प्रवेश का सुनहरा अवसर
ए.एन.एम A.N.M | डी.फार्मेसी D.Pharmacy | बी.एड. B.Ed. | बी.एस.सी. नर्सिंग B.Sc Nursing | डी.एल.एड D.El.Ed
FACILITIES : SCHOLARSHIP ◆ BUS & HOSTEL FACILITY ◆ CAMPUS PLACEMENT ◆ WELL EQUIPPED LAB ◆ ONLINE ADMISSION PAYMENT & ONLINE CLASS FACILITY
URGENT REQUIREMENT
◆ B. Sc Nursing/ M.Sc Nursing Pass
◆ D. Pharma/ B. Pharmacy Pass
◆ B.Ed & M.Ed in (Science/Literature Social Science)
Send resume within 3 days in 7782054270
Coming Soon Paramedical Courses
◆ Diploma in Operation Theater
◆ DMLT ◆ Dresser
संपर्क कीजिए : 7782054270, 8987470640 | www.aviramcollege.com, www.aviramcollegeofnursing.com bedcollege2011@gmail.com/aviram.gv@gmail.com

जय माता दी
ज्योतिष ग्रहरत्न केन्द्र
ज्योतिष शास्त्र • वास्तु शास्त्र • हस्त रेखा शास्त्र • अंक शास्त्र
पं शशि कांत मिश्रा
पता :- लाईन टैंक रोड, गोपाल गंज गली, ऑपोजिट भुतपुर्व बारगेन बाजार, रांची
फोन :- 9334718296, 9835195382, 9431792761

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**